

# तरुण छत्तीसगढ़

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

■ रायपुर,शुक्रवार 11 अप्रैल 2025 ■ चैत्र शुक्ल पक्ष-14 ■ वर्ष- 41 ■ अंक-013 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 12 अप्रैल 2025 ■ मूल्य 1.00 रु.



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


# राजधानी में बनेगा सेमीकंडक्टर चिप

## मुख्यमंत्री ने रखी आधारशिला, कहा- यह निवेश नौकरियों का सृजन करेगा

**रायपुर,11 अप्रैल ■ तरुण छत्तीसगढ़**

चेन्नई में मुख्यालय वाली भारत की पहली सेमीकंडक्टर कंपनी पॉलीमेटेक इलेक्ट्रॉनिक्स ने भारत में अपनी दूसरी सेमीकंडक्टर विनिर्माण इकाई के लिए भूमि पूजन और शिलान्यास समारोह के साथ एक ऐतिहासिक मील का पत्थर चिह्नित किया। नवा रायपुर में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय इकाई के निर्माण की आधारशिला रखी। भूमिपूजन कार्यक्रम में वाणिज्य और उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन और आवास और पर्यावरण मंत्री ओपी चौधरी भी विशेष अतिथि थे। इस समारोह में पॉलीमेटेक इलेक्ट्रॉनिक्स के प्रबंध निदेशक और सीईओ ईश्वर राव नंदम और उनकी टीम ने भाग लिया।

समारोह में बोलते हुए, मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने कहा, छत्तीसगढ़ भविष्य के लिए तैयार उद्योगों को अपनाने के लिए तैयार है, और पॉलीमेटेक की सेमीकंडक्टर सुविधा एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।हमारी तत्परता का प्रमाण है। मजबूत बुनियादी ढांचे, कुशल जनशक्ति और सक्रिय नीति समर्थन के साथ, हम एक ऐसा माहौल बना रहे हैं जहाँ उन्नत विनिर्माण फल-फूल रहा है। यह निवेश नौकरियों का सृजन करेगा और क्षेत्र में इलेक्ट्रॉनिक्स पारिस्थितिकी तंत्र के विकास को उत्प्रेरित करेगा।

ज्ञात रहे विगत दिनों, नई दिल्ली में छत्तीसगढ़ इन्वेस्टर कनेक्ट 2024 में पहली बार घोषित किए गए 1,143 करोड़ के इस निवेश को छत्तीसगढ़ सरकार की पूंजी सब्सिडी द्वारा समर्थित किया गया है। यह पहल एक मजबूत सार्वजनिक-निजी भागीदारी को रेखांकित करती है जिसका



उद्देश्य छत्तीसगढ़ को भारत के सेमीकंडक्टर विनिर्माण पारिस्थितिकी तंत्र में एक प्रमुख केंद्र के रूप में स्थापित करना है।

300,000 वर्ग फीट में फैली यह आगामी सुविधा पॉलीमेटेक के उत्पाद पोर्टफोलियो का विस्तार करेगी, जो 5% और 6% बेस स्टेशनों के लिए उच्च-प्रदर्शन घटकों में विशेषज्ञता रखती है। कंपनी की स्वामित्व वाली गैलियम नाइट्राइड (GaN) तकनीक का लाभ उठाते हुए - जो उच्च-आवृत्ति, उच्च-शक्ति अनुप्रयोगों में अपनी दक्षता के लिए जानी जाती है - प्लांट में डोहर्टी डिज़ाइन पर आधारित 6% बेस स्टेशन आर्किटेक्चर होगा, जो बेहतर सिग्नल गुणवत्ता और कम ऊर्जा खपत प्रदान करेगा।

भारत वैश्विक सेमीकंडक्टर पावरहाउस बनने की ओर तेज़ी से बढ़ रहा है, जिसकी मांग 2026 तक 64 बिलियन डॉलर और 2030 तक 110 बिलियन डॉलर (वैश्विक खपत का लगभग 10%) तक पहुँचने का अनुमान है, यह सुविधा देश की आत्मनिर्भर भारत और मेक इन इंडिया पहल के साथ संरेखित है। यह घरेलू विनिर्माण क्षमताओं को मजबूत करते हुए आयात निर्भरता को कम करेगा।

पॉलीमेटेक इलेक्ट्रॉनिक्स के प्रबंध निदेशक और सीईओ श्री ईश्वर राव नंदम ने कहा, यह सुविधा हमारे उत्पाद स्पेक्ट्रम को व्यापक बनाती है, जिससे हम भारत और वैश्विक स्तर पर अगली पीढ़ी के दूरसंचार और औद्योगिक सेमीकंडक्टर घटकों की बढ़ती मांग को पूरा करने में सक्षम होते हैं।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन ने कहा, ÷सेमीकंडक्टर क्षेत्र भारत के आर्थिक परिवर्तन के केंद्र में है, और हमें गर्व है कि छत्तीसगढ़ इस यात्रा में एक रणनीतिक नोड बन रहा है। आवास एवं पर्यावरण मंत्री ओपी चौधरी ने कहा, ÷रायपुर में पॉलीमेटेक की सेमीकंडक्टर सुविधा की स्थापना हमारे राज्य और राष्ट्र के लिए एक महत्वपूर्ण क्षण है।

# काशी मेरी और मैं काशी का हूं': मोदी

वाराणसी।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी पहुंचे हैं. ये उनका 50वां दौरा है. प्रधानमंत्री रहते हुए किसी सांसद का अपने क्षेत्र में 50वीं बार आना अपने आप में एक रिकॉर्ड है. पीएम मोदी ने 3,880 करोड़ रुपये की लागत वाली 44 विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया. इस मौके पर नरेंद्र मोदी ने कहा, ÷काशी मेरी है और मैं काशी का हूं.÷ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जनता को संबोधित करते हुए कहा कि पिछले दस वर्षों में बनारस के विकास ने एक नई गति पकड़ी है. काशी ने आधुनिक समय को साधा है. विरासत को संजोया है और भविष्य को उज्ज्वल बनाने की दिशा में मजबूत कदम रखे हैं. आज काशी सिर्फ पुरातन नहीं, प्रगतिशील भी है. काशी अब पूर्वांचल के आर्थिक नक्शे के केंद्र में है. नरेंद्र मोदी ने आगे कहा, कुछ देर पहले काशी और पूर्वांचल के अनेक हिस्सों में जुड़ी ढेर सारी परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास हुआ है. कनेक्टिविटी को मजबूती देने वाले अनेक प्रोजेक्ट गांव-गांव घर-घर तक, नल से जल अभियान, शिक्षा, स्वास्थ्य और खेल सुविधाओं का विस्तार हर क्षेत्र, परिवार और युवा को बेहतर सुविधाएं देने का संकल्प ये सारी योजनाएं पूर्वांचल को शिक्षित पूर्वांचल बनाने की दिशा में मील का पत्थर बनने वाली हैं. काशी के हर निवासी को इन योजनाओं से खूब लाभ मिलेगा। उन्होंने आगे कहा कि आज सामाजिक चेतना के प्रतीक महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती भी है. महात्मा ज्योतिबा फुले और सावित्रीबाई फुले जी ने जीवन भर नारीशक्ति के हित, उनके आत्मविश्वास और समाज कल्याण के लिए काम किया. आज हम उनके विचारों को, उनके संकल्पों को, नारी सशक्तिकरण के उनके आंदोलन को आगे बढ़ा रहे हैं, नई उर्जा दे रहे हैं.' महात्मा ज्योतिबा फुले के बारे में बात करते हुए नरेंद्र मोदी ने कहा, उनके जैसे त्यागी, तपस्वी, महापुरुषों की प्रेरणा से ही देशसेवा का हमारा मंत्र रहा है, सबका साथ-सबका विकास. हम देश के लिए उस विचार को लेकर चलते हैं, जिसका समर्पित भाव है, सबका साथ-सबका विकास. जो लोग सत्ता हथियाने के लिए दिन रात-खेल खेलते रहते हैं, उनका सिद्धांत है, परिवार का साथ-परिवार का विकास. पीएम मोदी ने कहा, आज भारत, दुनिया का सबसे बड़ा दूध उत्पादक देश है. 10 साल में, दूध के उत्पादन में करीब 65 फीसदी बढ़ोतरी हुई है. ये सफलता देश के करोड़ों किसानों की है, देश के पशुपालक भाइयों की है. ये सफलता एक दिन में नहीं मिली है, बीते 10 वर्षों से हम देश के पूरे डेयरी सेक्टर को मिशन मोड से आगे बढ़ा रहे हैं. उन्होंने आगे कहा कि हमने पशुपालकों को किसान क्रेडिट कार्ड की सुविधा दी है, उनके लिए लोन की सीमा बढ़ाई है, सब्सिडी की व्यवस्था की है और खुरपका और मुंहपका से पशुधन को बचाने के लिए मुफ्त वैक्सीन प्रोग्राम चलाया जा रहा है. नरेंद्र मोदी ने कहा, 10-11 साल पहले, पूरे पूर्वांचल में इलाज को लेकर जो परेशानियां थीं, वो भी हम जानते हैं. आज स्थितियां अलग हैं, मेरी काशी अब आरोग्य की राजधानी भी बन रही है. दिल्ली-मुंबई के बड़े-बड़े अस्पताल आज आपके घर के पास आ गए हैं. यही तो विकास है, जहां सुविधाएं लोगों के पास आती हैं. प्रधानमंत्री मोदी द्वारा उद्घाटन की जाने वाली परियोजनाओं का एक अहम हिस्सा ग्रामीण विकास पर केंद्रित हैं. इनमें 130 पेयजल योजनाएं, 100 नए आंगनवाड़ी केंद्र, 356 पुस्तकालय, पिंडरा में एक पॉलिटेक्निक कॉलेज और एक सरकारी डिग्री कॉलेज शामिल हैं. कानून प्रवर्तन क्षेत्र में, प्रधानमंत्री पुलिस लाइन में एक ट्रांजिट हॉस्टल और रामनगर में पुलिस बैरक के साथ-साथ चार ग्रामीण सड़कों का उद्घाटन करेंगे. शास्त्री घाट और सामने घाट पर सौंदर्यीकरण परियोजनाओं और रेलवे और वाराणसी विकास प्राधिकरण (वीडीए) द्वारा किए गए कार्यों के साथ शहरी विकास को भी बढ़ावा मिलेगा. जिन परियोजनाओं की आधारशिला रखी जा रही है, उनमें से 25 की लागत 2,250 करोड़ रुपये है, जो मुख्य रूप से बिजली के बुनियादी ढांचे को लक्षित करती हैं. इनमें 15 नए सबस्टेशनों का निर्माण, ट्रांसफॉर्मर की स्थापना और 1,500 किलोमीटर नई बिजली लाइनें शामिल हैं.



# कामों पर कड़ी नजर रखने फील्ड में उतरें अफसर

## डिप्टी सीएम साव ने लोक निर्माण विभाग की समीक्षा बैठक में दिए निर्देश, कहा - निर्धारित समय पर पूरा करें काम

**रायपुर,11 अप्रैल ■ तरुण छत्तीसगढ़**



उप मुख्यमंत्री एवं लोक निर्माण मंत्री अरुण साव की अध्यक्षता में आज रायपुर के न्यू सर्किट हाउस में विभागीय समीक्षा बैठक हुई, जिसमें साव प्रदेशभर में चल रहे लोक निर्माण विभाग के कार्यों की समीक्षा की. बैठक में उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी कार्यों की प्रगति की साप्ताहिक समीक्षा करें. फील्ड पर उतरकर कार्यों पर कड़ी नजर रखें और गुणवत्ता सुनिश्चित करें. मंत्री साव ने अधिकारियों से कहा, निर्धारित समय पर निर्माण कार्य पूरा करें. ठेकेदारों से समय-सीमा में काम पूरा कराएं. विभागीय कार्यों के बेहतर, शीघ्र और प्रभावी क्रियान्वयन के लिए सभी अभियंता अपनी इंजीनियरिंग और प्रशासनिक कौशल दक्षता के साथ उपयोग करें. अपनी योग्यता और क्षमता का फील्ड में पूर्ण उपयोग करते हुए निर्माण कार्यों में गुणवत्ता व समय-सीमा सुनिश्चित करें. बैठक में लोक निर्माण विभाग के सचिव डॉ. कमलप्रीत सिंह और प्रमुख अभियंता वीके भतपहरी सहित मैदानी अधिकारी भी मौजूद हैं.

# हेलीकॉप्टर दुर्घटना में सीमेंस के सीईओ की परिवार सहित मौत

**न्यूयार्क,11 अप्रैल।** अमेरिका के न्यूयॉर्क में हेलीकॉप्टर दुर्घटना में सीमेंस एजी के स्पेन सीईओ अगस्टिन एस्कोबार, उनकी पत्नी मर्से कैम्परुबी और तीन बच्चों और पायलट की मौत हो गई है। इस भीषण हेलीकॉप्टर हादसे ने पूरी दुनिया को सदमे में डाल दिया है। हेलीकॉप्टर उड़ान भरने के कुछ ही बाद बाद हवा में टूट गया और हडसन नदी में जा गिरा। इस घटना का दिल दहला देने वाला वीडियो भी सोशल मीडिया पर जमकर वायरल रहो रहा है। हडसन नदी में गिरते हेलीकॉप्टर को वहां कई प्रत्यक्षदर्शियों ने देखा और इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना का वीडियो भी रिकॉर्ड कर लिया। बताया जाता है कि टूर के लिए जा रहा हेलिकॉप्टर हवा में ही टूट गया और फिर हडसन नदी में चट्टान की तरह जोरदार तरीके से नीचे गिर गया। न्यूयॉर्क सिटी फायर डिपार्टमेंट ने न्यूयॉर्क पोस्ट को बताया कि प्रत्यक्षदर्शियों ने वेस्ट ह्यूस्टन स्ट्रीट और वेस्ट स्ट्रीट पर पियर 40 के पास गिरने से पहले हेलिकॉप्टर को दो टुकड़ों में विभाजित होते देखा था। वहीं एक भयावह वीडियो में भी गुरुवार को बिग एप्पल टूर कंपनी के हेलीकॉप्टर को आसमान से हडसन नदी में गिरते हुए दिख रहा है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि विमान हवा में ही टूटकर टुकड़े-टुकड़े हो गया था। वहीं बिग एप्पल पर्यटक हेलीकॉप्टर कंपनी के सीईओ माइकल रोथ ने कहा कि दुर्भाग्यपूर्ण हेलीकॉप्टर अपने बेस पर वापस आ रहा था, जब वह हडसन नदी में गिर गया। पायलट ने फोन करके बताया कि वह उतर रहा है और उसे ईंधन की आवश्यकता है और उसे पहुंचने में लगभग तीन मिनट लगने चाहिए थे, लेकिन 20 मिनट बाद भी वह नहीं पहुंचा।

# माफिया अतीक के करीबियों पर पुलिस का 'ऑपरेशन हंटर', लग्जरी कारों समेत 11 गाड़ियां सीज

**प्रयागराज।** माफिया डॉन अतीक अहमद के करीबियों और उसके गिरोह के सदस्यों के खिलाफ प्रयागराज कमिश्नरेट पुलिस ने एक बार फिर शिकंजा कस दिया है। 'ऑपरेशन हंटर' के तहत गुरुवार देर रात पुलिस की कई टीमों ने अतीक से जुड़े अपराधियों के ठिकानों पर ताबड़तोड़ छापेमारी की। इस सघन अभियान के दौरान लग्जरी कार समेत कुल 11 गाड़ियों को सीज किया गया, जिससे गैंग से जुड़े लोगों में खलबली मची रही।

पुलिस सूत्रों के अनुसार, पिछले कुछ समय से शहर में अतीक गैंग से जुड़े अपराधियों और अन्य हिस्ट्रीशीटरों की सक्रियता काफी बढ़ गई थी। ये अपराधी न केवल शहर की शांति व्यवस्था में खलल डाल रहे थे, बल्कि लग्जरी गाड़ियों से सड़कों पर आतंक मचाते थे। तेज रफ्तार और लापरवाही से गाड़ी चलाते हुए दूसरे वाहनों को टक्कर मारने और विरोध करने पर आम लोगों को डराने-धमकाने की कई शिकायतें पुलिस को मिल रही थीं।इन शिकायतों का संज्ञान लेते हुए डीसीपी सिटी अभिषेक भारती ने शहर जोन में 'ऑपरेशन हंटर' शुरू करने का निर्देश दिया। इसके लिए एसओजी, सर्विलांस सेल और विभिन्न थानों के तेज-तर्रार पुलिसकर्मियों की कुल 10 विशेष टीमें गठित की गई हैं।

# महीने के उन दिनों में दलित छात्रा को क्लास से बाहर निकाला

### 5 दिन क्लासरूम के बाहर सीढ़ियों पर बैठकर दी परीक्षा

**चेन्नई,11 अप्रैल।** तमिलनाडु के कोयंबटूर से मानवता के मुंह पर तमाचा मारने का वीडियो सामने आया है। कोयंबटूर में पीरियड्स आने पर दलित छात्रा को क्लास से बाहर निकाल दिया। इतना ही नहीं, 8वीं क्लास की बच्ची को 5 दिन क्लासरूम के बाहर सीढ़ियों पर बैठकर परीक्षा देने के लिए विवश किया गया। छात्रा का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ तो पुलिस और प्रशासन हरकत में आई। फिलहाल स्कूल की प्रिंसिपल को सस्पेंड कर दिया गया है। दरअसल पूरा मामला कोयंबटूर के सेनगुट्टईपालयम स्थित स्वामी चिद्भावनंद मैट्रिक हायर सेकेंडरी स्कूल का है। पीड़ित छात्रा इसी स्कूल में 8वीं क्लास में पढ़ती है। जानकारी के मुताबिक 5 अप्रैल को परीक्षा के दौरान बच्ची को पीरियड्स शुरू हो गए थे। इसके बाद हेडमिस्ट्रेस ने उसे क्लास के बाहर बैठकर एग्जाम देने को कहा। वायरल वीडियो में देखा जा सकता है कि बच्ची एक महिला से बात करती सुनाई दे रही है। माना जा रहा है कि महिला बच्ची की मां होगी। वीडियो में बच्ची ने कहा- प्रिंसिपल ने मुझसे यहां (सीढ़ियों पर) बैठकर एग्जाम देने को कहा। बच्ची ने ये भी बताया कि ऐसा (बाहर बैठाकर एग्जाम देना) पहली बार नहीं हुआ।

# ट्रक को ओवरटेक कर यात्री बस में जा घुसी बाइक,युवक की मौत

**कांकेर,11 अप्रैल ■ तरुण छत्तीसगढ़**

छत्तीसगढ़ में नेशनल हाईवे-30 पर लखनपुरी के पास यात्री बस और बाइक के बीच भीषण सड़क हादसा हुआ. जहां लापरवाही ने युवक की जिंदगी छीन ली. हादसे के बाद सड़क खून से सन गई. मृतक युवक की पहचान कानापोड निवासी चम्मन तिवारी (19 वर्षीय) के रूप में हुई है. घटना का वीडियो भी सामने आया है. जानकारी के मुताबिक, नेशनल हाईवे-30 पर लखनपुरी के पास बाइक सवार युवक तेज रफ़्तार में ट्रक को ओवरटेक करने की कोशिश कर रहा था. लेकिन सड़क की दूसरी तरफ सामने से आ रही यात्री बस से जा टकराया. टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक बस के आगे के हिस्से में बुरी तरह घुस गई. युवक छम्मन की मौके पर ही मौत हो गई. दुर्घटना में बस का शीशा और आगे का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया. इस दर्दनाक हादसे का वीडियो भी सामने आया है, जिसमें साफ नजर आ रहा है कि छम्मन तिवारी ने तेज गति से चल रही बस को



ओवरटेक करने का प्रयास करता है. इसी दौरान उसकी बाइक की बस से टक्कर हो गई.

# बस का ब्रेक फेल,बाइकों को मारी टक्कर, एक की मौत

**कोंडागांव,11 अप्रैल।** ब्रेक फेल होने से तेज रफ्तार बस ने कोंडागांव में ट्रैफिक सिग्नल पर खड़ी बाइकों और पैदल यात्रियों को जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि एक बाइक सवार युवक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। घटना में तीन अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं, जिनमें एक की हालत बेहद नाज़ुक बनी हुई है। सभी घायलों को तत्काल जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज जारी है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बस की रफ्तार बहुत ज्यादा थी और चालक ने ट्रैफिक सिग्नल की पूरी तरह अनदेखी की। हादसे के बाद चालक बस को मौके पर छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने बस को जब्त कर चालक की तलाश शुरू कर दी गई है। वहीं मृतक की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। पुलिस शिनाख्ती में जुटी है।



इस दर्दनाक हादसे के बाद लोगों में आक्रोश है। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि ट्रैफिक नियमों की कड़ी निगरानी हो और दोषी को जल्द गिरफ्तार कर सख्त सजा दी जाए।

# मेरी छवि खराब करने की साजिशः कुंजाम

**सुकमा,11 अप्रैल ■ तरुण छत्तीसगढ़**

पूर्व विधायक मनीष कुंजाम ने आज एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह साफ किया कि यह छापेमारी एक सोची-समझी साजिश का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य उन्हें बदनाम करना और असली गुनहगारों को बचाना है। मनीष कुंजाम ने कहा, मैंने खुद पहले शिकायत की थी, लेकिन इसके बावजूद मेरे घर पर छापा मारा गया। छापे में कुछ भी नहीं मिला, फिर भी मुझे बदनाम करने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रशासनिक स्तर पर उन पर लगातार दबाव डाला जा रहा था कि वे जिला एवं जनपद पंचायतों के गठन में भाजपा का समर्थन करें, लेकिन उन्होंने इन प्रस्तावों को ठुकरा दिया। नक्सल समस्या अब लगभग समाप्त हो रही है, और अब माइनिंग का खनन शुरू किया जाएगा। हम इसका विरोध करते हैं, और शायद यही असली वजह है इस तरह की कार्रवाइयों की। उन्होंने यह भी सवाल उठाया कि एसीबी/EOW जैसी एजेंसियों को स्पष्ट रूप से प्रेस नोट जारी कर यह बताना चाहिए कि छापे में क्या मिला। सूत्रों के मुताबिक, रायपुर से लेकर सुकमा जिला स्तर तक अधिकारियों पर लगातार दबाव डाला जा रहा है कि मनीष कुंजाम के खिलाफ कोई न कोई मामला लाया जाए। कुछ अधिकारियों ने अनौपचारिक बातचीत में यह भी कहा कि अगर कुछ मिला नहीं, तो तलाशो कुछ नहीं तो नौकरी खतरे में है। यह मामला सिर्फ आम जनता और कार्यकर्ताओं तक सीमित नहीं रहा, बल्कि प्रशासनिक हलकों में भी चर्चा का विषय बन गया है। कई अधिकारी मानते हैं कि मनीष कुंजाम जैसे ईमानदार जनप्रतिनिधि कम ही होते हैं, लेकिन मजबूरी में वे भी खामोश हैं। जनता यह सवाल उठा रही है-आखिर वह कौन सी अदृश्य शक्ति है, जो मनीष कुंजाम को निशाना बना रही है? जिले में यह चर्चा तेजी से फैल रही है कि जो व्यक्ति भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज़ उठा रहा है, वही आज खुद भ्रष्टाचार और गलत आरोपों के शिकार हो रहा है।




# हेल्थ सेक्टर से जुड़ा क्रांतिकारी कदम

**नई दिल्ली ,11 अप्रैल।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा चलाई जा रही 'आयुष्मान योजना' का लाभ अब दिल्ली के निवासी भी उठा सकेंगे। इस योजना के तहत अब दिल्लीवासी भी अस्पताल में इलाज करा सकेंगे। प्रधानमंत्री मोदी ने स्वास्थ्य के क्षेत्र में इस एक क्रांतिकारी कदम बताया है।

पीएम मोदी ने शुक्रवार को अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट किया। उन्होंने पोस्ट में लिखा, दिल्ली के हेल्थ सेक्टर से जुड़ा एक क्रांतिकारी कदम, डबल इंजन सरकार का यह मिशन यहां के मेरे लाखों भाई-बहनों के लिए बेहद फायदेमंद होने वाला है। मुझे बहुत खुशी है कि दिल्लीवासी भी अब आयुष्मान योजना के तहत अपना इलाज करा पाएंगे।'

# सड़क बनाने के लिए खोदे गए गड्ढे में मिली दो युवकों की लाश

## रिवल्वर और बाइक भी मिली, हादसा या हत्या में उलझी पुलिस

**रांची,11 अप्रैल।** झारखंड की राजधानी रांची में उस समय हड़कंप मच गया, जब सड़क बनाने के लिए खोद गए गड्ढे में दो युवकों की लाश मिली। पुलिस ने घटनास्थल से रिवॉल्वर और बाइक भी बरामद की है। दोनों के मौत के कारणों का पता नहीं चल पाया है। रांची पुलिस को समझ नहीं रहा है कि ये हादसा है या फिर हत्या? फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। दरअसल पूरा मामला झारखंड की राजधानी रांची के टाटीसिलवे थाना इलाके की है। पुलिस को सूचना मिली कि, एक गड्ढे से दो युवकों की लाश मिली है। पुलिस सूचना मिलते ही मौके पर पहूंची और जांच शुरू कर दी। इस दौरान गड्ढे में एक बाइक भी पड़ी थी।। पुलिस हैरान तब हो गई जब, जब उन्हें शव के साथ एक रिवॉल्वर भी मिला। इससे मामला और पेचीदा हो गया है। पुलिस ने पहले जिसे एक हादसा समझा अब वो एक हत्या की वारदात की ओर इशारा कर रही है। दोनों युवकों की पहचान गुमला जिले के संदीप साहू और गोपाल साहू के रूप में हुई है। पुलिस आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस ने मृतक युवकों की तस्वीर रांची और आस-पास के



जिलों के थानों में भेजी। इससे पता चला कि, दोनों युवक गुमला जिले के सिसई थाना क्षेत्र के डरहा गांव के निवासी हैं। पुलिस ने परिजनों की सूचना देकर शवों को पौस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया है। पुलिस इस बात की जानकारी खंगाल रही है कि युवकों का कोई आपराधिक रिकॉर्ड है या नहीं?

## संक्षेप

### बजाज ऑटो के पूर्व चेयरमैन का निधन

**मुंबई,11 अप्रैल।** बजाज ऑटो के गैर-कार्यकारी निदेशक मधुर बजाज का आज सुबह निधन हो गया। उन्होंने 63 साल की उम्र में



मुंबई के ब्रीच कैंडी हॉस्पिटल में आखिरी सांस ली है। उन्हें कुछ दिन पहले स्वास्थ्य समस्या के कारण साउथ मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में स्ट्रोक पड़ने के बाद भर्ती कराया गया था। रिपोर्ट के मुताबिक, वह अपने पीछे 35 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा की संपत्ति छोड़ गए हैं। फोर्ब्स के अनुसार, मधुर बजाज की कुल संपत्ति लगभग 4.1 बिलियन डॉलर आंकी गई है। वह बजाज परिवार के उन सदस्यों में से एक हैं, जिनके पास बजाज समूह की हिस्सेदारी है। बता दें कि मधुर बजाज ने 24 जनवरी 2024 को स्वास्थ्य कारणों से उन्होंने अपने पद से इस्तीफा दे दिया था।

### एक इनामी समेत 3 नक्सली गिरफ्तार

**सुकमा,11 अप्रैल।** जिले में नक्सल विरोधी अभियान के तहत सुरक्षा बलों को बड़ी सफलता मिली है. सुकमा जिले के चिंतलनार थाना क्षेत्र से पुलिस ने एक इनामी समेत तीन सक्रिय नक्सजिले में नक्सल विरोधी अभियान के तहत सुरक्षा बलों को बड़ी सफलता मिली है. सुकमा जिले के चिंतलनार थाना क्षेत्र से पुलिस ने एक इनामी समेत तीन नक्सलियों को गिरफ्तार किया है. जानकारी के अनुसार, गिरफ्तार नक्सली इलाके में लंबे समय से सक्रिय थे. ये सभी गिरफ्तार नक्सली दो ग्रामीणों के अपहरण कर हत्या जैसे गंभीर मामले में शामिल थे. इनमें से एक नक्सली पर 2 लाख रुपये का इनाम घोषित था. तीनों से पूछताछ के बाद उन्हें न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है.

### दोरनापाल में एसीबी-ईओडब्लू ने वन कर्मचारी के घर पर मारा छापा

**सुकमा,11 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ में तेंदूपत्ता बोनस घोटाले से जुड़े भ्रष्टाचार मामले में एसीबी-ईओडब्लू की छापेमार कार्रवाई लगातार दूसरे दिन भी जारी है. सुकमा और कोंटा के बाद आज दोरनापाल में वन विभाग के एक कर्मचारी के घर पर एसीबी और ईओडब्ल्यू की टीम ने रेड की है. टीम सुबह से ही कर्मचारी के घर पर मौजूद है और जांच जारी है. बता दें कि तेंदूपत्ता बोनस घोटाले में पहले डीएफओ अशोक पटेल को निलंबित किया गया था. इसके बाद कुछ दिन पहले रायगढ़, जगदलपुर, दंतेवाड़ा और बीजापुर में भी इसी मामले में कार्रवाई हुई थी. टीम मामले की जांच कर रही है.

### वक्फ कानून पर ममता के मुस्लिम मंत्री के जहरीले बोल

**कोलकाता,11 अप्रैल।** वक्फ कानून के खिलाफ सबसे ज्यादा ज्यादा प्रदर्शन पश्चिम बंगाल में हो रहा है। इसका कारण खुद सीएम ममता बनर्जी का वक्फ कानून के खिलाफ मुखर होना है। तृणमूल कांग्रेस और मुस्लिम संगठन पश्चिम बंगाल में वक्फ संशोधन अधिनियम के खिलाफ बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। इसी क्रम में टीएमसी नेता और सीएम ममता के मुस्लिम मंत्री सिद्दीकुल्ला चौधरी द्वारा वक्फ कानून को लेकर जहरीले बोल का मामला आया है। वक्फ कानून में संशोधन को तत्काल वापस लेने की मांग करते हुए ममता बनर्जी सरकार के मंत्री ने कोलकाता में बड़े पैमाने पर ट्रैफिक जाम करने की धमकी दी। सिद्दीकुल्ला चौधरी का धमकी देने वाला वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है। सिद्दीकुल्ला के इस बयान का यह वीडियो भाजपा आईटी सेल प्रमुख अमित मालवीय ने भी सोशल मीडिया ङ्ग पर शेयर किया है। दरअसल गुरुवार को कोलकाता में तृणमूल कांग्रेस और मुस्लिम संगठन ने वक्फ संशोधन कानून के खिलाफ प्रदर्शन किया। मंत्री सिद्दीकुल्ला चौधरी ने कोलकाता के रामलीला मैदान में जमीयत-ए-उलेमा हिंद की पश्चिम बंगाल यूनिट द्वारा आयोजित एक विशाल रैली को संबोधित किया।

## एक नजर

### नाबालिग से दुष्कर्म,आरोपी गिरफ्तार



**भिलाई, 11 अप्रैल।** भिलाई नाबालिग को भगा लेकर जाकर उसके साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी को पुरानी भिलाई थाने पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है छावनी सीएसपी हरीश पाटिल ने बताया कि प्रार्थी ने रिपोर्ट दर्ज कराया था कि उसकी नाबालिग लड़की को अज्ञात व्यक्ति बहला फुसलाकर भगा ले गया है रिपोर्ट पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया विवेचना के दौरान अपहृत बालिका एवं अज्ञात आरोपी का पतासाजी किया जा रहा था प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए पुलिस टीम गठित की तलाश के दौरान अपहृत बालिका को बरामद किया आरोपी के ग्राम राखी पाटन ने पीड़िता को शादी का झांसा देते हुए जबरदस्ती कई बार शारीरिक संबंध बनाया है ।

### लूट के मामले में 3 गिरफ्तार



**भिलाई, 11 अप्रैल।** दोस्त की जन्मदिन की पार्टी से वापस घर लौट रहे ग्राम अहेरी के बाजार चौक निवासी कुलदीप निषाद से चाकू की नोक पर 500 रुपये और मोबाइल लूटने वाले तीन बदमाशों को जामुल थाने पुलिस ने अच्छा सबक सिखाया तीनों आरोपितों का आधा सिर मुड़वाकर क्षेत्र में उनका पैदल जुलूस भी निकाला। उनसे लूट का मोबाइल और घटना में प्रयुक्त चाकू जब्त किया गया है लूट की धारा के तहत कार्रवाई कर तीनों को जेल भेजा गया है छावनी सीएसपी हरीश पाटिल ने बताया की पीड़ित कुलदीप निषाद आठ अप्रैल की रात करीब 12ः30 बजे दोस्त की जन्मदिन की पार्टी ग से वापस घर लौट रहा था वह एमपीईबी चौक जामुल के पास पहुंचा ही था कि तीन बदमाशों ने उसे रोका आरोपितों ने उसे चाकू दिखाकर 500 रुपये, मोबाइल और आधार कार्ड लूट लिया आरोपितों की पतासाजी में जुटी जामुल पुलिस ने केनाल रोड उड़िया मोहल्ला न्यू खुर्सीपार निवासी 19 वर्षीयः दिशु जगत, दुर्गा मंदिर के पीछे लक्ष्मी पारा जामुल निवासी 20 वर्षीय हिमांशु सिंह और संतोषी चौक जामुल निवासी 18 वर्षीय जय कुमार साहू उर्फ छोटू उर्फ डीजे को पकड़ा पूछताछ में तीनों आरोपितों ने लूटपाट करने की बात स्वीकार की आरोपितों में दिशु जगत आदतन अपराधी है उसे पूर्व में एटीएम में तोड़फोड़ के मामले में गिरफ्तार किया जा चुका है।

### भिलाई-चरौदा निगम पहुंचे कलेक्टर ने किया सुशासन तिहार का निरीक्षण



**भिलाई-3।** नगर पालिक निगम भिलाई-चरौदा कार्यालय में गुरुवार विगत 10 अप्रैल को जिलाधीश अभिजीत सिंह ने दौरा किया। कलेक्टर ने निगम कार्यालय में चल रहे सुशासन तिहार शिविर का अवलोकन करते हुए उपस्थित कर्मचारियों से प्राप्त होने वाले आवेदनों की जानकारी ली और आवेदकों से बातचीत भी की। इसके पश्चात जिलाधीश ने निगम कमिश्नर डी एस राजपूत एवं उनकी की टीम के साथ प्रधानमंत्री आवास ए.एच.पी. विट्ठल पुरम व उमदा तथा बिजली नगर भिलाई-03 के राजीव पारा स्लम का भी निरीक्षण किया। कलेक्टर दुर्ग के दौरे की समाप्ति ट्रांसपोर्ट नगर फेस-02 का निरीक्षण करने के साथ हुयी। जहां निगम के अधिकारी को जिलाधीश द्वारा आगामी कार्य योजना हेतु निर्देश प्रदान किये। मौके पर भिलाई-03 एस.डी.एम. महेश सिंह राजपूत, निगम कमिश्नर डी एस राजपूत तथा कार्यपालन अभियंता प्रकाशचंद थवानी उपस्थित रहे।

### स्वामी विवेकानन्द अंडर-20 पुरुष राष्ट्रीय फुटबॉल चैंपियनशिप -25 का हुआ आगाज

**भिलाई, 11 अप्रैल।** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) और छत्तीसगढ़ फुटबॉल संघ (सीएफए) के सहयोग से नारायणपुर स्थित रामकृष्ण मिशन आश्रम में 10 अप्रैल से 27 मई तक आश्रम के खेल परिसर में स्वामी विवेकानंद अंडर-20 पुरूष राष्ट्रीय फुटबॉल चैंपियनशिप 2025 का आयोजन किया जा रहा है। 09 अप्रैल को प्रथम चरण में खेलने वाले 7 टीमों (आन्ध्र प्रदेश, उत्तराखंड, दिल्ली, दादरा नगर हवेली, चंडीगढ़, तेलंगाना और पांडिचेरी) के स्वागत के साथ ही इस चैम्पियनषिप का अनौपचारिक शुभारम्भ मुख्य अतिथि भिलाई इस्पात संयंत्र के निदेषक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बेलुड़ मठ के स्वामी पूर्णानन्द ने किया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में भिलाई महिला समाज की अध्यक्ष श्रीमती त्रिपर्णा दासगुप्ता, मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी अरुण कुमार, महाप्रबंधक अनुपम बिष्ट, उप महाप्रबंधक सहीराम जाखड़, वरिष्ठ प्रबंधक मनीष शुक्ला सहित भिलाई इस्पात संयंत्र, दल्ली राजहरा, रावघाट खदान समूह के अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे। छत्तीसगढ़ फुटबॉल एसोसिएशन के सहायक महासचिव मोहनलाल, जिला फुटबॉल संघ के अध्यक्ष अशोक उसेण्डी व सचिव अजित मेनन एवं आश्रम वार्ड पार्षद श्रीमती रामशिला नाग सहित रामकृष्ण मिशन आश्रम, नारायणपुर के अन्य साधुवृन्द, खेल प्रशिक्षक तथा बड़ी संख्या में दर्षकगण उपस्थित थे। मुख्य अतिथि अनिर्बान दासगुप्ता द्वारा एक चित्रमय रिपोर्ट का विमोचन किया गया। दासगुप्ता ने कहा कि खेल, युवाओं में अनुशासन, टीम भावना और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा के मूल्यों के विकास के साथ मानसिक एवं शारीरिक तंदरुस्ती के लिए भी आवश्यक है।

# शुद्ध पेयजल आपूर्ति करना हमारा प्रथम कर्तव्य:चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा,11 अप्रैल।** ग्रीष्म कालीन में शुद्ध पेयजल सप्लाई में किसी भी प्रकार की परेशानी ना हो, लोगों को दोनो समय पर शुद्ध पेयजल उपलब्ध हो, इसका पूर्ण ध्यान रखे। ग्रीष्म ऋतु में पानी की समस्या ना हो इसको लेकर नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने जल प्रदाय विभाग की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। बैठक में जल प्रदाय विभाग के प्रभारी सदस्य सभापति दुर्गेश अवस्थी, कार्यपालन अभियंता एम एल कुर्रे, उपअभियंता विरेन्द्र नवघरे, फिल्ड प्रभारी चंद्रिका सिंह ठाकुर भी उपस्थित रहें। बैठक में नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने जल प्रदाय विभाग अंतर्गत पेयजल सप्लाई व फिल्टर प्लांट हो रहे कार्यो को लेकर समीक्षा की। उन्होनें कहा कि गर्मी में पानी की समस्या उत्पन्न हो जाता है जिसे ध्यान में रखते हुए पहले से तैयारी कर लेवें। सभी पंप ऑपरेटर अपने फिल्ड प्रभारी के बिना अनुमति के अवकाश पर ना जावें। समयानुसार अपने कर्तव्य का निर्वहन करते हुए वार्डो में पेयजल सप्लाई करें तथा वार्डो से शिकायत ना आयें इसका पूर्ण ध्यान रखे। उन्होनें कहा कि वार्ड की नागरिकों से अपना व्यवहार अच्छा रखे ताकि पेयजल सप्लाई के दौरान परेशानी ना हो। नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि शुद्ध पेयजल प्रदान करना हमारा प्रथम कर्तव्य है, नागरिकों को शुद्ध पेयजल मिले इसका पूर्ण ध्यान रखे, फिल्टर प्लांट में पर्याप्त मात्रा में एलम, ब्लीचिंग व अन्य आवश्यक सामाग्री का भंडारण करके रखे।

### भीषण गर्मी को देखते हुए जल संरक्षण और लू से बचाव का संदेश दिया



**कवर्धा,11 अप्रैल।** भीषण गर्मी को देखते हुए भोरमदेव शक्कर कारखाना पूर्व डायरेक्टर लक्की चंद्रवंशी और दाऊ सतीश चंद्रवंशी और बिजनेसमैन सुखनंदन चंद्रवंशी ने जिले वासियों से विनम्र अपील की है की लू से बचाव के प्रति हमेशा सतर्क रहे । धूप में बहुत जरूरी हो तभी घर से निकले और धूप में घर से निकलते समय मुलायम कपड़ा या स्कार्फ चेहरे में बांधकर निकले खूब पानी पीते रहे और कही जाते समय पेड़ की छांव में विश्राम करे और दही , छाछ या शीतल पेय पीना चाहिए। उद्योगपति चंद्रशेखर चंद्रवंशी, बिजनेसमैन आनंद चंद्रवंशी ओर बिजनेसमैन युवराज चंद्रवंशी ने लोगों से विनम्र अपील की जल संरक्षण पर विशेष ध्यान दे क्योंकि जल है तो जीवन है ।



### गांव चलो अभियान की शुरुआत जपं अध्यक्ष प्रतिनिधि रामकिंकर वर्मा ने की

**कवर्धा, 11 अप्रैल।** ग्राम खंडसरा में गांव चलो बस्ती चलो अभियान की शुरुआत जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि रामकिंकर वर्मा ने की । गांव चलो अभियान में जीवन जायसवाल राजेश यादव बहोरन यादव सुरेश वर्मा रामायण वर्मा, समस्त बीजेपी कार्यकर्ता शामिल हुए ।



### भटगांव में सुशासन त्योहार, लोगों ने समाधान पेटी में डाले आवेदन

**उतई, 11 अप्रैल।** ग्राम पंचायत भटगांव में सुशासन तिहार के अंतर्गत जनता की समस्याओं को दूर करने के लिए समाधान पेटी पंचायत में लगाई गई है ग्रामवासी अपने अपने शिकायतें, मांग पत्र, और समस्याओं से जुड़े आवेदन इस पेटी में डाल रहे है किसी ने प्रधान मंत्री आवास, तो किसी ने वृद्धा पेंशन के लिए आवेदन दिए ग्राम पंचायत भटगांव की सरपंच भारती साहू ने कहा कि जनता की समस्याओं के राहत के लिए यह पहल की गई है इस अवसर पर सरपंच भारती साहू, उप सरपंच ताराचंद चतुर्वेदी, सुशासन तिहार शिविर के प्रभारी चंद्रशेखर भुअद्यर्य, आंगन बाड़ी कार्यकर्ता गीतेश्वरी राट्रे , शकुन महिपाल, कंप्यूटर आपरेटर मकसूदन चतुर्वेदी, मीना साहू, तुलेश्वरी यादव, धर्मेन्द्र साहू, सिन्धु सेन, धनराज सहित ग्रामवासी उपस्थित थे ।

# सूरज राजपूत ने जीता अंतर्राष्ट्रीय बॉडी बिल्डिंग में ओवरऑल का खिताब



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा,11 अप्रैल।** अंतरराष्ट्रीय संयुक्त भारतीय खेल संघ के द्वारा नेपाल के पोखरा शहर में दिनांक 3 से 7 अप्रैल को आयोजित कराया गया जिसमें इस खेल में 7 देश से के खिलाड़ी भाग लिए पाकिस्तान वर्मा ,भूटान, नेपाल ,श्रीलंका बांग्लादेश ,और भारत जिसमें खेल में 300 से 350 सौ खिलाड़ी भाग लिए और हमारे भारत देश के छत्तीसगढ़ राज्य के कबीरधाम जिले से सूरज राजपूत बॉडीबिल्डिंग अभिषेक तिवारी वेटलिफ्टिंग दीपावली सोनी वेट लिफ्टिंग अनुराग जांगड़े वेटलिफ्टिंग में भाग लिए इस खेल में सूरज राजपूत ने बॉडीबिल्डिंग में 7 देश के खिलाड़ियों को हराकर इंटरनेशनल मिस्टर स् क्रच स्र ओवरऑल का किताब जीत के भारत देश और हमारे छत्तीसगढ़ के जिले का नाम रोशन किया यह कवर्धा के पहले ऐसे खिलाड़ी हैं जो तिरंगा लहरा के देश का और कवर्धा का नाम अंतरराष्ट्रीय स्तर में मान बढ़ाया और इससे भी पहले सीन नेशनल बॉडीबिल्डिंग सीनियर नेशनल पावर लिफ्टिंग में भी यह मेडल ले चुके हैं और मिस्टर छत्तीसगढ़ कभी किताब हासिल कर चुके हैं और इन्हीं के अंडर ?50 पावर लिफ्टिंग बॉडीबिल्डिंग खेल में प्रशिक्षण हैं लेते हैं इसी बीच में वे लिफ्टिंग खेल में कवर्धा की पहली महिला खिलाड़ी दीपाली सोनी अपने 76 किलो मै खेल के जिन्होंने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गोल्ड मेडल जीतकर कवर्धा जिले का नाम रोशन किया इससे भी पहले यह नेशनल राज्य मेडल ले चुकी है पुरुष 67 वर्ग में सब जूनियर वर्ग में अभिषेक तिवारी ने वेटलिफ्टिंग खेल में गोल्ड मेडल हासिल लिया और इससे भी पहले स्कूल नेशनल गेम में मेडल ले चुका है शहर का नाम रोशन किया और हमारे 14 वर्ष के अनुराग जांगड़े जो सब जूनियर में 109 किलोग्राम वर्ग में गोल्ड मेडल जीत कर देश का हमारे कबीरधाम जिले का नाम रोशन किया यह सभी खिलाड़ी के कोच सी सूरज राजपूत जी हैं जो भारत हेल्थ क्लब जिम में बच्चों को निशुल्क खेल प्रशिक्षण देते हैं ।



### संत विजय कौशल के सानिध्य में हुआ सामूहिक हवन

**भिलाई, 11 अप्रैल।** श्रीधाम वृन्दावन से पधारे संत एवं प्रख्यात श्रीराम कथा वाचक संत विजय कौशल महाराज के सानिध्य में श्रीराम हाईट्स कैलाश नगर में विगत दिवस सामूहिक हवन का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ, जिसमें दुर्ग सांसद विजय बघेल, पूर्व साडाध्यक्ष एवं वरिष्ठ भाजपा नेता सत्यनारायण अग्रवाल, श्रीनिवास खेड़िया, अजय भसीन, सुशील जैन, गार्गी शंकर मिश्रा, शंकरलाल देवांगन, भागचंद जैन, मदन सेन, भूषण अग्रवाल, विजय चौधरी, निशु पांडेय, श्रीराम वेलफेयर सोसायटी के पदाधिकारियों सहित बड़ी संख्या में रहवासी एवं गणमान्य नागरिक सम्मिलित हुए। तत्पश्चात श्रीजी की रसोई वृंदावन के यजमानों को विजय कौशल महाराज द्वारा सम्मानित किया गया।



### भाजपा पाटन मंडल ने भाजपा स्थापना दिवस पर ओग्गर तालाब,शिव मंदिर में साफ सफाई की

**उतई, 11 अप्रैल।** भारतीय जनता पार्टी के 46वे स्थापना दिवस के तहत, प्रदेश भाजपा, जिला भाजपा संगठन के अनुसार , भारतीय जनता पार्टी के विश्वव्यापी कार्यक्रम स्थापना दिवस पखवाड़ा के अंतर्गत स्वच्छता अभियान के तहत आज पाटन मंडल द्वारा वार्ड 03 के ओग्गर तालाब, सिदेश्वर महादेव शिव मंदिर प्रांगण,चबूतरा आदि आस पास की साफ सफाई की गई, जिसमें पाटन मंडल के अध्यक्ष श्रीमति रानी बंछोर, नगर पंचायत अध्यक्ष श्री योगेश निक्की भाले, नगर पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती निशा सोनी,सभापति श्री केवल देवांगन, केशव बंछोर, योगेश सोनी,अमित लोधी,दामोदर चक्रधारी, किरण बंछोर, लालचंद चक्रधारी,संतोष यादव आदि भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# स्टेडियम की बदहाली पर डीएम भड़के, पूछे सवाल और तुरंत बनाई जांच समिति

**भिलाई, 11 अप्रैल।** भिलाई में सुशासन तिहार का हाल देखने करने पहुंचे डीएम अभिजीत सिंह ने अनेक स्थलों का दौरा किया। वे खुर्सीपार में खेल स्टेडियम की बदहाली देख हतप्रभ रह गए ! खेल अधिकारी से माकूल जवाब न मिलने पर कलेक्टर भड़क गए और तुरंत इसकी जांच के लिए कमेटी का गठन किया। डीएम ने कहा कि इतने अच्छे प्राइम लोकेशन पर निर्मित स्टेडियम से खिड़की दरवाजे, खेल सामग्री, विद्युतीकरण के सामग्री चोरी हो गयी और किसी को पता तक न चला ! जबकि स्टेडियम से 500 मीटर दूरी पर खुर्सीपार पुलिस थाना है। उन्होंने खेल अधिकारी से पूछा कि खेल विभाग द्वारा इसे नगर निगम को हैंडोवर क्यों नहीं किया गया ? जिलाधीश के आदेश पर तुरंत एक संयुक्त जांच समिति गठित किया गया है। जिसके द्वारा किन-किन संपत्तियों का नुकसान हुआ है, उसका वास्तविक अवलोकन किया जाएगा । जिसमें लोक निर्माण विभाग दुर्ग से कार्यपालक अभियंता एवं सहायक



अभियंता, खेल एवं युवा कल्याण विभाग दुर्ग से उपसंचालक एवं खेल अधिकारी, थाना छावनी के थाना प्रभारी, नगर निगम भिलाई के जोन आयुक्त एवं कार्यपालन अभियंता नुकसान का वास्तविक आकलन करके 15 दिन के अंदर रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे। नगर निगम भिलाई क्षेत्र में जिलाधीश अभिजीत सिंह निरीक्षण करने पहुंचे, सर्वप्रथम उनके द्वारा सुशासन तिहार 2025 में प्राप्त आवेदनों की जानकारी प्राप्त की, किस प्रकार के आवेदन प्राप्त हो रहे हैं। लोगों की प्रमुख रूप से क्या आवश्यकता है, क्या मांग है, किस प्रकार के आवेदन ज्यादा आ रहे हैं। इन सब के बारे में आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय एवं उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों से जानकारी प्राप्त किये। इस दौरान सुपेला निवासी शांति बाई साहू शिकायत करने आई थी कि उनके घर में पानी एवं सफाई की समस्या है, तुरंत कर्मचारियों को भेज करके निराकरण करवाया गया। न्यू खुर्सीपार निवासी ध्रुव सिंह की शिकायत थी कि खाते में पेंशन नहीं आ रहा है, पता किया गया तो इंडियन बैंक में पेंशन जा रहा है, उन्हें मालूम नहीं था। तत्पश्चात खुर्सीपार मिनी स्टेडियम का निरीक्षण करने करने गए। स्टेडियम के नीचे 2007 से बनी हुई दुकानें हैं उन्हें किस प्रकार से वर्तमान स्थिति में मूल्यांकन करके उपयोगी बनाया जाए इस पर चर्चा किये। इसके बाद खुर्सीपार में निर्मित इनडोर स्टेडियम का निरीक्षण करने गए। स्टेडियम का निर्माण लोक कर्म विभाग दुर्ग द्वारा किया गया था। निर्माण उपरांत खेल विभाग दुर्ग के आधिपत्य में दे दिया गया था। वर्तमान में स्टेडियम की स्थिति देखकर नाराजगी व्यक्त किये।

### बीएसपी और अक्षय पात्र के मध्य मध्याह्न भोजन आपूर्ति के लिए एमओयू

**भिलाई, 11 अप्रैल।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र एवं अक्षय पात्र फाउंडेशन के बीच मध्यान्ह भोजन आपूर्ति के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। कार्यपालक निदेशक पवन कुमार ने भिलाई इस्पात संयंत्र की ओर से तथा क्षेत्रीय अध्यक्ष व्योमपाद दासा ने अक्षय पात्र फाउंडेशन की ओर से इस समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर महाप्रबंधक शिवराजन, उप-महाप्रबंधक राजीव कुमार, वरिष्ठ प्रबंधक एस.के कामड़े भी उपस्थित थे। इस नवीनीकृत समझौते के अंतर्गत दुर्ग जिले के सरकारी प्राइमरी एवं मिडिल स्कूलों में अध्ययनरत लगभग 25,000 बच्चों को प्रतिदिन पोषक मध्याह्न भोजन प्रदान किया जाएगा।

# ग्रामीणों ने पहली बार गांव आने पर जिपं सभापति दीपा का बीरन की माला पहनाकर स्वागत किया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा, 11 अप्रैल।** सभापति जिला पंचायत कबीरधाम श्रीमती दीपा -पप्पू धुर्वे ग्राम पंचायत बिरहुलडीह के आश्रित ग्राम कुंडापानी में राम जानकी, महामाया मंदिर में पहुंच कर पुजा अर्चना की और क्षेत्र वासियों के जिवन मे शांति सुख और समृद्धि आये जिसके लिए मनोकामना की। कुंडा पानी गांव में सभापति बनने के बाद पहली बार पहुंचने पर ग्रामीणों ने जिला पंचायत सभापति श्रीमती दीपा -पप्पू धुर्वे जी को बीरन की माला पहनाकर भव्य स्वागत अभिनन्दन किया! जिला पंचायत सभापति दीपा धुर्वे जी ने उद्बोधन में कहा कि चारों



तरफ़ जंगल से घिरे हुए गांव कुंडा पानी में इस तरह माता रानी की सेवा भव्य आयोजन में मुझे शामिल होने का सौभाग्य प्राप्त हुआ मैं दिल से समस्त ग्रामवासीयों को हृदय से आभार व्यक्त करती हूं! जिला पंचायत सभापति से ग्राम वासियों के द्वारा समुदायिक भवन कि मांग कि गई जिस पर दीपा धुर्वे जी ने समुदायिक भवन की सुकृति दी और समुदायिक भवन की सौगात की सुकृति पाकर ग्रामीणों ने दीपा दीदी को आभार व्यक्त किया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से ग्राम पंचायत बिरहुलडीह के सरपंच श्रीमती बिंदा पनागर भाजपा कार्यकर्ता भाई नरेंद्र सोनवानी भाई मोहित मरावी जी सहित समस्त भाजपा कार्यकर्ता एवं ग्रामीण जन उपस्थित रहे ।

### सिम दूसरे को बेचा,जुर्म दर्ज

**भिलाई, 11 अप्रैल।** भिलाई एयरटेल कंपनी का सिम बेचने वाले आरोपी ने बेईमानी पूर्वक प्रार्थी के नाम लिए गए सिम को किसी अन्य व्यक्ति को बेच दिया प्रार्थी की रिपोर्ट पर नेवई पुलिस मामले में धारा 419,420 के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना कर रही है नेवई पुलिस ने बताया कि लालचंद चौधरी (36 साल ) निवासी स्टेशन मरोदा एचएससीएल कालोनी वार्ड 17, शिवपारा बीएसपी में ठेका श्रमिक का काम करता है उन्होंने रिपोर्ट दर्ज कराया कि वर्ष 2022 जुलाई माह में स्टेशन मरोदा के पास में एक एयरटेल सिम बेचने वाला आया था, जिसने अपना नाम शुभम निर्मलकर बताया था तब प्रार्थी ने एयरटेल कंपनी का सिम लेने के लिये अपना आधार कार्ड दिया उनके द्वारा प्रार्थी का लाइव फोटो व बायोमैट्रिक लिया गया।

# पोषण पखवाड़े में सभी ग्राम पंचायतों में कुपोषण से मुक्ति के लिए संकल्प लिया गया



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उतई, 11 अप्रैल।** सभी ग्राम पंचायत में कुपोषण मुक्ति हेतु संकल्प लिया गया तथा अपने ग्राम पंचायत को सुपोषित ग्राम पंचायत बनाने में हर संभव सभी भागीदारी सुनिश्चित करने का शपथ लिया गया।दुर्ग ग्रामीण परियोजना अधिकारी श्रीमती उषा झा ने बताया कि हर साल की तरह इस साल भी पोषण अभियान के तहत पोषण पखवाड़ा का आयोजन 8 अप्रैल 2025 से 22 अप्रैल 2025 तक सभी आंगनबाड़ी केंद्रों और ग्राम पंचायत में मनाया जा रहा है।इस अभियान का मुख्य उद्देश्य व्यक्तिगत एवं समुदाय स्तर पर स्वास्थ्य व पोषण संबंधी व्यवहार परिवर्तन है । लोगों को जागरूक करने हेतु सामुदायिक सहयोग से विभिन्न प्रकार के थीम आधारित गतिविधि का आयोजन प्रतिदिन करने का प्रावधान है। जिसमें जीवन के प्रथम 1000 दिवस पर विशेष ध्यान, अतिगंभीर व मध्यम कुपोषित बच्चों की पहचान करके उनके पोषण स्तर को सुधारने के लिए विशेष प्रयास, वर्तमान समय की समस्या बच्चों के मोटापे को दूर करने के लिए स्वस्थ जीवन शैली के संबंध में जागरूकता आदि शामिल है। शासन के कुपोषण मुक्ति के संकल्प को साकार करने हेतु सभी की भागीदारी अनिवार्य है। सब मिलजुल कर प्रयास करेंगे तभी इस कुपोषण रूपी जंग को जीता जा सकता है। शासन के इस लक्ष्य की पूर्ति के लिए दुर्ग ग्रामीण की सभी पर्यवेक्षक, सभी आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और सभी सहायिका दृढ़ संकल्पित होकर कार्य कर रही हैं।

# भाजपा है विश्व की सबसे बड़ी पार्टी: विजय बघेल

**भिलाई, 11 अप्रैल।** बीजेपी का सक्रिय सदस्य सम्मेलन दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम कोलिहापुरी में आयोजित किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि विजय बघेल, ललित चंद्राकर विधायक, भाजपा जिलाध्यक्ष सुरेश कौशिक, प्रितपाल बेलचंदन, लिलेश्वर देशमुख, हेमन्त सिन्हा, अनुपात साहू, राजू जंघेल, शीतल ठाकुर मंडल अध्यक्ष, आशीष निमचे, गायत्री वर्मा, दिनेश देवांगन, मनोज साहू, दिलीप साहू, विनोद अरोरा, माया बेलचंदन की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। इस दौरान सांसद विजय बघेल ने कहा कि 6 अप्रैल भाजपा स्थापना दिवस पर भाजपा सक्रिय सदस्य सम्मेलन का कार्यक्रम में



जनपद जिला पंचायत के पदाधिकारी रहे। विश्व की सबसे बड़ी भाजपा पार्टी बनकर उभरी है। भाजपा कभी भी शासन करने के लिए नहीं सेवा करने के लिए है और भाजपा के भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हैं। अटल बिहारी वाजपेई ने कहा था अंधेरा छटेगा कमल खिलेगा। उस समय सन् 1982 में पहली बार 2 सांसद चुन कर आए थे तो कांग्रेस ने हंसी उड़ाई थी कहा था हम दो और हमारे दो। सन् 2019 में 303 सांसद चुन कर आए, सन् 2024 में 240 सांसद हैं। विश्व की सबसे बड़ी भाजपा पार्टी है। इस अवसर पर भाजपा के सैकड़ों जनप्रतिनिधि एवं पदाधिकारी अत्यधिक संख्या में उपस्थित रहे।

संपादकीय

# अधिवेशन के फैसलों पर अमल भी तो हो

राजनीतिक दलों की बैठकें होती रहती है, अधिवेशन होते रहते हैं, हर बार नए-नए फैसले लिए जाते हैं लेकिन फैसलों पर सालों तक अमल नहीं किया जाता है। एक अधिवेशन के फैसलों पर अमल नहीं होता है कि फिर अधिवेशन का समय आ जाता है। फिर नए फैसले लिए जाते हैं। इससे ऐसा लगता तो है कि राजनीतिक दल कुछ कर रहे हैं,कुछ करना चाहते हैं लेकिन फैसलों पर जब अमल ही नहीं होता है तो पता चलता है कि राजनीतिक दलों को यह तो पता है कि समस्या क्या है,चुनौती क्या है लेकिन यह पता नहीं है कि उसका समाधान क्या है,उससे निपटा कैसे जा सकता है। जयपुर अधिवेशन में लिए गए फैसलों पर पूरी तरह अमल नहीं हुआ। उसमें एक फैसला यह लिया गया था कि एक व्यक्ति को एक पद ही मिलेगा लेकिन संगठन में युवाओं को ज्यादा महत्व दिया जाएगा। लेकिन ऐसा ध्यान देकर नहीं किया गया। कई नेता एक से ज्यादा पदों पर आज भी हैं। खुद गांधी परिवार से दो लोकसभा सांसद है तो एक राज्यसभा से सांसद है। जब भी कुछ लिए गए फैसलों के खिलाफ किया जाता है तो जनता के साथ ही पार्टी के लोगों को भी लगता है कि अधिवेशन में लिए गए फैसलों को हकीकत में कोई खास महत्व नहीं होता है। जयपुर के बाद रायपुर अधिवेशन में भी कई फैसले लिए गए थे, उनमें से कई फैसलों पर अमल ही नहीं किया गया। एक बात यह कही गई थी मौजूदा परिस्थितियों में कांग्रेस ही देश को निर्णायक नेतृत्व दे सकती है लेकिन कांग्रेस ऐसा करने में सफल नहीं रही। कांग्रेस ने विपक्ष का नेतृत्व किया लेकिन विपक्ष को वह कभी भाजपा के खिलाफ इतना एकजुट नहीं कर सकी कि वह भाजपा को हरा सके। यूपी को छोड़ दिया जाए तो बाकी राज्यों में कांग्रेस विपक्ष को एकजुट करने में सफल नहीं हुई। कांग्रेस को पहले से ज्यादा सीटें मिली जरूर लेकिन वह विपक्ष के साथ मिलकर सरकार बनाने की स्थिति में नहीं आ सकी। भाजपा ने तीसरी बार सरकार बनाकर फिर साबित किया कि कांग्रेस रक देश की जनता के साथ ही देश के राजनीतिक दलों को भी भरोसा नहीं है कि वह स्थायी व मजबूत सरकार दे सकती है। यही वजह है कि नीतीश कुमार व चंद्रबाबू नायडू ने कांग्रेस व विपक्षी दलों के साथ जाने के बजाय भाजपा के साथ जाना ज्यादा बेहतर समझा। कांग्रेस अधिवेशन में लिए तो कई फैसले लेकिन वह जनता को प्रभावित नहीं करते हैं। उससे बस ऐसा लगता है कि कांग्रेस चाहती है कि जनता उसे भाजपा के विकल्प के रूप में स्वीकार करे लेकिन वह कुछ भी तो ऐसा नहीं कहती है या करती है जिससे जनता को लगे कि वह भाजपा से कुछ बेहतर करके दिखाना चाहती है। राहुल गांधी कहते हैं कि देश की जनता भाजपा से तंग आ चुकी है,बिहार विधानसभा चुनाव में यह दिखाई देगा।आने वाले समय में बदलाव होने वाला है। लोगों का ऐसा मूड दिख रहा है।राहुल गांधी तो ऐसा कई बार कह चुके हैं, लेकिन भाजपा की सरकार केंद्र सहित राज्यों में रिपीट होती रही है। केंद्र में तीन बार राहुल गांधी को मोदी हरा चुके हैं, राज्यो में दस साल में राहुल गांधी 80 चुनाव हार चुके है,हर चुनाव में वह कहते हैं कि इस बार भाजपा हारेगी लेकिन खुद कांग्रेस हार जाती है। हरियाणा में क्या हुआ, वहां तो कांग्रेस चुनाव जीत रही थी, कांग्रेस क्यों हार गई। राहुल गांधी को पता नहीं है, न राहुल गांधी ने पता लगाने की कोशिश की। महाराष्ट्र में क्या हुआ बुरी तरह हारी, इस बुरी तरह हारी कि हार को स्वीकार तक नहीं कर सकी। सारा दोष ईवीएम व चुनाव आयोग पर मढ़ दिया। ऐसी पार्टी को जनता कैसे भाजपा का विकल्प स्वीकार कर सकती है जो हार को भी स्वीकार नहीं करती है और हराने की साजिश को चुनाव आयोग या अदालत के सामने साबित तक नहीं कर सकती है।राहुल गांधी जातिगत जनगणना की बात बहुत करते हैं, कहते हैं कि इससे देश में क्रांति आ जाएगी, वह कहते हैं कि हमने तेलंगाना में ऐसा किया है,लेकिन वह नहीं बताते हैं कि तेलंगाना में जातिगम जनगणना कराने से क्या क्रांति आ गई है। ऐसे में देश की जनता कैसे राहुल गांधी की बातों पर यकीन करे कि देश में मात्र जातिगत जनगणना कराने से सब कुछ बदल जाएगा, सब कुछ अच्छा हो जाएगा। वह कहते हैं कि आरक्षण की पचास फीसदी की दीवार को तोड़ा जाएगा। कम से कम वह उन राज्यों में तो ऐसा करके दिखाएं जहां उनकी सरकार है। वह कांग्रेस शासित राज्यों में कुछ करके दिखाते नहीं है और चाहते हैं कि वह जो कुछ भी कहते हैं जनता उस पर आंख मुंद कर यकीन कर ले कि राहुल गांधी ने जो कुछ कहा है वह करेंगे ही।रायपुर अधिवेशन के समय कांग्रेस का लक्ष्य लोकसभा चुनाव में विपक्ष को एकजुट कर भाजपा को हराना था,लेकिन वह ऐसा नहीं कर सकी। 99 सीट पाकर ही कांग्रेस को यह वहम हो गया कि उसने भाजपा को हरा दिया है, भाजपा को कमजोर कर दिया है,भाजपा सरकार को वह कभी गिरा देंगे और साझा सरकार बना लेंगे। वह बस बातें करते रह गए और भाजपा लोकसभा चुनाव में जिन गलतियों के कारण सीटें कम हो गई थी, उसको जाना और दूर किया और फिर से विजय के पथ पर लौट आई और कांग्रेस को फिर से लगातार कई राज्यों में हराकर भाजपा ने साबित किया वह जनता के लिए कल भी भरोसे की पार्टी थी और आज भी है।कांग्रेस अपनी गलतियों से सबक नहीं लेती है,संगठन के मजूबत करना है तो नहीं करती है और उम्मीद करती है कि वह हर चुनाव जीत जाएगी।सब जानते हैं कि चुनाव में जीत के लिए जनता को प्रभावित करने वाले मुद्दे,विश्वास करने योग्य योजनाएं,मजबूत नेता की जरूरत होती है लेकिन इसके लिए प्रयास नही किया जाता है। साथ ही भाजपा की नकल करके भी कांग्रेस चुनाव नहीं सकती यह बात कांग्रेस को समझ लेनी चाहिए। एक समय था भाजपा भी जब चुनाव नहीं जीत रही थी को उसने कांग्रेस की नकल करने की कोशिश की थी, लेकिन सफलता उस तब मिली जब वह मूल विचारधारा की तरफ लौटी। कांग्रेस अब यह तय नहीं कर पा रही है कि उसकी विचारधारा क्या है। वह कभी मुस्लिम परस्त हो जाती है तो कभी उसके नेता मंदिरों में मत्था टेककर खुद को हिंदू बताने का प्रयास करते हैं। भाजपा अपने राष्ट्रवाद के कारण देश में खास वर्ग को बहुत पसंद है तो अब राहुल गांधी व कांग्रेस भी राष्ट्रवाद की बात इस अधिवेशन में की है। उन्होंने अपने राष्ट्रवाद को भाजपा से अलग राष्ट्रवाद बताया है। वह अक्सर यह गलती करते हैं कि वह खुद ही भाजपा के हिंदुत्व से अपने हिंदुत्व को बेहतर भाजपा के राष्ट्रवाद से खुद के राष्ट्रवाद को बेहतर बताते हैं। उनको भाजपा से खुद को बेहतर बताने की जरूरत नहीं है, उनको अपनी बात जनता के सामने रखना चाहिए और जनता को फैसला करने देना चाहिए, वह क्या कहती है। जनता तो हर चुनाव में राजनीतिक दलों को अपना फैसला सुनाती है। कांग्रेस को अपनी बात जनता के सामने रखने का पूरा हक है लेकिन वह खुद जज न बने, जनता को फैसला करने दे। बिहार चुनाव इसी साल है जनता फैसला करके बताएगी कि उसे कौन सा राजनीतिक दल क्यों पसंद है।

चर्चित मुद्दा

# तहव्वुर राणा का प्रत्यर्पण:भारत की एक बड़ी सफलता

सुनील कुमार महला



आतंकवाद भारत ही नहीं बल्कि संपूर्ण विश्व के लिए आज भी एक नासूर है और हाल ही में इस नासूर पर लगाम लगाने के क्रम में मुंबई धमाकों 2008 के साजिशकर्ता तहव्वुर राणा को अमेरिका से भारत लाया गया है। कहना गलत नहीं होगा कि यह भारत की आतंकवाद के खिलाफ एक बड़ी जीत है।सच तो यह है कि यह भारत सरकार के अथक रणनीतिक प्रयासों का ही परिणाम है कि तहव्वुर राणा को भारत लाया जा सका है। पाठकों को बताता चलूं कि मुंबई आतंकवादी हमले में सैकड़ों लोग मारे गए थे, जिनमें 26 विदेशी नागरिक भी थे और इस हमले की विश्वव्यापी निंदा हुई थी। वास्तव में भारत का यह कदम आतंकवादी संगठनों, विशेषकर पाकिस्तान के लिए एक सशक्त/सख्त संदेश है कि किसी एक देश का आतंकवादी किसी अन्य देश में बेफिक्र होकर नहीं घूम सकता। पाठक अच्छी तरह से जानते होंगे कि आतंकवाद का मतलब है, किसी राजनीतिक, धार्मिक, या वैचारिक मकसद को पूरा करने के लिए हिंसा या धमकी का इस्तेमाल करना। वास्तव में आतंकवाद का मकसद, सरकार को किसी न किसी प्रकार से प्रभावित करना या लोगों को डराना होता है। वास्तव में सच तो यह है कि आतंकवाद को एक तरह की हिंसात्मक गतिविधि माना जाता है। संक्षेप में कहें तो यह मानवता के विरूद्ध एक गंभीर अपराध है। पाठकों को जानकारी देना चाहूंगा कि इस कदम से अमेरिका का आतंकवाद के प्रति दृष्टिकोण भी और अधिक स्पष्ट हो गया है। सच तो यह है कि आतंकवाद व आतंकवादी किसी भी राष्ट्र के मित्र नहीं हो सकते हैं। यदि हम यहां पर आतंकवाद की खास बातों पर विचार करें तो यह व्यक्तियों के बीच की लड़ाई नहीं है, बल्कि यह तो एक प्रकार से सामाजिक समूहों और राजनीतिक शक्तियों के बीच संघर्ष है। वास्तव में सच तो यह है कि आतंकवादियों द्वारा इस्तेमाल की जाने वाली रणनीति, असीमित युद्ध का एक रूप ही तो है।कहना गलत नहीं होगा कि आतंकवाद को संरक्षण देने वाले देश स्वयं इसके दुष्परिणामों से अछूते नहीं रह सके हैं और विशेषकर पाकिस्तान इसका जीता-जागता उदाहरण है।आतंकवाद बहुत ही घृणित और विनाशकारी अपराध है। गौरतलब है कि तहव्वुर राणा का प्रत्यर्पण आतंकवाद के प्रति वैश्विक परिप्रेक्ष्य में परिवर्तन लाने की क्षमता रखता है। साथ ही, भारत सरकार ने



आतंकवाद के प्रति अपनी जीरो टोलरेंस(शून्य सहनशीलता) नीति को भी वैश्विक स्तर पर दृढ़ता से प्रमाणित किया है। अब सरकार से यह अपेक्षा की जा सकती है कि भविष्य में भी इसी प्रकार से अन्य आतंकवादियों और आर्थिक अपराधियों के प्रत्यर्पण को भी सुनिश्चित किया जाएगा। बहरहाल, पाठकों को यह याद होगा कि कुछ समय पहले ही व्हाइट हाउस में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में तहव्वुर राणा को भारतीय कानून का सामना करने के लिए भारत भेजने पर सहमति व्यक्त की थी। उपलब्ध जानकारी के अनुसार राणा पेशे से चिकित्सक है, जिसका जन्म पाकिस्तान में हुआ था तथा बाद में वह कनाडा चला गया था और वहां का नागरिक बन गया। मुंबई आतंकवादी हमले के मुख्य साजिशकर्ताओं में एक अमेरिकी नागरिक डेविड कोलमैन हेडली उर्फ दाउद गिलानी का राणा करीबी सहयोगी रहा है। उल्लेखनीय है कि हेडली ने मुंबई हमले की रेकी की थी और इस साजिश को साकार करने में राणा ने उसकी मदद की थी।पाठकों को बताता चलूं कि उस समय मुंबई के ताज होटल, सीएसटी और कामा अस्पताल समेत कई जगहों पर हमला हुआ था। इस दौरान पुलिस व सेना की जवाबी कार्रवाई में आतंकी अजमल कसाब जीवित पकड़ा गया था तथा उसे कानूनी प्रक्रिया में दोषी पाये जाने के बाद वर्ष 2012 में उसे 21 नवंबर 2012 में फांसी दे दी गई। गौरतलब है कि कसाब के विरुद्ध दायर चार्जशीट में राणा, हेडली के नामों का भी उल्लेख किया गया है।आरोप है कि राणा ने पाकिस्तानी आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा और हरकत-उल-जिहादी इस्लामी के आतंकवादियों के साथ मिल कर देश की आर्थिक राजधानी मुंबई पर हमले की साजिश रची थी। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि अमेरिका की खुफिया एजेंसी एफबीआई ने वर्ष 2020 में राणा को गिरफ्तार किया था। दरअसल, उसकी गिरफ्तारी भारत के कूटनीतिक दबाव के कारण हुई थी। बाद में जांच एजेंसियों की पूछताछ में यह सामने आया कि मुंबई आतंकी हमले में राणा का भी हाथ रहा है। हाल फिलहाल, एनआईए को तहव्वुर राणा की 18 दिन की रिमांड मिली है और इस संबंध में पटियाला हाउस कोर्ट ने अपना फैसला सुनाया है। उम्मीद की जा सकती है कि पूरी जांच के बाद मुंबई हमले में पाकिस्तान की भूमिका की भी पुख्ता जानकारी भारत को मिल सकेगी। हालांकि, यह बात अलग है कि यह पहले भी प्रमाणित हो चुका है कि इस हमले की साजिश पड़ौसी देश पाकिस्तान में ही रची गई थी। भारत के पास इस बात के पुख्ता प्रमाण हैं, लेकिन पाकिस्तान यह कभी भी स्वीकार नहीं करेगा। हालांकि, पाकिस्तान का चेहरा अब पूरी दुनिया के समक्ष एक्सपोज हो चुका है कि वह आतंकवाद और आतंकियों का असली गढ़ है। हाल फिलहाल, 26/11 के मुंबई आतंकी हमले के आरोपी तहव्वुर हुसैन राणा का अमरीका से भारत प्रत्यर्पण एक कानूनी सफलता भर नहीं है, बल्कि यह हमारी राष्ट्रीय प्रतिबद्धता का प्रमाण भी है कि हम आतंकवाद को किसी भी हाल और सूरत में स्वीकार करने वाले नहीं हैं। जैसा कि ऊपर भी यह कह चुका हूं कि यह भारत की आतंकवाद के प्रति जीरो टोलरेंस की नीति को स्पष्टतया दिखाता है। यहां पाठकों को यह भी बताता चलूं कि भारत ने न केवल राणा की आतंकी हमले में संलिप्तता के ठोस प्रमाण प्रस्तुत किए, बल्कि यह भी सुनिश्चित किया कि उसके साथ अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप व्यवहार किया जाएगा। इसके बाद, अमरीकी अदालतों में लंबी कानूनी प्रक्रिया चली। राणा ने भारत में निष्पक्ष सुनवाई न होने का तर्क देने के साथ अपनी जान को खतरा बताते हुए प्रत्यर्पण का विरोध भी किया था। अंत में यही कहूंगा कि मुंबई हमला देश की आत्मा पर हुआ एक ऐसा घातक वार था, जिसके जख्म आज भी हमारे मन में हरे हैं। वास्तव में तहव्वुर राणा का प्रत्यर्पण वैश्विक एकजुटता को भी दशार्ता है जो कि आतंकवाद के खिलाफ आवश्यक है। अमरीका के इस सहयोग से दोनों देशों(भारत-अमेरिका) के रणनीतिक संबंधों को भी गति मिल सकेगी और दोनों देशों का भरोसा भी इससे कहीं न कहीं मजबूत हो सकेगा। हाल फिलहाल तहव्वुर राणा भारत की न्यायिक प्रक्रिया के अधीन है, अतः यह आवश्यक है कि उसके खिलाफ मुकदमा पारदर्शिता और निष्पक्षता से चलाया जाए। यह भारत की न्याय प्रणाली के प्रति आमजन के विश्वास को और मजबूत करेगा। साथ ही, मुंबई हमले के उन पीड़ित परिवारों के लिए ढांढस बढ़ाएगा, जिन्हें उस आतंकी हमले ने अपूरणीय क्षति पहुंचाई।

## राशिफल

मेष- आज का दिन आपके लिए ऊजार्वान रहने वाला है। आप किसी नए प्रोजेक्ट की शुरूआत करेंगे, तो इसके लिए आप अच्छा धन लगाएंगे। जीवनसाथी के लिए आप कोई सरप्राइस प्लान कर सकते हैं। आप अपने घर के रिनोवेशन पर भी अच्छा खासा धन व्यय करेंगे। आपकी माताजी आपसे किसी बात को लेकर नाराज हो सकती हैं। ननिहाल पक्ष से आपको मान सम्मान मिलता दिख रहा है। आप किसी की बातों में आकर प्रॉपर्टी में इन्वेस्टमेंट ना करें।

वृषभ- आज का दिन आपके लिए उत्तम रूप से फलदायक रहने वाला है। आप अपने बिजनेस को विदेश लेकर जाने की कोशिश में कामयाब रहेंगे। आप अपने खानपान पर थोड़ा नियंत्रण बनाए रखें, नहीं तो समस्याएं बढ़ेंगी। आपको सोच समझकर कामों को करना होगा। आपको किसी पुराने मित्र से लंबे समय बाद मिलने का मौका मिलेगा। किसी सरकारी योजना का आपको पूरा लाभ मिलेगा। आपको संतान की पढ़ाई लिखाई में कोई समस्या आ सकती है।

मिथुन- आज का दिन आपके लिए करियर के लिहाज से अच्छा रहने वाला है। आपने यदि किसी नौकरी के लिए अप्लाई किया था, तो उसके लिए वहां से आपको कोई ऑफर आ सकता है। आज आप काम अधिक रहने के कारण शारीरिक थकान महसूस करेंगे। आज किसी यात्रा पर जाएं तो अपने कीमती सामानों की सुरक्षा अवश्य करें। आज आपके परिवार में किसी सदस्य को रिटायरमेंट मिलने से कोई सरप्राइज पार्टी प्लान हो सकती है।

कर्क- आज का दिन आपके लिए परस्पर सहयोग की भावना लेकर आने वाला है। आपको अपने कामों के प्रति सावधान रहना होगा। आर्थिक मामलों में आपको कोई बड़ा जोखिम लेने से बचना होगा। आपको कोई काम जल्दबाजी में नहीं करना है। आप अपने खान-पान पर पूरा ध्यान दे, नहीं तो समस्याएं बढ़ सकती हैं। कार्य क्षेत्र में आपको कोई जिम्मेदारी भरा काम मिलने से आपकी टेंशन बनी रहेगी। आप किसी से धन का लेनदेन सोच समझकर करें।

सिंह- आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आपको कोई फैसला जल्दबाजी में लेने से बचना होगा। आपका कोई महत्वपूर्ण काम यदि लंबे समय से लटका हुआ था, तो वह पूरा हो सकता है। कार्यक्षेत्र में आपको धैर्य व साहस से काम लेने की आवश्यकता है। आपके कुछ नए प्रयास बेहतर रहेंगे। आप अपने कामों को भाग्य के भरोसे ना छोड़े। आपके मन में किसी काम को लेकर यदि संशय बना हुआ था, तो आप उस काम को बिल्कुल ना करें। विद्यार्थियों को बौद्धिक व मानसिक बोझ से छुटकारा मिलेगा।

कन्या- आज का दिन आपके लिए अपने खर्चों पर नियंत्रण बनाए रखने के लिए रहेगा। पारिवारिक जीवन में यदि कुछ समस्याएं चल रही थी, तो वह दूर होगी। आपको धैर्य व साहस से काम लेना होगा। कार्यक्षेत्र में आपको कोई बड़ी जिम्मेदारी मिल सकती है। सरकारी नौकरी की तैयारी में लगे लोग अपनी मेहनत में कोई कसर न छोड़ें। आपको किसी नौकरी के काम को लेकर कहीं बाहर जाना पड़ सकता है। जीवनसाथी और आपके बीच किसी बाहरी व्यक्ति के आने के कारण समस्या हो सकती है।

तुला- आज का दिन आपके लिए सोच समझ कर काम करने के लिए रहेगा। व्यवसाय में आपको कुछ नए अवसर मिल सकते हैं। पारिवारिक रिश्तों में एकता बनी रहेगी। आपकी कोई मन की इच्छा पूरी होने से खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। आपकी दीर्घकालीन योजनाओं को गति मिलेगी। स्वास्थ्य में उतार-चढ़ाव रहने से आपका मन परेशान रहेगा। आप कहीं घूमने फिरने जाने की प्लानिंग कर सकते हैं। विद्यार्थियों की पढ़ाई लिखाई में यदि कुछ समस्या आ रही थी, तो वह भी दूर होगी।

वृश्चिक- आज का दिन आपके लिए किसी वाद विवाद से दूर रहने के लिए रहेगा। आप अपने आर्थिक मामलों को लेकर परेशान रहेंगे। आप अपनी दिनचर्या को बेहतर बनाए रखें। जीवनसाथी से संबंधों में यदि कटुता आ गई थी, तो वह भी दूर होगी। सिंगल लोगों की अपने प्यार से मुलाकात हो सकती है। आपको कोई लोन अप्लाई करने से बचना होगा, नहीं तो आपको उसे उतारने में समस्या आ सकती है। बॉस आपके कामों के सराहना करेंगे और आपको प्रमोशन आदि भी मिल सकता है।

धनु- आज का दिन आपके लिए परोपकार के कार्यों में हिस्सा लेने के लिए रहेगा। आपने यदि किसी से कुछ कर्ज लिया था, तो उसे भी आप आसानी से उतार सकेंगे। आपका डूबा हुआ धन आपको मिलने की संभावना है। आप अपने काम के साथ-साथ परिवार के सदस्यों के लिए भी समय निकालेंगे। जीवनसाथी आपसे किसी बात को लेकर नाराज हो सकती हैं। संतान के भविष्य को लेकर आप कोई बड़ा इन्वेस्टमेंट करने की प्लानिंग कर सकते हैं। आपको अपने परिवार के सदस्यों की समस्याओं को भी दूर करने की कोशिश करनी होगी।

मकर- आज का दिन आपके लिए कुछ विशेष कर दिखाने के लिए रहेगा। आप अपने शांत स्वभाव से अपनी समस्याओं को भी आसानी से सुलझाने की कोशिश में लगे रहेंगे। आपकी तरक्की की राह में आ रही बाधाएं दूर होंगी। आपको अपनी फिटनेस पर पूरा ध्यान देना होगा। परिवार में सुख शांति भरा माहौल रहेगा, क्योंकि आप वरिष्ठ सदस्यों की बातों को पूरा महत्व देंगे। आप अपने घर किसी नए इलेक्ट्रॉनिक आइटम को लेकर आ सकते हैं। आईटी सेक्टर से जुड़े लोगों को प्रमोशन मिल सकता है।

कुंभ- आज का दिन आपके लिए रचनात्मक कार्य से जुड़कर नाम कमाने के लिए रहेगा। कार्यक्षेत्र में आपको अच्छी उन्नति मिलेगी। आपको अपने दिनचर्या में योग व व्यायाम पर भी पूरा ध्यान देना होगा। आप अपने व्यवसाय के किसी काम को लेकर यात्रा पर जा सकते हैं। आपकी यदि कोई डील लटकी हुई थी, तो उसकी पार्टनरशिप में डील फाइनल होने की संभावना है। आप अपनी संतान से किसी किए हुए वादे को पूरा करेंगे। सरकारी योजनाओं का आपको पूरा लाभ मिलेगा। आप किसी मनोरंजन के कार्यक्रम में भी सम्मिलित हो सकते हैं।

मीन- आज का दिन आपके लिए कामकाज के मामले में थोड़ा कमजोर रहने वाला है। आपको चिंताएं भी अधिक रहेंगी, क्योंकि आपके कार्यक्षेत्र में कुछ नए शत्रु उत्पन्न हो सकते हैं। आप किसी दूसरे के मामले में बेवजह न बोलें। परिवार के सदस्यों के मित्रों का आपको पूरा सहयोग मिलेगा। कोई कानूनी मामला आपके लिए सिर दर्द बन सकता है। आपको सेहत को लेकर थोड़ा सावधान रहना होगा। यदि आपने लापरवाही दिखायी तो समस्या बढ़ सकती है।

व्यंग्य

# सरकारी दफ्तर का अलादीन चिराग

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा उरतृप्त



कहते हैं, सरकारी दफ्तर में फाइलें नहीं चलतीं, वे ठहाके लगाती हैं। बाबू के हाथ में आते ही फाइलें कबड्डी खेलने लगती हैं, टेबल से टेबल कूदती हैं और बीच-बीच में कुछ महीनों के लिए गायब होकर गुप्त साधना करने चली जाती हैं। सरकारी दफ्तर वह जगह है जहाँ काम की गुहार लगाने वाला जनता का जिन्न होता है, और बाबू अलादीन, जो चिराग रगड़वाने के बाद ही फाइल में हरकत भरता है। यह बात रामलाल को तब समझ आई, जब उसने अपने मकान के नक्शे की स्वीकृति के लिए नगर निगम में दस्तक दी। वहाँ का बाबू ऐसे टेबल पर बैठा था, जैसे कि किंग कोबरा नागमणि पर। चाय की चुस्की लेते हुए उसने रामलाल की फाइल ऐसे उलटी-पलटी जैसे डॉक्टर मरीज की रिपोर्ट देखते हुए सोचता है कि बचाए या दाह संस्कार की सलाह दे। अरे भैया, यह फाइल तो अधूरी है! इसमें तो आठ दस्तावेज कम हैं! बाबू ने ऐसे कहा, जैसे माँगपत्र नहीं, अपहरण की फिरौती रख रहा हो। रामलाल ने घबराकर पूछा, कौन-कौन से? बाबू ने गिनाना शुरू किया, संपत्ति कर रसीद, बिजली बिल, पानी बिल, हलफनामा, पड़ोसियों की सहमति, वास्तुशास्त्री का प्रमाणपत्र, दो फोटो और एक पंडित जी की कुंडली! रामलाल अवाक! कुंडली क्यों? अरे भाई, कहीं राहु-केतु भारी हो तो भवन निर्माण में बाधा आ सकती है! बाबू ने ऐसा ज्ञान बघारा जैसे सरकारी दफ्तर का नया ग्रह विभाग वही हो। रामलाल ने किसी तरह फाइल पूरी की और फिर बाबू के पास पहुँचा। अब तो काम हो जाएगा ना? बाबू ने ऐसे मुस्कराया जैसे ट्रैफिक सिपाही हेलमेटविहीन बाइक सवार को देखता है। देखिए, आपके कागज तो पूरे हैं, पर इसमें अभी 'ऊर्जा' नहीं है! रामलाल को लगा, फाइल नहीं, मोबाइल की बैटरी चार्ज करनी है। ऊर्जा? अरे भाई, मतलब सेवा शुल्क! समझे कि नहीं? अब रामलाल समझ गया कि सरकारी दफ्तर में फाइलें तभी दौड़ती हैं जब इनके पेट में नोट रूपी ग्लूकोज जाए। आखिरकार, जब सब कुछ 'चार्ज' हो गया, तो बाबू ने अपने जादुई पेन से फाइल पर दस्तखत किए। रामलाल की आँखों में आँसू आ गए, जैसे काशी के पंडा को मुगल बादशाह से दान पत्र मिल गया हो। अब नक्शा पास हो जाएगा? बाबू ने कंधे उचकाए, बस एक सिग्नेचर और चाहिए—साहब का। साहब से मिलने के लिए भी एक विशेष पासवर्ड चाहिए था—एक और ऊर्जा का इंजेक्शन। रामलाल किसी तरह साहब तक पहुँचा। साहब तो ऐसे बैठे थे जैसे महल के राजा, और उनके सामने फाइलें ऐसे पड़ी थीं जैसे गुलाम लाइन लगाकर फरमान सुनने आए हों। हूँ... फाइल तो ठीक है... मगर इसकी आत्मा नहीं जागी !₹ साहब ने गहरी साँस ली। आत्मा? हाँ, अरे भाई, अभी इसमें मेरी स्वीकृति की महक नहीं आई। मतलब, एक और ऊर्जा चाहिए थी! रामलाल को लगा, नगर निगम नहीं, कोई पांच सितारा होटल है, जहाँ हर चीज के लिए सर्विस चार्ज अलग-अलग वसूला जाता है। किसी तरह हवन, दान-दक्षिणा और ऊर्जा संचार के बाद रामलाल का नक्शा पास हुआ। मगर बाबू ने जाते-जाते रामलाल को सरकारी ज्ञान दिया—भाई, यह सरकारी दफ्तर है, यहाँ फाइलों की उम्र घोंघे की रफ्तार से बढ़ती है, पर ऊर्जा मिलते ही यह तेंदुए की तरह दौड़ने लगती हैं! रामलाल सोचने लगा, क्या सरकारी दफ्तर वाकई काम करने के लिए बने हैं या फिर जनता की धैर्य परीक्षा लेने की प्रयोगशाला हैं? घर लौटते समय रामलाल सोच रहा था कि अलादीन के चिराग में कम से कम एक ही जिन्न था, यहाँ तो हर टेबल पर एक जिन्न बैठा है। और हर जिन्न की अलग-अलग ऊर्जा आवश्यक है! उसे महसूस हुआ कि सरकारी दफ्तर वह जगह है, जहाँ उम्मीद लेकर जाने वाले निराश लौटते हैं और नोट लेकर जाने वाले दस्तावेज लेकर। चाय की भाप, बाबुओं की मुस्कान और फाइलों की गति... सब कुछ 'ऊर्जा' पर निर्भर करता है!




(नया भारत और फुले का सपना)

# ज्योतिबा फुले का भारत बनना अभी बाकी है

प्रियंका सौरभ



जब आज का भारत तकनीक, विज्ञान और अंतरिक्ष में नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है, वहीं सामाजिक विषमता, जातिगत भेदभाव और लैंगिक असमानता अब भी हमारे समाज की हकीकत है। ऐसे समय में ज्योतिराव फुले जैसे विचारकों की शिक्षाएं केवल ऐतिहासिक दस्तावेज नहीं हैं, बल्कि आज के लिए जरूरी दिशानिर्देश हैं। आधुनिक भारत में यदि हमें वास्तव में एक समानतावादी और न्यायप्रिय समाज बनाना है, तो हमें फुले के विचारों को केवल स्मृति में नहीं, बल्कि नीति और व्यवहार में उतारना होगा।

**एक क्रांतिकारी विचारक की विरासत**-ज्योतिबा फुले केवल एक समाज सुधारक नहीं थे; वे एक द्रष्टा थे जिन्होंने भारत के सामाजिक ताने-बाने में फैली अस्पृश्यता, पितृसत्ता और ब्राह्मणवादी वर्चस्व को चुनौती दी। उन्होंने देखा कि शिक्षा, धर्म और परंपरा का उपयोग कैसे एक विशेष वर्ग के हितों की रक्षा के लिए किया गया है। यही कारण था कि उन्होंने शिक्षा को सामाजिक क्रांति का हथियार बनाया। फुले ने कहा था— ₹अगर आप लोगों को शिक्षित नहीं करते, तो आप उनके साथ धोखा कर रहे हैं। यह वाक्य आज भी भारतीय शिक्षा प्रणाली पर एक कटु टिप्पणी है, जहाँ शिक्षा का बाजारीकरण हो चुका है, और वंचित तबकों के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा अब भी एक सपना बनी हुई है।

**आज की शिक्षा और फुले की दृष्टि**-आज, जब शिक्षा महंगे निजी स्कूलों और कोचिंग संस्थानों की बपौती बन चुकी है, तो फुले का यह सपना अधूरा प्रतीत होता है कि हर बच्चे को समान और निःशुल्क शिक्षा मिले। उन्होंने पहली बार लड़कियों और दलित बच्चों के लिए स्कूल खोले, जबकि आज भी कई क्षेत्रों में लड़कियों की शिक्षा को लेकर समाज में संकोच बना हुआ है। फुले की सोच थी कि शिक्षा वह चाबी है जो समाज के हर ताले को खोल सकती है। क्या आज का भारत इस चाबी का सही उपयोग कर रहा है, या उसे केवल अमीरों की तिजोरी में कैद कर दिया गया है?

**जाति का दंश और लोकतंत्र की खोखली नींव**-फुले का सबसे बड़ा योगदान था झ जातिवाद के खिलाफ विचार की वैचारिक क्रांति। उन्होंने ब्राह्मणवादी वर्चस्व पर तीखा प्रहार किया और बताया कि धर्म का उपयोग कैसे सत्ता और शोषण के औजार के रूप में किया जाता है। आज भी भारत में जातिगत हिंसा, आरक्षण के विरोध और सामाजिक भेदभाव के असंख्य उदाहरण मिलते हैं। फुले ने जिन शूद्रों और अतिशूद्रों के अधिकारों की बात की थी, आज भी वही वर्ग सफाई कर्मचारी, भूमिहीन मजदूर, और निम्न वर्गीय



कार्यों में सिमटे हुए हैं। क्या यह लोकतंत्र का मखौल नहीं है कि 75 साल बाद भी जाति हमारे पेशे, रिश्ते और न्याय तक को प्रभावित करती है?

**महिलाओं की स्थिति: कितनी बदली, कितनी स्थिर ?**-सावित्रीबाई फुले को पढ़ाने से लेकर उन्हें भारत की पहली महिला शिक्षिका बनाने तक का सफर सिर्फ एक पति-पत्नी की कहानी नहीं, बल्कि समानता के संघर्ष की गाथा है। लेकिन क्या आज की महिलाएं सुरक्षित और सशक्त महसूस कर रही हैं? आज भी महिलाओं को निर्णय लेने की स्वतंत्रता, समान वेतन, और सामाजिक सुरक्षा के लिए संघर्ष करना पड़ता है। दहेज, बलात्कार, घरेलू हिंसा, और बाल विवाह जैसे अपराध आज भी हमारे समाज में मौजूद हैं।

ऐसे में फुले की यह सोच कि— ₹कोई समाज तब तक उन्नति नहीं कर सकता, जब तक उसकी महिलाएं शिक्षित और स्वतंत्र नहीं होतीं,पूरी तरह आज भी प्रासंगिक है।

**सत्यशोधक समाज और आज की राजनीति**-1873 में स्थापित सत्यशोधक समाज केवल एक संगठन नहीं, बल्कि एक आंदोलन था—सत्य की खोज और सामाजिक समानता की दिशा में। इस संगठन ने बिना किसी धार्मिक कर्मकांड के विवाह करवाए, जातिविहीन समाज की वकालत की और श्रमिकों, किसानों तथा महिलाओं को संगठित किया। आज जब राजनीति जाति और धर्म के नाम पर ध्रुवीकरण करती है, सत्यशोधक समाज का आदर्श एक वैकल्पिक राजनीतिक सोच प्रदान कर सकता है। राजनीति को सेवा के बजाय सत्ता का माध्यम बना दिया गया है, जबकि फुले सत्ता को सेवा और समानता का साधन मानते थे।

**फुले का साहित्य और आज की मीडिया**-फुले के ग्रंथ जैसे ह्यगुलामगिरीह्न और ह्यतृतीय रत्नह्न आज भी सामाजिक अन्याय के खिलाफ मजबूत दर्पण हैं। उन्होंने लिखा, बोला और संघर्ष किया। आज का मीडिया जिस तरह सेलिब्रिटी, सनसनी और साजिशों की कहानियों में उलझा हुआ है, फुले का लेखन उसके लिए एक जागरूकता का पाठ हो सकता है। क्या मीडिया कभी यह सवाल उठाता है कि गांवों में आज भी दलितों को मंदिरों में घुसने नहीं दिया जाता? कि क्यों आदिवासी इलाकों में स्कूल और अस्पताल नहीं पहुँचते? या कि क्यों महिलाएं रात को अकेली बाहर निकलने में डरती हैं? फुले का विचार मीडिया से एक संवैधानिक जिम्मेदारी निभाने की अपेक्षा रखता है—सिर्फ खबरें नहीं, जागरूकता और बदलाव का बीज बोना।

**नया भारत और फुले का सपना**-नया भारत₹ की बातें तो खूब होती हैं, लेकिन फुले के सपनों का भारत अभी अधूरा है। ऐसा भारत, जहाँ जाति जन्म से तय न हो, जहाँ धर्म मनुष्य को जोड़ने का काम करे, तोड़ने का नहीं; जहाँ महिला और पुरुष दोनों समान अवसरों के अधिकारी हों; और जहाँ शिक्षा सिर्फ अमीरों की वस्तु न हो। फुले ने जो बीज बोया था, वह पेड़ बन चुका है, लेकिन उसकी छांव अब भी हर किसी तक नहीं पहुँच पाई है। आज ज्योतिबा फुले हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन उनके विचार हमारे वर्तमान के आईने हैं। हमें यह तय करना है कि हम उनके जन्मदिन को केवल श्रद्धांजलि और मूर्तियों तक सीमित रखते हैं या उनके विचारों को नीति, शिक्षा, राजनीति और समाज के हर क्षेत्र में उतारते हैं। फुले का भारत कोई सपना नहीं था, वह एक चेतना थी—जिसे हमें आज के भारत में जीवित रखना होगा।

## एक नजर

### कोयला मंत्री जी किशन रेड्डी को काले झंडे दिखाने से पहले ही भू.विस्थापितों को पकड़ा पुलिस ने

**कोरबा 11 अप्रैल।** कोरबा में केंद्रीय कोयला एवं खदान मंत्री किशन रेड्डी के दौरे के समय भू.विस्थापित उन्हें काले झंडा दिखाने वाले थे। इससे पहले पुलिस ने उन्हें पकड़कर एल रीक्रिएशन क्लब में बंद कर दिया। भू.विस्थापितों कहना है कि रोजगार दिए बिना कोयला उत्पादन के लक्ष्य को पूरा नहीं होने देंगे। कोरबा में रोजगार एकता संघ के बैनर तले भू.विस्थापित प्रदर्शन कर रहे हैं। केंद्रीय कोयला एवं खदान मंत्री किशन रेड्डी के सामने भू.विस्थापित काला झंडा दिखाने वाले थे। इससे पहले पुलिस ने उन्हें पकड़कर एल रीक्रिएशन क्लब में बंद कर दिया। किसान सभा के प्रदेश संयुक्त सचिव प्रशांत झा ने कहा कि भूविस्थापितों के रोजगार और पुनर्वास की मांग को लेकर इस क्षेत्र में लंबे समय से आंदोलन चल रहा है। कुसमुंडा में भू.विस्थापित रोजगार एकता संघ के बैनर पर अनिश्चितकालीन धरना को 1255 दिन पूरे हो चुके हैं। भू.विस्थापितों की समस्या को लेकर चर्चा के लिए समय मांगने पर सीएमडी और डीपी द्वारा समय भी नहीं दिया जाता है। कोयला मंत्री के साथ सीएमडी और एसईसीएल के अन्य अधिकारियों के साथ यह दौरा कोयला उत्पादन को बढ़ाने के उद्देश्य से हो रहा हैए क्योंकि पिछले दो सालों से इस क्षेत्र में कोयला उत्पादन लगातार बाधित हो रहा है और उत्पादन लक्ष्य पूरा नहीं हो पा रहा है। इस दौरे की खबर लगते ही भू.विस्थापित आक्रोशित हो गए। उनका कहना है कि रोजगार दिए बिना कोयला उत्पादन के लक्ष्य को पूरा नहीं होने देंगे।

### आपातकालीन रिस्पांस ट्रेनिंग कार्यक्रम का हुआ सफल आयोजन

**कोरबा 11 अप्रैल।** कोरबा सेंट्रल एवं जेसिरेट विंग के संयुक्त तत्वावधान में सेंट जेवियर पब्लिक स्कूलए रामपुर में श्आग एवं आपातकालीन रिस्पांस ट्रेनिंगश् कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण शिविर का उद्देश्य विद्यालयीन छात्रों को आगजनी जैसी आपातकालीन परिस्थितियों में सही प्रतिक्रिया देने हेतु जागरूक एवं सक्षम बनाना था। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम का संचालन कोरबा की विशेष प्रशिक्षित अग्नि शामक दल एसडीआरएफ टीम द्वारा किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सेंट जेवियर स्कूल के मैनेजमेंट हेड आनंद द्वारा सभी अतिथियों एवं उपस्थितजनों के स्वागत के साथ हुई। मुख्य अतिथि के रूप में कोरबा चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष योगेश जैन उपस्थित रहे जिन्होंने कार्यक्रम की सराहना करते हुए आयोजन टीम को शुभकामनाएँ दीं। प्रशिक्षण कार्यक्रम में एसडीआरएफटीम ने सबसे पहले विद्यार्थियों को आग लगने के कारणों बचाव के तरीकों एवं आपातकालीन स्थितियों से निपटने की मूल जानकारी दी। तत्पश्चात गैस सिलेंडरए अग्निशामक यंत्रों एवं अन्य उपकरणों की सहायता से रियल.टाइम डेमो देकर आग पर काबू पाने की तकनीक सिखाई गई। सीपीआर जैसे लाइफसेविंग तकनीकों की भी व्यावहारिक जानकारी दी गई। कार्यक्रम में लगभग 500 विद्यार्थी एवं 20 शिक्षकगण शामिल हुए और सभी ने इस प्रशिक्षण को अत्यंत लाभकारी बताया। यह आयोजन न केवल विद्यार्थियों के लिए ज्ञानवर्धक रहाए बल्कि एक जिम्मेदार नागरिक के रूप में समाज के प्रति अपनी भूमिका को समझने में भी सहायक रहा।

### लघु उद्योग भारती कोरबा इकाई की नवीन कार्यकारिणी गठित, आशीष अध्यक्ष, अजय बने सचिव

**कोरबा 11 अप्रैल।** सूक्ष्म और लघु उद्यमों के संवर्धन एवं संरक्षण के लिए समर्पित लघु उद्योग भारती एक अखिल भारतीय संगठन है। देश भर में एमएसई क्षेत्र को सशक्त बनाने के लिए यह संगठन कार्य कर रही है। कोरबा जिला भी उद्योगिक क्षेत्र है। इसी परिप्रेक्ष्य में संगठन का विस्तार करते हुए कोरबा जिला इकाई गठन किया गया। विवेकानंद सदन में बैठक आयोजित कर नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया। अध्यक्ष आशीष बत्राए सचिव अजय तारेकर व कोषाध्यक्ष पंकज तलवार को बनाया गया। बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों के सर्वसम्मती से कार्यकारिणी की घोषणा की गई। जिसकी घोषणा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ कोरबा के जिला संघचालक डॉ विशाल उपाध्याय द्वारा की गयी। बैठक में उपस्थित लघु उद्योग भारती छत्तीसगढ़ की प्रदेश महामंत्री शिपी दुबे ने बताया की प्रदेश में अब तक 17वी इकाई पूर्ण हो चुकी है और 18वी इकाई कोरबा की घोषणा की गई। नवीन कार्यकारिणी को उन्होंने शुभकामनाएं देते हुए कहा की सूक्ष्म व लघु उद्योग क्षेत्र में व्याप्त विविध समस्याओं का स्थानीय औद्योगिक संगठनों के साथ मिलकर जिलाए राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर निराकरण लघु उद्योग भारती द्वारा किया जा रहा है। उद्यमिता सृजन स्वरोजगार आयात घटाने व निर्यात बढ़ाने, श्रमिकों को रोजगार के साधनों की उपलब्धता बढ़ाने हेतु प्रयास किए जाते है। उक्त बैठक में कोरबा जिला कार्यवाह कैलाश नाहक, रवि वर्मा कवर्धा ईकाई अध्यक्ष प्रांजल ठाकुर भिलाई महिला ईकाई अध्यक्ष रश्मि वर्मा केएम बाबू सहित अन्य उपस्थित रहे।

### जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने बीमा कंपनी के अधिकारियों एवं अधिवक्ताओं की ली बैठक

**कोरबा 11 अप्रैल।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरणए नई दिल्ली एवं छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के द्वारा 10 मई 2025 को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। वही इसी क्रम में 10 मईए 2025 को जिला न्यायालय कोरबा एवं तहसील विधिक सेवा समिति कटघोरा करतला एवं पाली सहित समस्त राजस्व न्यायालयों में भी आगामी नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाना है। नेशनल लोक अदालत में बीमा कंपनी के अधिक से अधिक प्रकरण रखे जाने हेतु समस्त बीमा कंपनी के अधिकारियों तथा अधिवक्ताओं की बैठक सत्येन्द्र कुमार साहू प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा की अध्यक्षता में जिला न्यायालय भवन के वीडियो कान्फ्रेंसिंग कक्ष में दोपहर 2:00 बजे आनलाईन एवं आफ्लाईन माध्यम से ली गई।

# जिला पंचायत को भाजपाइयों ने बनाया पार्टी कार्यालय:कर्मा

- युवा संवाद कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष की तस्वीर लगाकर सरकारी भवनों में पार्टी मीटिंग ली जा रही है
- इस आयोजन का विरोध न कर जिला पंचायत सीईओ ने पार्टी कार्यकर्ता के रूप में कार्य किया है
- भाजपाइयों का हमेशा से काम रहा है सरकारी संसाधनों का उपयोग करने का






■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा 11 अप्रैल।** प्रदेश में भाजपा की सरकार बनते भी भाजपाइयों ने सरकारी भवनों का उपयोग करना शुरू कर दिया है । जिसका हालिया वाक्य फ़िर से देखने को मिला जब युवा आयोग अध्यक्ष के प्रवास के दौरान भाजपाइयों ने ÷युवा संवाद÷ कार्यक्रम का आयोजन जिला पंचायत भवन के सभाकक्ष में रख दिया। जिसमें शासन के प्रोटोकॉल को दरकिनार कर भाजपा पार्टी के प्रोटोकॉल निभाया जा रहा है और शासकीय कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष के तस्वीर का प्रचार प्रसार किया जा रहा है। इस पूरे मामले में प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष एवं वर्तमान सदस्य तुलिका कर्मा ने कहा कि यह हमेशा से ही भाजपाइयों की आदत रही है सरकारी संसाधनों का उपयोग करने की,कभी भाजपाई ईडी - सीबीआई का उपयोग करते है तो कभी जनता के पैसों से बने सरकारी भवनों का। तुलिका ने कहा कि अगर युवा संवाद शासकीय कार्यक्रम था तो फ्लेक्स होर्डिंग्स में भाजपा जिलाध्यक्ष की फ़ोटो नही लगनी चाहिए थी और अगर भाजपा जिलाध्यक्ष की फ़ोटो लगी है तो यह कार्यक्रम पार्टी कार्यालय में होनी चाहिए थी । पूर्व में इसी तरह से पार्षदों के शपथग्रहण समारोह में भी यही कृत किया गया था। जिस वक्त पार्षदों के शपथ ग्रहण समारोह जो कि शासकीय आयोजन है उसमें भी भाजपा जिलाध्यक्ष की तस्वीर लगी थी जिसका विरोध किरन्दुल नगर पालिका में कांग्रेसी एवं सीपीआई के पार्षदों ने विरोध दर्ज करवाया था। तुलिका कर्मा ने अपने इस वक्तव्य में साफ शब्दों में भाजपाईयों को दो टूक जवाब दिया है कि सत्ता में रह कर इस तरह से शासकीय संसाधनों का उपयोग पार्टी के प्रचार प्रसार के लिए न करे। इसमें तुलिका ने जिला पंचायत सीईओ को भी आड़े हाथ लेते हुए कहा कि भाजपा के एजेंट के रूप में काम करना बंद कर दे और भाजपा पार्टी के कार्यक्रमों का इस तरह से जिला पंचायत भवन में हो रहे आयोजनों का विरोध करे।

# समस्याओं के समाधान के लिए बड़ी संख्या में लोगों ने दिया आवेदन



- कलेक्टर ध्रुव ने कहा लोगों को आवेदन देने में न हो दिक्कत
- आज तक कुल 9246 आवेदन हुए प्राप्त

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सुकमा, 11 अप्रैल।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के मार्गदर्शन में चल रहे राज्यव्यापी सुशासन तिहार में लोगों के द्वारा अपनी समस्याओं का निराकरण करने के लिए आवेदन देने का सिलसिला जारी है। लोग शिकायत पेटी में अपना आवेदन जमा कर रहे हैं। कलेक्टरश्री देवेश कुमार ध्रुव ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि लोगों को आवेदन देने में किसी प्रकार की दिक्कत न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाए। सुशासन तिहार के पहले चरण में आम लोगों की समस्याओं के निराकरण के लिए 8 अप्रैल से 11 अप्रैल तक जिले के सभी ग्राम पंचायतों, नगर निगम, नगरीय निकायों और जिला मुख्यालयों में आवेदन लिए जा रहे हैं।

नगर पालिका परिषद सुकमा के वार्ड क्रमांक 7 निवासी श्री अनिल सोड़ी ने आँगन बाड़ी भवन निर्माण के लिए आवेदन किया। उन्हें विश्वास है कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के सुशासन में उनकी समस्या का समाधान होगा। इसी प्रकार इसी वार्ड क्रमांक 04 निवासी श्री अर्जुन बघेल ने बस स्टैंड में व्याप्त असुविधा में सुधार के लिए आवेदन दिया। श्री बघेल ने कहा कि शिविर के जरिए हम अपनी समस्याएं शासन और सरकार तक पहुंचा रहे हैं। सुशासन तिहार शासन तक बात पहुँचने का एक अच्छा माध्यम है। हमें अब अपनी समस्याओं के समाधान के लिए ऑफ़िस कार्यालय के चक्कर लगाने की जरूरत नहीं है।

# नीति आयोग ने सुकमा जिले के ईजीएल पहल की सराहना की



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सुकमा, 11 अप्रैल।** एक ऐसे क्षेत्र में जहाँ गोंडी, हलबी, दोरला और लम्बाडी जैसी विविध भाषाएँ बोली जाती हैं, सुकमा जिला, छत्तीसगढ़ भाषा के माध्यम से एक साझा पुल बना रहा है। प्रारंभिक कक्षा शिक्षण (ईजीएल) कार्यक्रम के तहत, कक्षा 1 और 2 के युवा शिक्षार्थियों को हिंदी में धाराप्रवाह पढ़ने और लिखने के लिए सशक्त बनाया जा रहा है - अवसर, समझ और आत्मविश्वास के द्वार खोल रहा है। सांस्कृतिक रूप से संवेदनशील और बाल-केंद्रित दृष्टिकोण। प्रारंभिक साक्षरता के लिए तैयार किए गए चित्र कार्ड, कहानी की किताबें और कार्यपुस्तिकाएँ जैसे रचनात्मक उपकरण। रंग-कोडित 'ग्रो बाय' रीडिंग मैट बच्चों को पढ़ने के स्तर में कदम-दर-कदम प्रगति करने में मदद करता है। स्कूल प्रबंधन समिति (एसएमसी) की बैठकों के दौरान माता-पिता छात्रों के साथ पढ़ते हैं, जिससे घर पर एक सहायक शिक्षण वातावरण बनता है।

# 5 रुपए में मिलेगा भरपेट भोजन, महापौर व आयुक्त ने लिया जायजा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**जगदलपुर, 11 अप्रैल।** शहीद वीर नारायण सिंह श्रम अन्न योजना का संचालन जल्द ही जगदलपुर शहर में शुरू किया जाएगा। इसके लिए संजय मार्केट पुलिस चौकी के निकट होलसेल सब्जी मार्केट के प्रथम तल को चयनित किया गया है। श्रम पदाधिकारी कार्यालय से निगम आयुक्त को एक पत्र भी जारी किया गया है। इस योजना के तहत निर्धन परिवार के सदस्यों को किफायती दर में भोजन उपलब्ध कराया जाएगा। जिसके तहत गरीबों को भरपेट भोजन पांच रुपए में मिलेगा। भोजन में पका हुआ चावल, दाल, सब्जी, अचार सहित अन्य चीजें दी जाएगी। कुछ जिलों में यह योजना काफी कारगर साबित हुआ जिसका विस्तार अन्य जिलों में किया जाना है, जिसमें बस्तर जिला भी शामिल है। इस योजना के तहत श्रम विभाग के अंतर्गत छत्तीसगढ़ भवन एवं सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल में पंजीकृत श्रमिकों को योजना का लाभ मिलेगा। यदि कोई निर्माण श्रमिक है किंतु उसका पंजीयन नहीं हुआ है तो वे श्रमिक भी पात्र होंगे परंतु उन्हें भी संबंधित मंडल में पंजीयन कराना आवश्यक होगा। समय-समय पर अधिकारियों द्वारा भोजन की गुणवत्ता का परीक्षण भी किया जाएगा। महापौर संजय पाण्डे अपने एमआईसी सदस्य व पार्षदों के साथ स्थल का जायजा लेने पहुंचे थे। उनके साथ निगम आयुक्त प्रवीण कुमार वर्मा सहित नगर निगम के स्टाफ मौजूद रहे। संजय पाण्डे ने कहा शहीद वीर नारायण सिंह श्रम अन्न योजना उन श्रमिकों एवं गरीबों के लिए कारगर साबित होगा जिन्हें 5 रुपए में भरपेट भोजन मिलेगा। यह योजना श्रम विभाग व नगर निगम के माध्यम से संचालित की जाएगी। महापौर के साथ निर्मल पाणिग्रही, संजय विश्वकर्मा, लक्ष्मण झा, पंकज आचार्य, कृष्णा ठाकुर, विरेंद्र जोशी, निगम स्टाफ उपस्थित रहे

### रजगामार खदान को पर्यावरणीय स्वीकृति का अभी भी है इंतजार

**कोरबा, 11 अप्रैल।** एसईसीएल कोरबा एरिया की ओर से रजगामार में भूमिगत कोयला खदान का संचालन किया जाता है। यह खदान पिछले साल से अघोषित तौर पर बंद है। यहां से कोयला बाहर नहीं निकल रहा है। इसका बड़ा कारण पर्यावरणीय स्वीकृति में हो रही देरी को बताया गया है। खनन चालू करने के लिए कोयला कंपनी को पर्यावरणीय स्वीकृति का इंतजार है लेकिन स्वीकृति नहीं मिल रही है। इसका बड़ा कारण खदान के आसपास वन भूमि का होना है। इधर कंपनी की कोशिश है कि जैसे ही यहां से कोयला खनन शुरू होगा उत्पादन बढ़ाने के लिए कंटीन्यूअस माइनर मशीन लगाई जाएगी। यह मशीन ठेका कंपनी की ओर से लगाई जाएगी। इसके लिए कंपनी ने जरूरी औपचारिकताएं पूरी कर ली है। नागपुर की एक कंपनी रजगामार में कंटीन्यूअस माइनर मशीन लगाने के लिए तैयार है लेकिन पर्यावरणीय स्वीकृति में देरी से पेंच फंसा हुआ है। इसी कड़ी में विकासखंड पाली अंतर्गत स्थित एसईसीएल की सरायपाली खदान में कोयला खनन बंद है।

# जोधापुर वार्ड के कांग्रेसी पार्षद का निर्वाचन रद्द करने भाजपा प्रत्याशी ने लगाई याचिका

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**धमतरी, 11 अप्रैल।** नगर निगम धमतरी के हाल ही में संपन्न चुनावों में भाजपा प्रत्याशी रामू रोहरा के निर्वाचन अभिकर्ता कविंद्र जैन की आपत्ति पर कांग्रेस के महापौर का नाम निर्देशन पत्र छग नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 17 1(ग ) के अनुसार निगम में ठेकेदार के रूप में प्रत्यक्ष हित रखने के कारण निरस्त हुआ था। रिटर्निंग अधिकारी के निर्णय को माननीय उच्च न्यायालय ने भी सहीं ठहराया था। इसी प्रकार की निर्हता जोधापुर वार्ड से कांग्रेस पार्षद सत्येंद्र विशु देवांगन के नाम निर्देशन पत्र पर भी लागू होती है। कांग्रेस के टिकट से चुनाव जीत कर आए जोधापुर वार्ड के पार्षद सत्येंद्र विशु देवांगन जो कि मे. नील ट्रेडर्स नाम के ठेकेदारी फर्म के प्रोपराइटर हैं तथा उनकी फर्म धमतरी नगर निगम के साथ अनुबंध के आधार पर एक से अधिक वार्डों में ठेके पर निर्माण कार्य कर रही है तथा प्रत्यक्ष हित रखती है। अपने नाम निर्देशन पत्र में पार्षद द्वारा घोषित रूप से ये कथन किया गया था कि मेरे सर्वोत्तम ज्ञान तथा विश्वास के अनुसार मै पार्षद के स्थान पर चुने जाने हेतु अर्हित हूं तथा निर्रहित नहीं हूं। इस प्रकार उनके द्वारा नाम निर्देशन पत्र में स्पष्ट रूप से जानबूझकर निर्रहता छिपाई गई है। इसी आधार पर समस्त दस्तावेजी साक्ष्य प्रस्तुत करते हुए जोधापुर वार्ड के भाजपा प्रत्याशी दीपक गजेंद्र ने जिला न्यायालय धमतरी में छग नगर पालिक निगम 1956 की धारा 441 के तहत निर्वाचन याचिका प्रस्तुत की है। माननीय न्यायाधीश द्वारा याचिका ग्राह्य करते हुए संबंधित पक्षों को नोटिस जारी किया गया है। भाजपा नेता कविंद्र जैन ने बताया कि याचिका में माननीय न्यायाधीश से प्रार्थना की गई है कि उपरोक्त निर्रहता के चलते कांग्रेस पार्षद का निर्वाचन रद्द करते हुए द्वितीय स्थान पर रहे याचिकाकर्ता भाजपा प्रत्याशी दीपक गजेन्द्र को निर्वाचित घोषित किया जाए।

# कांग्रेस के समय बस्तर के भाजपा युवा नेताओं पर दर्ज कई राजनीतिक मामलों को साय सरकार ने वापस लिया

- सरकार ने विभिन्न जिलों में दर्ज 103 गैर गंभीर राजनीतिक प्रकरणों को वापस लेने का निर्णय किया है
- न्यायालय से स्वीकृति मिलने के बाद 41 प्रकरणों में अभियुक्तों को राहत प्रदान की गई है



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर, 11 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ सरकार ने लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा और निष्पक्ष शासन की प्रतिबद्धता को दोहराते हुए विभिन्न जिलों में दर्ज 103 गैर-गंभीर राजनीतिक प्रकरणों की वापसी का निर्णय लिया है। गृह विभाग द्वारा जिलों से प्राप्त रिपोर्ट और विस्तृत समीक्षा के बाद मंत्रिमंडलीय उपसमिति की अनुशंसा पर यह फैसला लिया गया। न्यायालय से विधिवत स्वीकृति मिलने के पश्चात 41 प्रकरणों में अभियुक्तों को राहत प्रदान की गई और संबंधित पुलिस रिकॉर्ड से उनके नाम हटा दिए गए। उपमुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री श्री विजय शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय जी की सरकार सुशासन की सरकार है। हमारी सरकार में किसी भी निर्दोष के साथ गलत नही होने दिया जाएगा। लोकतंत्र में हर नागरिक को अपनी बात रखने और शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन करने का अधिकार है। उन्होंने कहा कि पिछली सरकार में कई ऐसे राजनीतिक प्रकरण दर्ज किए गए थे, जो केवल लोकतांत्रिक अधिकारों के प्रयोग का हिस्सा थे। भाजपा सरकार की नीति हमेशा यही रही है कि राजनीतिक कारणों से किसी भी निर्दोष व्यक्ति को झूठे मुकदमों में न फंसाया जाए। इसलिए हमारी सरकार ने निष्पक्षता के साथ इन मामलों की समीक्षा कर ऐसे सभी गैर-गंभीर मामलों को वापस लेने का निर्णय लिया है। उपमुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री श्री शर्मा ने आगे कहा कि हमारी सरकार जनता के प्रति जवाबदेह है और किसी भी नागरिक के संवैधानिक अधिकारों का उल्लंघन नहीं होने दिया जाएगा। यह निर्णय न केवल न्यायसंगत है बल्कि लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम भी है। विपक्ष की तुष्टिकरण और दमनकारी नीतियों के विपरीत, हमारी सरकार पारदर्शिता, निष्पक्षता और सुशासन में विश्वास रखती है। उपमुख्यमंत्री ने यह भी स्पष्ट किया कि जो प्रकरण कानून-व्यवस्था को प्रभावित करने वाले या हिंसक गतिविधियों से जुड़े हुए थे, उनकी समीक्षा अलग प्रक्रिया के तहत की गई है। लेकिन जिन मामलों में केवल राजनीतिक विरोध या लोकतांत्रिक आंदोलन हुआ था और किसी प्रकार की हिंसा नहीं हुई थी, उन्हें न्यायालय से स्वीकृति प्राप्त कर वापस लिया गया है। हमारी सरकार की मंशा स्पष्ट है हम जनता के हक की रक्षा करेंगे, लोकतंत्र की भावना को मजबूत करेंगे और राजनीतिक द्वेष के आधार पर लिए गए निर्णयों को सुधारेंगे। छत्तीसगढ़ सरकार जनता की सरकार है और हम किसी भी निर्दोष व्यक्ति पर बेवजह कानूनी बोझ नहीं डालने देंगे। दिनांक 24 अगस्त 2022 को भारतीय जनता पार्टी एवं भाजपा युवा मोर्चा द्वारा बेरोजगारी भत्ता एवं अन्य मांगों के संबंध में मुख्यमंत्री निवास घेराव कार्यक्रम का आयोजन रायपुर में किया गया था।

### गर्मी की छुट्टियों में बाल संरक्षण गृह के बालक सीखेंगे कम्प्यूटर



**सुकमा, 11 अप्रैल।** कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के के द्वारा विगत दिनों बाल संरक्षण गृह सुकमा का भ्रमण किया गया था। भ्रमण के दौरान बालकों के द्वारा कम्प्यूटर सीखने की इच्छा प्रकट की गई थी। इसके साथ ही उन्होंने अन्य आवश्यक सामग्री की मांग भी की थी। कलेक्टर श्री ध्रुव ने महिला एवं बाल विकास विभाग को प्रस्ताव बना कर प्रस्तुत करने निर्देश दिए थे। ज़िला महिला एवं बाल विकास अधिकारी सुश्री बिस्मिता पाटले के द्वारा प्रस्ताव तैयार कर प्रस्तुत किया गया। कलेक्टर श्री ध्रुव के द्वारा 05 नग कंप्यूटर, 05 नग यूपीएस, 01 नग एमएफपी प्रिंटर, 05 नग कम्प्यूटर टेबल, 05 नग चेयर एस. सी. ए. मद से स्वीकृत किया गया। उक्त सामग्री बालकों के लिए उपलब्ध करा दी गई है। ग्रीष्मकालीन अवकाश में निवासरत बालक अब कम्प्यूटर सीखेंगे।

### शैक्षणिक भ्रमण पर रवाना हुए आत्मानंद स्कूल सुकमा के छात्र-छात्राएं



**सुकमा, 11 अप्रैल।** पीएम श्री स्वामी आत्मानंद हिंदी माध्यम शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, सुकमा के छात्र-छात्राओं को शैक्षणिक भ्रमण हेतु जनप्रतिनिधियों ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। भ्रमण के दौरान विद्यार्थी डिमरापाल, माई दंतेश्वरी एयरपोर्ट, नगरनार रेलवे स्टेशन, दंतेश्वरी मंदिर और राजबाड़ा, जगदलपुर का अवलोकन करेंगे। भ्रमण कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं शामिल हुए। सभी अतिथियों ने बच्चों को शुभकामनाएं दीं और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर जनप्रतिनिधि श्री धनीराम बारसे, जिला पंचायत सदस्य श्री माडे बारसे, नगर पालिका अध्यक्ष श्री हूँगाराम मरकाम, उपाध्यक्ष श्रीमती भुवनेश्वरी यादव, श्री दिलीप पेद्दी, श्री संजय सोढ़ी, जनपद उपाध्यक्ष श्रीमती रीना पेद्दी, पार्षद श्री रंजीत बारठ, पार्षद श्रीमती उर्मिला मंडावी, पार्षद श्री रमेश कर्मा, श्री रमेश यादव, श्री बुधराम मंडावी एवं श्री समार पाइक उपस्थित रहे।

### राजपूत क्षत्रिय महासभा का निर्वाचन 13 अप्रैल को भिलाई में:राजेंद्र सिंह



**कांकेर।** राजपूत क्षत्रिय महासभा छत्तीसगढ़ रहटादाह पंजीयन क्रमांक 1282 का वार्षिक महाधिवेशन का त्रिवर्षीय महासभा का निर्वाचन 12 एवं 13 अप्रैल को चौहान इम्पीरियन होटल एडं रिसोर्ट दुर्ग बायपास रोड, भिलाई में संपन्न होगा। कांकेर उप समिति के सचिव ठाकुर राजेंद्र सिंह एवं मीडिया प्रभारी डॉ. मिलाप सिंह ठाकुर ने विज्ञप्ति जारी कर कहां की 12 अप्रैल को प्रातः 8 बजे से ज्योति कलश स्वागत, अधिवेशन उद्घाटन ,शौर्य पत्रिका का विमोचन। महासभा के कोषाध्यक्ष एवं महासचिव का वार्षिक प्रतिवेदन एवं खुला मंच, अतिथि स्वागत एवं आशीर्वचन शोभा यात्रा के साथ नगर भ्रमण रात्रि 9 बजे सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ प्रथम दिवस का कार्यक्रम संपन्न होगा ।द्वितीय दिवस अर्थात दिनांक 13 अप्रैल 2025 को केंद्रीय त्रिवर्षीय निर्वाचन की प्रक्रिया प्रातः 7 बजे से दोपहर 3 बजे तक अधिवेशन स्थल में संपन्न होगा। उप समिति के सक्रिय सदस्यगण इस निर्वाचन में मतदाता होंगे मतदान हेतु सक्रिय सदस्यगण अपने विधिवत प्रथम मताधिकार के प्रयोग हेतु अपना परिचय पत्र तथा आधार कार्ड, वोटर आईडी ,मार्कशीट साथ लेकर आने का कष्ट करेंगे। कांकेर उपसमिति के सचिव ठाकुर राजेंद्र सिंह ने अधिक से अधिक उक्त दोनों दिवस के कार्यक्रम में सम्मिलित होने का अपील किया है।

### जगह-जगह लगी समाधान पेटी. आवेदन करने के लिए सुशासन संगवारी नियुक्त




**सुकमा, 11 अप्रैल।** कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन और मार्गदर्शन में आज से सुशासन तिहार प्रारम्भ किया गया है। सुशासन तिहार 2025 के तहत सुकमा जिला प्रशासन ने आम जनता में जन जागरूकता फैलाने के लिए प्रचार प्रसार अभियान प्रारंभ किया गया है।विशेष रूप से, दिव्यांग और जरूरतमंद लोगों को आवेदन भरने में मदद करने के लिए सुशासन संगवारी भी नियुक्त किए गए हैं। शासन की यह सकारात्मक पहल सुनिश्चित करेगी कि कोई भी व्यक्ति सुशासन तिहार से वंचित न रहे। सुशासन तिहार के प्रथम दिवस सुकमा जिले के सभी पंचायतों और नगरीय निकायों में ग्रामीणों का अच्छा प्रतिसाद मिला। जनप्रतिनिधियों और पंचायत प्रतिनिधियों ने भी सुशासन तिहार में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। लोग सुशासन तिहार के बारे में जानकारी लेने लगे और अपनी समस्या और मांग से संबंधित आवेदन समाधान पेटी में जमा किए। कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव ने जिलेवासियों से अपील की है कि आप सब इस अवसर का लाभ उठाकर अपनी समस्याओं और सुझावों को सुशासन पेटी में दर्ज करें।

### सुशासन तिहार-25 के तीसरे दिन लोगों में आवेदन करने का दिखा उत्साह

**धमतरी, 11 अप्रैल।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मार्गदर्शन में शुरू हुए राज्यव्यापी सुशासन तिहार के तीसरे दिन भी लोगों ने बड़े ही उत्साह के साथ बड़ी संख्या में अपनी मांग और समस्याओं से संबंधित आवेदन दिये। सरकार से संवाद और समस्याओं के समाधान की इस पहल से लोग अपनी समस्याओ, शिकायतों और मांगो को शासन- प्रशासन के समक्ष रख कर भरोसा कर रहे है, की उनकी समस्याओ का समाधान होगा। जिले में अब तक 48 हजार 477 आवेदन प्राप्त हुए है, जिसमे आवास, स्वास्थ्य सहायता, मनरेगा जॉब कार्ड, विद्युत, पेयजल, किसान क्रेडिट कार्ड, पेंशन, आवास, साफ-सफाई, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, सहित विभिन्न प्रकार की समस्याओं के समाधान के लिए आवेदन दे रहे हैं। शासन द्वारा सुशासन तिहार में अपनी मांगो को रखना और भी आसान बनाया गया है। इसके लिए ऑनलाईन आवेदन किया जा सकता है। उल्लेखनीय है कि राज्य शासन द्वारा सुशासन तिहार 2025 संचालित करने का निर्णय लिया गया है। इसका उद्देश्य आम जनता की समस्याओं का समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करना, शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा करना तथा विकास कार्यों में गति लाने के साथ ही आम जनता जनप्रतिनिधियों और विभिन्न सामाजिक संगठनों से सीधा संवाद स्थापित करना है। सुशासन तिहार 2025 का आयोजन तीन चरणों में होगा पहले चरण में 8 अप्रैल से 11 अप्रैल 2025 तक आम जनता से आवेदन प्राप्त किए जाएंगे। दूसरे चरण में लगभग एक माह के भीतर प्राप्त आवेदनों का निराकरण किया जाएगा।

**एक नजर**



### मानस गान समारोह में शामिल हुए नपाध्यक्ष,रंगमंच का किया लोकार्पण

**महासमुंद।** नगर के पिटियाझर वार्ड क्रमांक 23 में मानस गान सम्मेलन कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू सम्मिलित हुए। उन्होंने भगवान श्रीरामचंद्र की पूजा कर समस्त क्षेत्र वासियों की खुशहाली की कामना की। इस दौरान उन्होंने नव निर्मित रंगमंच का लोकार्पण भी किया। रंगमंच लोकार्पण अवसर पर नपाध्यक्ष ने पिटियाझर वासियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि रंगमंच निर्माण होने से सांस्कृतिक व सार्वजनिक कार्यक्रम के लिए अब सुविधा होगी। उन्होंने कहा कि नगर के सभी वार्डों में मूलभूत सहित विकास कार्यों को प्रमुखता से कराया जा रहा है। नगर वासियों के सहयोग से नए महासमुंद की परिकल्पना को हम शीघ्र साकार करेंगे। इस अवसर पर प्रमुख रूप से नपा उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, वार्ड पार्षद श्रीमती भारती राजू चंद्राकर, पार्षद कमला सूर्यवंशी, मानस गान आयोजन समिति के राजेंद्र चंद्राकर, लेखराम साहू, नारायण साहू, यशवंत घाडगे, प्रीतम चंद्राकर, बसंत चंद्राकर, मनिहार यादव, मनीराम साहू, किसन साहू, अरविंद प्रहरे, दिनेश घड़गे आदि उपस्थित थे।

# सुशासन त्यौहार में जिलाधीश ने गांव-गांव पहुंचकर सभी व्यवस्था की ली जानकारी, दो कर्मचारियों पर गिरी गाज





■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**गरियाबंद, 11 अप्रैल।** सुशासन त्यौहारके निरीक्षण करने हेतु आज जिलाधीश दीपक अग्रवाल गरियाबंद के जनपद पंचायत कोच बाय, सड़क पारसुली, खरखरा, छुरा,सारागांव होते हुए फिंगेश्वर जनपद पहुंचे इन समस्त स्थान पर वह विशेष रूप से सुशासन त्यौहार में पंचायत, जनपद पंचायत एवं नगरीय प्रशासन में लिए जा रहे आवेदन की स्थितियों को देखा इस अवसर पर उन्होंने विशेष कर आवेदनों के प्रकार व आम जनों की उपस्थिति में आवेदन देने में कोई दिक्कत तो नहीं आ रही है इन सारी बातों को देखा। इस अवसर पर उन्होंने कोच बाय एवं छुरा क्षेत्र में कार्यों में ढिलाई पाते हुए दो लोगों को सस्पेंड करने का निर्देश जारी किया वहीं उन्होंने सारागांव की स्व. सहायता समूह की बिहान दीदी के कार्यक्रमों की खूब तारीफ की यहां सैकड़ो की संख्या में बिहान दीदी लखपति बन चुकी हैं इसे लेकर जिलाधीश ने उनकी खूब प्रशंसा की साथ ही यह भी निर्देश दिया कि अन्य बिहान दिदियो को यहां किया जा रहे कार्यों की जानकारी देवें और उन्हें भी लखपति दीदी बनने हेतु प्रेरित करे । इस अवसर पर सुशासन त्यौहार के लिए की जा रही तैयारी की जुड़े कार्यों का जायजा लिया जहां पर उन्हें नजर आया कि सुशासन त्योहारों की प्रक्रियाओं में कुछ गड़बड़ है तो उसे पर उन्होंने नाराजगी जाहिर की और दो लोगों को सस्पेंड करने का निर्देश दिया वहीं इस अवसर पर यह भी देखा गया कि अधिकतर लोग प्रधानमंत्री आवास की मांग कर रहे हैं छुरा में लोगों ने शराब भट्टी हटाने की भी मांग रखी वहीं इस अवसर पर लोगों ने अपने निजी, सामाजिक समस्या और ग्रामीण जन क्षेत्रीय समस्याओं का भी आवेदन दिया साथ ही जिलाधीश के पहुंचने पर ग्रामीणों में अधिक उत्साह देखा गया उन्होंने सीधे जिलाधीश से मिलकर भी अपनी बातें रखी जिलाधीश ने उन्हें अस्वस्थ किया कि वह अपनी समस्या मांग और शिकायत लिखकर जमा कराये इस पर निश्चित रूप से करवाई किया जाएगा क्योंकि सुशासन त्यौहार शासन की प्राथमिकता इसमें दर्शीई गई है और शासन इसे प्राथमिकता पर कर रही है निराकरण जल्द सामने आएंगे। इस संबंध में जिलाधीश दीपक अग्रवाल से चर्चा करने पर वे कहते हैं आज वे गरियाबंद छुरा और फिंगेश्वर विकासखंड के दौरे पर निकले हैं निश्चित रूप से प्रयास करेंगे कि सुशासन त्योहारों में अधिक से अधिक लोग अपनी समस्या, मांग व दिक्कतें रखे जिससे आम लोगों को राहत मिल सके शासन का भी निर्देश है कि अधिक से अधिक लोगों को राहत पहुंचाएं, समाज के अंतिम पंक्ति के लोगों को इसका फायदा मिलना चाहिए।

# मुख्यमंत्री विष्णु देव साय खल्लारी में कंवर पैंकरा समाज की महासभा में हुए शामिल



**महासमुंद, 11 अप्रैल ।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय आज महासमुंद जिले के खल्लारी ग्राम में आयोजित आदिवासी कंवर-पैंकरा समाज महासभा एवं वार्षिक अधिवेशन में शामिल हुए। इस विशेष अवसर पर मुख्यमंत्री का समाज के लोगों ने पारंपरिक आदिवासी रीति-रिवाजों और सम्मानपूर्वक आत्मीय स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर महासभा का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने खल्लारी माई, भारत माता, छत्तीसगढ़ महतारी, राम जानकी भगवान एवं कंवर समाज की जयघोष के साथ अपने उद्बोधन की शुरुआत की। उन्होंने समाज के प्रति आभार व्यक्त करते हुए माता खल्लारी और राम जानकी मंदिर में पूजा-अर्चना कर प्रदेश की खुशहाली की कामना की। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने कहा, आज मैं उस धरती को नमन करता हूं, जहां तीन शहीदों और वीरांगना का जन्म हुआ। मैं आप सभी का आशीर्वाद लेने आया हूं।उन्होंने बताया कि 15 महीने की सरकार में अनेक विकास कार्य किए गए हैं। शपथ ग्रहण के तुरंत बाद 18 लाख प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत किए गए, जिनमें से 14 लाख आवास पूरे हो चुके हैं। प्रधानमंत्री द्वारा एक ही दिन में 3 लाख आवासों में गृह प्रवेश कराया गया। राज्य सरकार की धान खरीदी को।लेकर उन्होंने बताया कि 21 क्विंटल धान की खरीदी की गई और बोनस के बाद 12 हजार करोड़ रुपये की अंतर राशि दी गई। महतारी वंदन योजना के तहत 70 लाख महिलाओं को लाभ दिया जा रहा है और जिनका नाम छूट गया है, उन्हें भी जोड़ा जाएगा। मुख्यमंत्री ने तेंदूपत्ता संग्राहकों के लिए योजनाओं, रामलला दर्शन योजना, और मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना की भी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मोदी जी की गारंटी को हमारी सरकार पूरा कर रही है। उन्होंने बताया कि ÷आवास पल्स÷ सर्वे एप के माध्यम से शुरू किया गया है, जिससे जिनके पास घर नहीं हैं, वे भी सर्वे करवा सकते हैं। उन्होंने कहा कि राज्य को विकसित छत्तीसगढ़ बनाना हमारा लक्ष्य है।मुख्यमंत्री ने कहा कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू जनजातीय समाज से है। मोदी जी जनजातियों के कल्याण को लेकर गंभीर हैं। आदिवासी विकास के लिए अलग मंत्रालय और जनमन योजना लागू की गई है। धरती आबा ग्राम योजना से विकास को गति मिलेगी। उन्होंने बताया कि तीन-तीन प्राधिकरणों का गठन किया गया है, जिससे स्थानीय विकास को बल मिलेगा। मुख्यमंत्री ने नई औद्योगिक नीति की जानकारी भी दी और बताया कि इसका लाभ समाज के हर वर्ग को मिलेगा। उन्होंने समाज से अपील की कि शिक्षा को प्राथमिकता दें और नशा मुक्ति की दिशा में कदम उठाएं। मुख्यमंत्री श्री साय ने समाज के युवाओं को कौशल विकास को प्राथमिकता देने कहा। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ उठाकर युवा आत्मनिर्भर बन सकते हैं और अपने समाज का नाम रोशन कर सकते हैं। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में शहीद परिवारों का सम्मान कर शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि दी।मुख्यमंत्री ने अपने घोषणा में राम जानकी मंदिर परिसर में शेड निर्माण के लिए 20 लाख रुपये, कंवर समाज के छात्रावास हेतु 25 लाख रुपये, सर्व-सुविधायुक्त शौचालय निर्माण हेतु 10 लाख रुपये देने की घोषणा की। कार्यक्रम में सांसद रूप कुमारी चौधरी, महासमुंद विधायक श्री योगेश्वर राजू सिन्हा, पूर्व सांसद चुन्नी लाल साहू, पूर्व विधायक प्रीतम सिंह दीवान, छत्तीसगढ़ बीज निगम के अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर, श्री येतराम साहू, कंवर पैकरा समाज के प्रदेश अध्यक्ष हरबंश मिरी, जनपद अध्यक्ष श्रीमती दिशा दीवान, जिला पंचायत सदस्य श्री करण सिंह दीवान, देवकी दीवान, मान सिंह दीवान, थान सिंह दीवान, सरपंच पुष्पेंद्र साहू, समाज के प्रमुख पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, कलेक्टर श्री विनय लंगेह, पुलिस अधीक्षक श्री आशुतोष सिंह, स्थानीय ग्रामीण, महिलाएं एवं युवा बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# प्रधान पाठक पंकजनी गुप्ता को सेवानिवृत्त होने पर दी गई विदाई



**रायगढ़, 11 अप्रैल।** शासकीय प्राथमिक शाला केसाईपाली में कार्यरत शिक्षिका प्रधान पाठक श्रीमती पंकजनी गुप्ता के अधिवार्षिकी आयू पूर्ण करने के उपरांत प्राथमिक शाला प्रांगण में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ विद्या देवी माँ सरस्वती के चरणों में दीप प्रज्वलित कर शारदा वंदना के साथ हुआ जिसमें स्कूली बच्चों का शानदार प्रस्तुति रही है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुये श्री हेमन्त कुमार चौहान के द्वारा स्वागत उद्बोधन दिया गया तथा अभिनंदन पत्र का वाचन सहायक शिक्षक परमजीत सिदार के द्वारा किया गया। तत्पश्चात संयुक्त संकुल पंचपारा के सभी गुरुजनों एवं नगर पंचायत पुसौर के अध्यक्ष मानी मोहित सतपथी द्वारा अभिनंदन पत्र भेंट किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री राजकुमार सिदार, श्री सुभाषचंद्र होता, श्री जयराम प्रधान, श्री युदुमणी पटेल, श्री मोहित सतपथी ने शिक्षकीय गरिमा का वर्णन किये तथा शिक्षिका के निर्विवाद 33 वर्ष सेवा पूर्ण करने पर बधाई व शुभकामनाएं प्रेषित किए।

### भारतीय सेना में भर्ती के लिए पंजीकरण की तिथि में बढ़ोत्तरी

रायगढ़, 10 अप्रैल। सेना भर्ती कार्यालय रायपुर के द्वारा अग्निवीरों की भर्ती के लिए अधिसूचना जारी की जा चुकी है जो भारतीय सेना की वेबसाइट www.joinindianarmy.nic.in पर उपलब्ध है। अग्निवीर की भर्ती जनरल, तकनीकी, क्लर्क, ट्रेडमेन (8 वीं एवं 10 वीं), महिला सैन्य पुलिस और रेगुलर कैडर भर्ती धर्म गुरू, नर्सिंग सहयोगी और सिपाही फार्मा के पदों के लिए जारी गई है। सेना में भर्ती के लिए ऑनलाईन आवेदन की प्रक्रिया में वृद्धि करते हुए 25 अप्रैल 2025 किया गया है। पूर्व में आवेदन की तिथि 10 अप्रैल तक निर्धारित थी।

### सुशासन तिहार : समस्याओं से संबंधित आवेदन लेकर समाधान पेटी तक पहुंचे लोग

**रायगढ़, 11 अप्रैल।** सुशासन तिहार 2025 के तहत आवेदन लेने की प्रक्रिया के दूसरे दिन आज रायगढ़ नगर निगम क्षेत्र के जन सामान्य आवेदन प्राप्त करने लगाए शिविर के समाधान पेटी तक पहुंचे एवं अपनी मांग एवं समस्याओं के संबंध में आवेदन किया। आज दूसरे दिन कुल 300 आवेदन प्राप्त हुए। जिसमें मांग के 288 एवं शिकायत के 10 आवेदन शामिल थे। जनसामान्य ने शासन की इस पहल की सराहना की और कहा कि लोग अपनी मांग एवं समस्याओं से संबंधित आवेदन आसानी से कर पा रहे हैमकान टैक्स जमा करने निगम कार्यालय पहुंचे बोईरदादर निवासी श्री जीपी मिश्रा ने कहा कि सुशासन तिहार शासन की अच्छी पहल है। उन्होंने टैक्स जमा करने पश्चात निगम में लगे शिविर स्थल पहुंचकर समाधान पेटी में नाली निर्माण से संबंधित आवेदन किया। इसी इसी प्रकार बोईरदादर विनोबा नगर निवासी श्री रमाकांत यादव सुशासन तिहार में राशन कार्ड बनवाने संबंधी आवेदन करने पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि यहां आवेदन करने की प्रक्रिया काफी सरल है। तिहार में पहुंची थी। उन्होंने कहा कि यहां आवेदन करने की प्रक्रिया बहुत अच्छी है।

# डीईओ ने बैठक में विभिन्न योजनाओं की जानकारी ली





**रायगढ़, 11 अप्रैल।** कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल के निर्देशन में जिला शिक्षा अधिकारी श्री के.वेंकट राव ने नटवर अंग्रेजी माध्यम स्कूल रायगढ़ में जिले के सभी संकुलों की विभागीय समीक्षा बैठक लेकर विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की।

समीक्षा के दौरान डीईओ ने जिन स्कूलों के द्वारा अभी भी अपार आई डी जनरेट करने में कोताही बरतते हुये जनरेट नही किया जा रहा है, उन स्कूलों के संस्था प्रमुख से सीएसी को सतत सम्पर्क कर पूर्ण कराने को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ऑनलाइन पोर्टल में ही अवकाश आवेदन करने और आवेदन किये गये अवकाश आवेदन को संबंधित शाला के प्रधानपाठक और प्राचार्य को अवकाश स्वीकृति पूर्व दिवस में ही करना होगा। बिना अवकाश स्वीकृति के संबंधित कर्मचारी को मुख्यालय त्यागना मान्य नही होगा। जिले में चिन्हांकित सभी दिव्यांग बच्चों को जिनका विशेष पहचान प्रमाणपत्र नही बना है, उन सभी दिव्यांग बच्चो को जिला स्तर से आयोजित किये जाने वाले शिविरों में अनिवार्यता उपस्थिति कराने हेतु सभी बीआरपी आई डी को निर्देशित किया गया। बैठक के दौरान जिन छात्रों के आधार में त्रुटि है या नही बना है, जिनका आय, जाति, निवास, जन्मप्रमाण न हो उन्हें विधिवत आवेदन करने को कहा गया। कक्षा पांचवी और आठवीं में अनुतीर्ण होने या पूरक आने वाले छात्रों को परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद 01 मई से रेमेडियल कक्षा अनिवार्य रूप से संचालित करने को कहा गया। गणित, विज्ञान, अंग्रेजी विषय के ग्रीष्मावकाश में नियमित कक्षा संचालन करने वाले सभी शिक्षकों को प्रोत्साहन स्वरूप अनुपातिक रूप से अर्जित अवकाश की पात्रता प्रदान की जायेगी।

समीक्षा बैठक के दौरान एपीसी श्री भुवनेश्वर पटेल, श्री भूपेंद्र पटेल, छात्रवृत्ति नोडल श्री एस के कर्ण, बीईओ रवि सारथी, एस आर सिदार, सुन्दरमनी कोंध, मोनिका गुप्ता, शैलेश देवांगन, जी आर जाटवर, एबीईओ मनीष सिन्हा, बीआरसी मनोज अग्रवाल, शैलेन्द्र मिश्रा, अरविंद राजपुत, मनोज साहू, सभी बीआरपीए ब्लॉक ऑपरेटर, सभी संकुलों के सीएसी उपस्थित रहे।

# बीजापुर में पंचायत प्रतिनिधियों का ऐतिहासिक सम्मान:अब गांव लिखेंगे विकास की नई गाथा



**बीजापुर,11 अप्रैल।** सर्व आदिवासी समाज ने जिले के नव निर्वाचित पंचायत प्रतिनिधियों का अभूतपूर्व सम्मान कर एक ऐतिहासिक पल रच दिया है। इस गरिमामय समारोह में जिला पंचायत अध्यक्ष सहित ग्राम स्तर तक के जनप्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया, जिनका उद्देश्य अपने संवैधानिक अधिकारों और कर्तव्यों को आत्मसात कर गांवों को सशक्त बनाने के दिशा में कार्य करना था।

इस अवसर पर जन प्रतिनिधियों ने एक स्वर में संकल्प लिया कि बीजापुर के विकास की दिशा अब गांव तय करेंगे। पेसा कानून और पंचायत राज अधिनियम के तहत ग्राम सभाएं अपनी विकास योजनाएं स्वयं बनाएंगी और क्रियान्वित करेंगी, जिसमें पंचायतों का पूर्ण सहयोग रहेगा।

वक्ताओं ने शिक्षा, स्वास्थ्य और मूलभूत सुविधाओं को दूरस्थ गांवों तक पहुंचाने में पेसा कानून के महत्व पर जोर दिया। प्रतिनिधियों को संसाधन प्रबंधन और संरक्षण समिति, पंचायत ज समिति, सामुदायिक वन संसाधन प्रबंधन जैसी समितियों के गठन और ग्राम सभा के अधिकारों जैसे वनोपज स्वामित्व और भूमि अधिग्रहण में सहमति के बारे में विस्तार से बताया गया।मुख्य वक्ता अश्वनी कांगे ने जनसेवा को भाग्यशाली अवसर बताते हुए सत्यनिष्ठा और समर्पण का आह्वान किया। उन्होंने ग्राम सभा को विकास योजना बनाने और सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों का चयन करने का सर्वोच्च अधिकार बताया। ग्राम सभा की स्वायत्तता, वनोपज और गौण खनिजों पर अधिकार, रेत खदानों का संचालन और नशीले पदार्थों पर नियंत्रण जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं पर भी चर्चा हुई।कार्यक्रम में समाज प्रमुख प्रकाश नेताम ने तेंदूपत्ता संग्रहण से जुड़े बुनियादी पहलुओं पर चर्चा करते हुए आय के श्रोत बढ़ाने पर बल दिया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सर्व आदिवासी समाज के दंतेवाड़ा जिला अध्यक्ष सुरेश कर्मा ने कहा कि इस ऐतिहासिक सम्मान समारोह ने बीजापुर के विकास में एक नए युग का सूत्रपात किया है, जहां गांव अपनी प्रगति की कहानी स्वयं लिखेंगे। इस अवसर पर सर्व आदिवासी समाज के संभागीय अध्यक्ष प्रकाश ठाकुर, बीजापुर जिला अध्यक्ष जग्गूराम तेलामी सहित जिला पंचायत अध्यक्ष जानकी कोरसा ने समारोह को संबोधित किया।इस दौरान बीजापुर के सभी जिला पंचायत सदस्य, चारों जनपद अध्यक्ष एवं सदस्य गणों सहित सरपंच, पंच एवं सर्व आदिवासी समाज बीजापुर के सभी प्रभाग, ब्लाक इकाई के अध्यक्ष और अन्य प्रभाग के सामाजिक पदाधिकारी गण मौजूद थे।

# जहां माओवादियों का लगती थी जन अदालत वहां अब समस्याओं को हल करने मौजूद है समाधान पेटी

**बीजापुर,11 अप्रैल।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के मंशानुरूप सुशासन तिहार 2025 का आयोजन बीजापुर के अंदरूनी और संवेदनशील क्षेत्रों में भी आयोजित हो रही है।



शासकीय कार्यों में पारदर्शिता लाने एवं शासकीय योजनाओं और कार्यक्रमों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने हेतु सुशासन तिहार का आयोजन शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों सहित बीजापुर जिले को उन अंदरुनी इलाकों में भी आयोजित हो रही है जहां कभी माओवादियों के आतंक का खौफ रहता था उनके द्वारा जन अदालत लगाकर निर्दोष लोगों को प्रताड़ित किया जाता था। उन क्षेत्रों में अब विष्णु के सुशासन का असर देखने को मिल रहा है आज ग्रामीण बेखौफ होकर विकास की मुख्य धारा से जुड़ने सड़क बिजली, पानी स्कूल, अस्पताल, आंगनबाड़ी राशन दुकान जैसे बुनियादी सुविधाओं की मांग कर रहे है जो बदलते बीजापुर का पहचान है। जिला प्रशासन बीजापुर द्वारा लोगों को सुशासन तिहार में शामिल होने तथा उनकी मांगों तथा समस्याओं को निजात दिलाने व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। उसूर ब्लॉक के पुजारी कांकेर,कोण्डापल्ली, पामेड़, चुटवाही और गलगम, बीजापुर ब्लॉक के पालनार, कांवड़ गांव और मुतवेंडी सहित भैरमगढ़ ब्लॉक के गांव बांगोली, चिंगेर सहित बेचापाल जैसे जिले के चिन्हांकित कई अंदरुनी गांवों में सुशासन तिहार का असर देखने को मिल रहा है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के सकारात्मक सोच और पहल से नियद नेल्लानार योजना के तहत इन गांवों को माओवाद के आतंक से मुक्त कर विकास की मुख्य धारा से जोड़ने का कार्य बखूबी किया जा रहा है कई दशकों से अंधेरे में डूबे इन गांवों के ग्रामीण आदिवासियों के लिए अब सुनहरे भविष्य का सूर्योदय होने से ग्रामीणों में उत्साह और उमंग का माहौल देखने को मिल रहा है।

# गरीब बेरोजगारों के अन्य राज्यों में पलायन को रोके सरकार: बसंत ताटी

**भोपालपटनम,11 अप्रैल।** बीजापुर जिले में बेरोजगारी की समस्या बढ़ती ही जा रही है।रोजगार की तलाश में पड़ोसी राज्यों में जाने वाले स्त्री-



पुरुष और किशोर-किशोरियाँ आर्थिक,शारीरिक और मानसिक प्रताड़ना तथा शोषण के शिकार हो रहे हैं।हाल ही में तेलंगाना के मुलुगु में बीजापुर जिले की किशोरी के साथ भाजपा पदाधिकारी द्वारा अंजाम दी गयी बलात्कार की घटना ने, न केवल एक विशेष राजनैतिक दल के चरित्र को उजागर किया है,बल्कि बीजापुर जिले के गरीब-मजदूरों की वास्तविक स्थिति की भी पोल खोल दी है।छत्तीसगढ़ की साय सरकार को सुशासन-तिहार मनाने से पहले इन गंभीर समस्याओं के समाधान पर चिंतन करना चाहिए।यह शर्मनाक घटना उन सबके लिये एक बड़ा सबक है,जो गरीबों के विकास और हितों के संरक्षण का दंभ भरते हैं।यह कहना है,पूर्व जिला पंचायत सदस्य बसंत ताटी का। ताटी ने बीजापुर जिले के मजदूरों के पलायन पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए जिले में विभिन्न विकास योजनाओं के जरिये मजदूरों और अन्य बेरोजगारों के लिये रोजगार के अवसर सृजित करने की जरूरत बतायी। बसंत ताटी के अनुसार बीजापुर जिले में सरकार की अतिमहत्वपूर्ण महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना और सरकार की अन्य सभी योजनाओं के अंतर्गत चलने वाले रोजगार केन्द्रित कार्य बंद हैं।इस वज़ह से रोजगार की तलाश में पड़ोसी राज्यों में जाने वाली खासतौर से छत्तीसगढ़ की बेटियाँ अन्य राज्यों में सुरक्षित नहीं हैं,यह हाल की घटना से साबित हो गया है। पड़ोसी राज्य तेलंगाना और महाराष्ट्र से आने वाले साहूकार रोजगार का प्रलोभन देकर इस प्रदेश के मजदूरों को अपने साथ ले जाते हैं।फिर वहाँ से उनके साथ अत्याचार और शोषण की दिल दहलाने वाली खबरें आती हैं।इसके बावजूद बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ का नारा देने वाली छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार का मौन समझ से परे है। ताटी ने कहा कि त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के तुरंत बाद प्रदेश भर के ग्राम पंचायत सचिव अपनी एक सूत्रीय माँग को लेकर हड़ताल पर होने की वजह से भी ग्राम पंचायत के अंतर्गत चलने वाले सभी कार्य ठप्प हैं, जिसका सीधा असर रोजी-रोटी कमाने वाले गरीब मजदूर परिवारों पर पड़ रहा है। पूर्व जिला पंचायत सदस्य ताटी ने सचिवों की एक सूत्रीय माँग को जायज ठहराते हुए इसे तत्काल पूरा करने का आग्रह सरकार से किया है।

# प्रेशर बम विस्फोट से जवान घायल

**बीजापुर, 11 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** माओवादियों द्वारा लगाये गये प्रेशर आईईडी के ब्लास्ट होने से केरिपु 196 का 1 जवान हुआ घायल। केरिपु 196 चिन्नाकोड़ेपाल की टीम एरिया डॉमिनेशन डयूटी पर निकली हुई थी । कोड़ेपाल नाला के पास माओवादियों के द्वारा लगाये गये प्रेशर आईईडी के ब्लास्ट होने से 196 वाहिनी केरिपु के बीडीएस टीम के जवान को दोनो पैर में आई गंभीर चोंट। घायल जवान को उपचार हेतु जिला अस्पताल बीजापुर में भर्ती किया गया है ।आसपास के क्षेत्र में सर्चिंग कार्यवाही जारी है ।

# कार की टक्कर से आटो सवार महिलाएं घायल



**भिलाई, 11 अप्रैल।** भिलाई पद्मनाभपुर थाना क्षेत्र में शुक्रवार सुबह एक दिल दहला देने वाला सड़क हादसा हुआ। काम पर जा रहे सफाई कर्मचारियों से भरे एक ऑटो को तेज रफ्तार कार ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ऑटो सड़क पर पलट गया और उसमें सवार आठ महिला सफाई कर्मचारी गंभीर रूप से घायल हो गईं हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई स्थानीय लोगों ने तुरंत 112 और एंबुलेंस को सूचना दी जिसके बाद सभी घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया गया प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कार रॉन्ग साइड से काफी तेज रफ्तार में आ रही थी और चालक ने नियंत्रण खो दिया, जिससे पीछे से आ रहे ऑटो को टक्कर मार दी। टक्कर के बाद कार भी डिवाइडर से जा टकराई, लेकिन चालक मौके से फरार हो गया। हादसे में घायल हुई महिलाओं में से चार की हालत गंभीर बताई जा रही है, जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद विशेष निगरानी में रखा गया है घायलों का करें हर संभव मदद घटना की जानकारी मिलते ही दुर्ग के पूर्व विधायक अरुण वोरा, महापौर धीरज बाकलीवाल अस्पताल पहुंचे और घायलों से मिलकर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली उन्होंने प्रशासन को निर्देश दिए कि दोषी चालक पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाए और घायलों को हरसंभव मदद दी जाए घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही पुलिस पद्मनाभपुर थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है ताकि फरार कार चालक की पहचान हो सके यह हादसा एक बार फिर यह सवाल खड़ा करता है कि सड़क पर रफ्तार के दीवाने कब तक आम लोगों की जिंदगी से खिलवाड़ करते रहेंगे फिलहाल घायलों का इलाज दुर्ग जिला अस्पताल में जारी है और उनकी स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है ।

# राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत समीक्षा बैठक आयोजित



**रायगढ़, 11 अप्रैल।** कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल के निर्देशन में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.अनिल कुमार जगत ने सीएमएचओ कार्यालय के आरोग्यम सभागृह में राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत मासिक मलेरिया समीक्षा बैठक ली। सीएमएचओ डॉ.अनिल कुमार जगत ने जिले में मलेरिया बीमारी के नियंत्रण, डेंगू के रोकथाम एवं नियंत्रण हेतु मानसून से पूर्व कार्ययोजना एवं आवश्यक तैयारी करने हेतु निर्देश दिए।

# नियद नेल्लानार के गांव कोण्डापल्ली में लगा आधार शिविर



**बीजापुर,11 अप्रैल।** बीजापुर जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्रों के ग्रामीण अब विकास की मुख्य धारा से जुड़ने अपना कदम बढ़ा रहे वहीं शासन - प्रशासन के योजनाओं से जुड़कर आर्थिक सशक्तिकरण की ओर अग्रसर हो रहे है। कलेक्टर श्री संबित मिश्रा के मार्गदर्शन में नियद नेल्लानार क्षेत्रों में विकास की गति को बढ़ाने लगातार प्रयास किए जा रहे है वहीं आधार शिविर सहित जन चौपाल के माध्यम से शासकीय अमला ग्रामीणों से जुड़कर उनको शासन के योजनाओं की जानकारी देने के साथ ही पात्रतानुसार लाभान्वित भी कर रहे है।09 अप्रैल को कोण्डापल्ली में आयोजित आधार शिविर के माध्यम से ग्रामीणों का आधार पंजीयन, मतदाता परिचय पत्र, बैंक खाता खोलने हेतु फार्म भराया गया वहीं भारी संख्या में उपस्थित ग्रामीणों को शासन की योजनाओं से अवगत कराते हुए लाभान्वित होने के लिए प्रेरित किया गया।

# हनुमान जयंती पर कसडोल में निकाली विशाल शोभायात्रा

## हिन्दू पर्व व हनुमान जन्मोत्सव समिति ने किया आयोजन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता





**कसडोल, 11 अप्रैल।** हिन्दू पर्व आयोजन समिति एवं हनुमान जन्मोत्सव समिति कसडोल द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी नववर्ष विक्रम संवत 2082 चैत्र शुक्ल प्रतिपदा एवं प्रभु श्रीराम के जन्मोत्सव का महापर्व रामनवमी एवं आगामी हनुमान जन्मोत्सव पर भव्य एवं दिव्य विशाल श्रीराम हनुमान शोभायात्रा का आयोजन किया गया।

गौरतलब है कि दोनों समिति इस बार एक होकर संयुक्तरूप से इस शोभायात्रा का संचालन कर रही थी जिसका परिणाम आज देखने को मिला कि कसडोल नगर में आज इस शोभायात्रा को लेकर विशाल जनसमूह अपने घरों से निकल कर बढ़ चढ़कर शोभायात्रा में अपनी उपस्थिति दी। समिति के सदस्य गणेश साहू ने बताया कि शोभायात्रा नगर की अधिष्ठात्री देवी मां महामाया मंदिर से ध्वज पूजन एवं झांकी पूजन पश्चात निकली जो नगर के बजरंग चौक, बाजार चौक तथा मुख्य मार्गो का भ्रमण करते हुए हनुमान मंदिर गायत्री चौक पहुंचा, इस वर्ष शोभायात्रा में जय माँ महामाया झांकी समूह नागपुर विशेष प्रस्तुति आकर्षक के केंद्र में रही। साथ ही बाबा महाकाल, हनुमान श्रीराम दरबार की भी झांकी शोभायात्रा में सम्मिलित हुए। इस शोभायात्रा में महिलाओ ने भी बढ़ चढ़ कर उपस्थिति दी। शोभायात्रा के दौरान नगर के विभिन्न जगहों पर मंच के माध्यम से पुष्प वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया गया। कसडोल के इतिहास में यह पहली बार सम्भव हुआ कि नगर ही नही अपितु पूरे अंचल से लोग इतनी विशाल जन समूह में एकता का परिचय देकर बड़े ही उत्साह के साथ यात्रा में सम्मिलित हुए।

समिति के सदस्य व पार्षद पुणेश्वर नाथ मिश्रा ने बताया कि कसडोल नगर के इस शोभायात्रा की खास बात यह है कि यह कार्यक्रम पूरी तरह से अराजनीतिक आयोजित होता है इसमें नगर के सभी जनप्रतिनिधि, राजनीतिक दल सज्जन व्यक्ति और महिलाओं, युवाओ का हुजूम उमड़ पड़ता है। शोभायात्रा के समापन स्थल हनुमान के मन्दिर में भव्य राम हनुमान की महाआरती के साथ भारतमाता की भी आरती पश्चात आतिशबाजी के साथ सम्पन्न हुआ जो भारतभूमि के प्रति कसडोल की जनता का प्रेम प्रदर्शित करता है।

समिति के सदस्य भावेश यादव व राकेश साहू ने बताया कि इस शोभायात्रा में समिति के सदस्यों द्वारा दो माह पूर्व तैयारी कर नगर को भगवा झंडा से सजाया गया। उक्त यात्रा में नगर के सभी वर्गों से सहयोग प्राप्त हुआ जिसके प्रतिफल हिन्दू समाज का अपने सनातन धर्म के प्रति जागरूकता और अधिक बढ़ी है। निश्चित ही समिति के सदस्यों द्वारा अथक प्रयास व लगन के फलस्वरूप इतनी विशाल भव्य व दिव्य शोभायात्रा सम्पन्न हुआ है। सफल आयोजन के लिए समिति की ओर से हम सभी दान दाताओ और नगरवासियो का आभार व्यक्त करते है। समिति के सदस्य शैलेंद्र राव पवार ने बताया कि आगामी 12 अप्रैल हनुमान जन्मोत्सव पर गायत्री चौक स्थित हनुमान मंदिर में चालीसा पाठ, भजन संध्या कार्यक्रम, महाआरती पश्चात प्रसाद वितरण किया जाएगा।

## समाचार संक्षेप

### बुलाकी लाल वर्मा मुख्यमंत्री अलंकार से सम्मानित



**सिमगा, 11 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** सिमगा ब्लॉक के ग्राम पंचायत मुसवाडीह के प्राथमिक शाला के शिक्षक बुलाकीलाल वर्मा को जिला शिक्षा अधिकारी हिंमाशु भारती ने मुख्यमंत्री अलंकार से सम्मानित किया। उनके साथी शिक्षकों ने उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना किया है।

### अतिक्रमण पर जिला प्रशासन की सख्ती खिलोरा में चला शासन का बुलडोजर



**तिल्दा नेवरा, 11 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिला प्रशासन द्वारा शासकीय भूमि के अवैध अतिक्रमण पर सख्त कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश पर रविवार को तहसील सिमगा के ग्राम खिलोरा में अवैध अतिक्रमण के प्रयासों पर राजस्व विभाग की टीम ने बड़ी कार्यवाही करते हुए बुलडोजर चलाकर मुक्त कराया।

सिमगा के अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अंशुल वर्मा ने बताया कि ग्राम खिलोरा के ग्रामीणों से राईस मिलर रौनक अग्रवाल के द्वारा किए जा रहे शासकीय भूमि पर अतिक्रमण की जानकारी प्राप्त हुई।कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देशानुसार एसडीएम सिमगा के द्वारा तहसीलदार सिमगा के नेतृत्व में दल बना कर विवादित भूमि का नाप कर तत्काल उचित कार्यवाही हेतु आदेश जारी किया गया।राजस्व दल द्वारा मौके पर विवादित भूमि का नाप-जोख किया गया एवं की गई जांच के आधार पर शासकीय भूमि पर हो रहे अतिक्रमण के प्रयास को बुलडोजर चला कर तत्काल रोक गया। कार्यवाही के दौरान ग्राम खिलोरा के ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। गौरतलब है कि तिल्दा निवासी राइस मिलर रौनक अग्रवाल द्वारा ग्राम खिलोरा में जमीन खरीदकर राईस मिल स्थापित किया जा रहा है। मिलर के द्वारा खरीदी गई जमीन के साथ शासकीय जमीन पर पोल गाड़कर अतिक्रमण का प्रयास किया जा रहा था। ग्रामीणों के द्वारा इस अतिक्रमण के प्रयास की सूचना एसडीएम सिमगा को दी गई जिस पर कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश पर आज बड़ी कार्यवाही की गई।

## एक नजर

### सुशासन तिहार : समस्याओं के निराकरण का दौर शुरू



**बलौदाबाजार, 11 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** सुशासन तिहार के प्रथम चरण में 8 अप्रैल से आवेदन लेने का सिलसिला जारी है जो 11 अप्रैल तक चलेगा। गांव से शहर तक लोग अपनी समस्या और मांग को लेकर समाधान पेटी में आवेदन डाल रहे है। राज्य शासन की मंशानुसार जिला प्रशासन द्वारा प्राप्त आवेदनो की गंभीरता अनुसार त्वरित निराकरण पर भी जोर दिया जा रहा है। गुरुवार को नगर पंचायत रोहांसी में वार्ड क्रमांक 3 निवासी धर्मेंद्र साहु ने श्रद्धांजलि राशि के लिए आवेदन दिया जिस पर त्वरित कार्यवाही करते हुए चेक तैयार किया गया।नगर पंचायत अध्यक्ष नंदेश्वर कुमार साहू ने 2 हजार रुपये का चेक धर्मेंद्र साहु को आवेदन प्राप्ति स्थल पर ही सौंपा। इसीतरह विकासखंड सिमगा के ग्राम पंचायत बिटकुली में आवेदक अथनु मेहर ने विगत 6 माह से मिराश्रित पेंशन नहीं मिलने के सम्बन्ध में आवेदन दिया। प्राप्त आवेदन का अधिकारियो के द्वारा मौके पर ही जांच किया गया जिसमे पाया गया कि अथनु मेहर का फ़रवरी 2025 तक की पेंशन की राशि उनके आधार लिंक्ड़ पोस्ट ऑफिस के खाते में जमा हो चुका है।

### शासकीय विभागों में नौकरी लगाने के नाम पर ठगी करने वाला गिरफ्तार



**बलौदाबाजार, 11 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** 2 अप्रैल को प्रार्थी चंद्रमा साहू निवासी ग्राम कोटियाडीह द्वारा थाना गिधौरी में रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि ग्राम फ़रहदा (खरोरा) निवासी आरोपी उमाकांत दीवान द्वारा प्रार्थी की पत्नी को महिला बाल विकास विभाग में (सरकारी नौकरी) पर्यवेक्षक के पद पर लगाने के लिए 5,00,000 लिया है। सांथ ही एक अन्य व्यक्ति व्यक्ति से पर्यवेक्षक की ही नौकरी लगाने के नाम पर 5,00,000 तथा श्रम विभाग में श्रम निरीक्षक की नौकरी लगाने के नाम पर एक व्यक्ति से 11 लाख रुपए नगदी एवं चेक लेकर धोखाधड़ी किया है। की रिपोर्ट पर थाना गिधौरी में अपराध क्रमांक 79/2025 धारा 420 भादवि का प्रकरण पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में थाना गिधौरी पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपी उमाकांत दीवान को हिरासत में लिया गया, जिससे पूछताछ करने पर आरोपी द्वारा विभिन्न शासकीय विभागों में नौकरी लगाने के नाम पर लोगों से ठगी करना स्वीकार किया गया है। की प्रकरण में आरोपी को 10 अप्रैल को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है। आरोपी का नाम उमाकांत दीवान उम्र 43 वर्ष निवासी ग्राम फ़रहदा थाना खरोरा जिला रायपुर है।

### गुब्बारा रैली से दिया सुशासन तिहार का सन्देश, आसमान में छोड़े गए गुब्बारे



**बलौदाबाजार, 11 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देशानुसार एवं सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल के नेतृत्व में सुशासन तिहार को जन -जन तक पहुंचाने व्यापक स्तर पर प्रचार- प्रसार किया जा रहा है। इसी कड़ी में गुरुवार को विकासखंड पलारी के ग्राम पंचायत बालौदी में स्व सहायता समूह की महिलाओं ने गुब्बारा रैली निकाल कर सुशासन तिहार के बारे में लोगों को जागरूक किया।

# गार्डन और बरात घर के बहुरेंगे दिन

## नगर पालिका की पहल के चलते अब जल्द ही नए रूप में नजर आएगा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



> हम नगर में जनसुविधाओं को सुचारू, सुलभ बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इसके लिए नगर में हर तरह के विकास कार्यों को लेकर काम किया जा रहा है। इस दौरान मैंने उद्यान और बरात घर की उपयोगिता को देखते हुए आवश्यक बदलाव और मरम्मत कार्य के लिए कहा है।
>
> **-अश्वनी शर्मा, अध्यक्ष, नपा भाटापारा**

**भाटापारा, 11 अप्रैल।** भाटापारा नगर में बने एकमात्र गार्डन और गार्डन के बगल में बने बरात घर के दिन जल्दी ही बहुरने वाले हैं। गार्डन और बरात घर का निरीक्षण करने के बाद इनके जीर्णोद्धार और कायाकल्प को लेकर नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा नगर पालिका के अधिकारियों को निर्देशित किया है। इन स्थानों पर संरचनात्मक बदलाव के साथ आवश्यक उपकरणों को बदलने एवं उच्च गुणवत्ता वाले उपकरण लगाने के लिए निर्देश दिए गए हैं।

गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ राज्य में भाटापारा सबसे बड़ी नगर पालिका परिषद के रूप में जाना जाता है। एक बड़ी आबादी वाले शहर में वर्षो से महज एक ही उद्यान है, जिसमें सुबह-शाम बच्चे और बुजुर्ग खेलने और सैर के लिए जाते हैं लेकिन पूर्ववर्ती निकाय पदाधिकारियों की उदासीनता की वजह से उद्यान की स्थिति दिन-ब-दिन दयनीय होती रही है। आलम यह हो चला है कि उद्यान में बच्चों के खेलने के लिए झूले, फिसल पट्टी और अन्य खेल सामग्री टूटी हुई है। वहीं फव्वारा भी काम नहीं कर रहा है। आराम के लिए लगी कुर्सियों भी टूटी हैं। शाम के बाद अंधेरा होने पर पर्याप्त लाइट की व्यवस्था न होने से जीव-जंतुओं द्वारा काटने या अन्य तरह के हादसे की आशंका बनी रहती है। नगर पालिका परिषद अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने बच्चों समेत उद्यान पहुँचने वाले नगरवासियों की सुविधाओं को देखते हुए तत्काल आवश्यक मरम्मत कार्य कराने और अधोसंरचनात्मक रूप से बदलाव के लिए निर्देश दिए हैं।

इसके साथ ही नपा अध्यक्ष शर्मा ने बुधवार 9 अप्रैल को नगर पालिका परिषद भवन के सामने और उद्यान के बगल में लगभग डेढ़ दशक पुराने बरात घर का भी निरीक्षण किया। बरात घर की स्थिति को देखते हुए बरात घर का जीर्णोद्धार कराने के लिए निर्देश जारी किए ताकि अब तक अनुपयोगी रहे बरात घर का उपयोग नगरवासी कर पाएँ।

# जैन समाज के लोगों ने धूमधाम से मनाया भगवान महावीर स्वामी का जन्म कल्याणक महोत्सव

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**सिमगा, 11 अप्रैल।** जैन समाज सिमगा के द्वारा आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर से प्रातः 7 बजे ढोल नगाड़ों के साथ नगर के प्रमुख मार्गो में भव्य शोभायात्रा निकाला गया। शोभायात्रा में भगवान महावीर स्वामी की जय भगवान महावीर स्वामी का शुभ संदेश जियो ओर जिने दो के गगन भेदी जयघोष गूंज रहे थे। शोभायात्रा में समाज के महिला पुरूष बच्चों ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया। शोभायात्रा वापस मंदिर में पहुचने पर भगवान महावीर स्वामी का विधि विधान के साथ अभिषेक पूजन संपन्न हुआ। के प्रथम अभिषेक करने का सौभाग्य सुरेन्द्र विजय अजय जैन हितेश जैन परिवार को एवं शांति धारा करनें का सौभाग्य सुलभ जैन को प्राप्त हुआ वहीं छत्र चवर चढ़ाने का सौभाग्य संजय जैन परिवार को प्राप्त हुआ।

भगवान महावीर स्वामी के जन्म कल्याणक महोत्सव में प्रमुख रूप में विरेन्द्र जैन नरेन्द्र जैन सुरेन्द्र जैन मानकलाल जैन निर्मल जैन विजय जैन संजय जैन जिनेन्द्र जैन राजेश जैन कमल जैन विरेन्द्र जैन शातिंलाल जैन मनीष जैन सचीन जैन अमित जैन सुरेश जैन सुलभ जैन अभिषेक जैन सोनू जैन मौली जैन वैभव जैन योगेश जैन विकास जैन चिंटू जैन आयुश जैन पीयूष जैन विक्की जैन निक्की जैन सौरभ जैन नैतिक जैन रितिक जैन आरव जैन शौर्य जैन कल्प जैन सानिध्य जैन वेद जैन सात्विक जैन नये वहीं महिलाओं में विमला जैन सुषमा जैन निधी जैन ज्योति जैन अलका जैन ऊषा जैन अंजना जैन अर्चना जैन वर्षा जैन रूचि जैन नेहा जैन दीपा जैन पारूल जैन पायल जैन सविता जैन सुनैना जैन चंद्रकांता जैन शकुन जैन मंजू जैन मोना जैन नमिता जैन प्रभा जैन उपस्थित थे। वहीं संध्या समय भगवान की महाआरती का भव्य आयोजन हुआ जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में नगरपालिका के अध्यक्ष हरदीप सिंह भाटिया थे। इस अवसर पर भाटिया का जैन समाज सिमगा के द्वारा आत्मीय स्वागत किया। जंहा उन्होंने भगवान महावीर स्वामी के जन्म कल्याणक महोत्सव की बधाई देते हुए कहा कि हम सौभाग्य शाली है की हम लोग अपने आराध्य देव की अभिषेक पूजन करते है जिससे हमें जीवन में सत्कर्म करने की प्रेरणा मिलती है। मैं आप लोगों को विश्वास दिलाता हूं कि मैं आप लोगों के समाज के विकास में साथ निभाने आपके साथ हूँ।

# सुशासन तिहार के दूसरे दिन भी लोगों ने दिया आवेदन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**डौंडी, 11 अप्रैल।** सुशासन तिहार के दूसरे दिन बालोद जिले के सभी नगरीय निकायों एवं ग्राम पंचायत कार्यालयों में बड़ी संख्या में लोगों ने पहुँचकर अपने मांगों एवं समस्याओं के निराकरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया। ग्राम पंचायत कार्यालयों एवं नगरीय निकायों में आवेदन प्रस्तुत करने निर्धारित किए गए स्थानों पर आज सुबह से ही जनप्रतिनिधियों, आम नागरिकों एवं आवेदकों का चहल कदमी देखने को मिला। इसी कड़ी में जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेन्द्र चंद्राकर एवं कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल आज जिले के आदिवासी बाहुल्य डौण्डी विकासखण्ड के सुदूर वनांचल के ग्राम कुंआगोंदी के ग्राम पंचायत कार्यालय में पहुँचकर सुशासन तिहार के व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेन्द्र चंद्राकर एवं कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभान्वित हितग्राहियों को आवास की स्वीकृति पत्र भी प्रदान कर उन्हें शुभकामनाएं दी। इसके अलावा उन्होंने ग्रामीणों से चर्चा कर उनके मांगों एवं समस्याओं के संबंध में भी जानकारी ली। इस मौके पर एसडीएम नूतन कंवर, तहसीलदार, जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सहित अन्य अधिकारियों के अलावा जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थे।

इस दौरान कलेक्टर चन्द्रवाल ने मौके पर उपस्थित अधिकारी-कर्मचारियों से अब तक प्राप्त कुल आवेदनों के संबंध में जानकारी ली। चन्द्रवाल ने अधिकारी-कर्मचारियों को सुशासन तिहार के कार्य को सुचारू रूप से संचालित करने तथा अपने मांगों एवं समस्याओं के निराकरण हेतु ग्राम पंचायत कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत करने के लिए आने वाले ग्रामीणों के सुविधा के लिए भी जरूरी व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिससे आम जनता को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। मौके पर उपस्थित अधिकारी-कर्मचारियों ने सुशासन तिहार के अवसर पर ग्राम पंचायत कार्यालय कुंआगोंदी में मांग से संबंधित अधिक आवेदन प्राप्त होने की जानकारी दी। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष एवं कलेक्टर ने आम नागरिकों से बातचीत कर उनके मांगों एवं समस्याओं के संबंध में जानकारी ली। इस दौरान वार्ड नंबर 12 ग्राम कुंआगोंदी के निवासी माना बाई ने वार्ड नंबर 12 एवं 13 में पेयजल हेतु समुचित पानी की उपलब्धता सुनिश्चित कराने की मांग की। कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने मौके पर उपस्थित अधिकारियों को तत्काल वार्ड नंबर 12 एवं 13 का निरीक्षण कर ग्रामीणों के लिए समुचित मात्रा में पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए।


**न्यायालय अपर कलेक्टर एवं विशेष विवाह अधिकारी, जिला बालोद (छ.ग.)**

फार्म अ
सार्वजनिक सूचना
(नियम-6 देखिये)

सर्व साधारण की जानकारी के लिए यह अधिसूचित किया जाता है कि आवेदक पूरन लाल आ. श्री उत्तम कुमार, जाति तेली, आयु 27 वर्ष, निवासी ग्राम तर्रागोंदी, पो. सिलौटी, थाना व तह. भखारा, जिला धमतरी (छ.ग.) एवं आवेदिका राधिका आ. श्री धनीराम, जाति-तेली, आयु 27 वर्ष निवासी ग्राम अर्जुनी, पो. गोरकापार, थाना व तह. गुण्डरदेही, जिला-बालोद (छ.ग.) द्वारा विशेष विवाह अधिनियम, 1954 धारा 05 के अधीन अपने विवाह के लिए आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

प्रस्तावित विवाह के विरुद्ध आपत्ति करने के इच्छुक कोई भी व्यक्ति इस संबंध में दिनांक 28/04/2025 के पूर्व अधोहस्ताक्षरी के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के पश्चात् प्राप्त आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं होगी तथा वह शून्य माना जावेगा।

आज दिनांक 02/04/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा सहित जारी।

**अगामी तिथि 28/04/2025**

मुहर

**अपर कलेक्टर,**
**एवं विशेष विवाह अधिकारी**
**जिला बालोद (छ.ग.)**

**न्यायालय तहसीलदार मोहला, जिला-मोहला मानपुर अं.चौकी (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र. 202503300100011 /ब-121/2024-25

**ईश्तहार**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री हेमंत कुमार पिता पन्नालाल साहू निवासी ग्राम मोहला तहसील मोहला जिला मोहला मानपुर अं.चौकी (छ.ग.) के द्वारा अपने नाम की भूमि स्वामी हक की परिवर्तित भूमि ग्राम मोहला प.ह.नं. 10 स्थित खसरा नंबर 77/27, 77/21 रकबा क्रमशः 0.0240, 0.050 हे. दर्ज है। उक्त दर्शित भूमि को अपने निजी आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु विक्रय की अनुमति प्रदान करने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अतः इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को दावा-आपत्ति पेश करना हो तो स्वंय अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय तहसीलदार मोहला के न्यायालय में दिनांक 11.04.2025 को कार्यालीन समय पर उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं। पश्चात् दावा-आपत्ति पर कोई विचार/सुनवाई नहीं की जावेगी।

आज दिनांक 28.03.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा सहित जारी किया गया।

मुहर

**तहसीलदार**
**मोहला (छ.ग.)**

**कार्यालय नगर पालिक निगम जगदलपुर जिला-बस्तर छ.ग.**

**मैनुअल पद्धति निविदा आमंत्रण सूचना**

**क्रमांक 77/नपानि/भण्डार/2025** — **जगदलपुर, दिनांक 04/04/2025**

कार्यालय नगर पालिक निगम जगदलपुर द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु दर स्वीकृति दिनांक से 31 मार्च 2026 अवधि हेतु अनुबंध फर्मों/संस्थाओं से निविदा प्रपत्र 'सी' में निविदा आमंत्रित है। कार्य विवरण निम्नानुसारः-

| क्रमांक | कार्य विवरण | निविदा प्रपत्र शुल्क | अमानत राशि | अनुमानित लागत |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | सामान्य सभा सम्मिलन में भोजन व्यवस्था (दो प्रकार की सब्जी, दाल, चावल सादा पुलाव, वेजपुलाव, तवा रोटी/पुड़ी/पराठा/रायता/पापड़/सलाद/आचार एवं मीठा) मिनरल वाटर सहित प्रति प्लेट की दर से। | 750.00 | 8000.00 | 8.00 लाख |
| 2 | एम.आई.सी. की बैठक में जलपान व्यवस्था-(कचौड़ी/समोसा/आलू चिप्स/मिच्चर/मीठा/चाय मिनरल वाटर सहित) प्रति प्लेट | | | |
| 3 | विभिन्न समितियों की बैठक में जलपान व्यवस्था-(कचौड़ी/समोसा/आलू चिप्स/मिच्चर/मीठा/चाय मिनरल वाटर सहित) प्रति प्लेट | | | |
| 4 | ब्राण्ड ड्राय फ्रूट बिस्किट/जलपान चाय मिनरल वाटर सहित प्रति प्लेट | | | |

कार्यालय में निविदा प्राप्त अंतिम तिथि :- दिनांक 24/04/2025 को सायं 5.30 बजे तक निविदा खोलने की तिथि 25/04/2025 समय 4.00 बजे।

उपरोक्त कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा प्रपत्र व अन्य जानकारी निगम के विभागीय वेबसाईट www.nagarnigamjagdalpur.in एवं http://uad.cg.gov.in से डाउनलोड कर अवलोकन उपरांत दिये गये निर्देशानुसार निविदा में भाग लिया जा सकता है।

**कार्यपालन अभियंता**
**नगर पालिक निगम, जगदलपुर**

## एक नजर

### युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या



**रायपुर, 11 अप्रैल।** राजधानी रायपुर से लगे धरसींवा में एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है, 22 वर्षीय मृत युवक का नाम कुलदीप पिता भागचंद वस्त्रकार बताया जा रहा है। धरसीवा के ग्राम पंचायत कुरुद सिलयारी में वार्ड नंबर 12 का मामला। घटना की सुचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेज कर जाँच में जुट गई है। फ़िलहाल मौत का कारण अज्ञात है, मृतक अकेले ही रहता था और जीवन यापन करता था, जिसकी सूचना मृतक के परिजनों को दी गई।

### राधा-कृष्ण मंदिर में 108 हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन



**रायपुर, 11 अप्रैल।** श्री राधा कृष्ण मंदिर समिति संजय नगर के संरक्षक सुभाष तिवारी ने कहा कल 12 अप्रैल शनिवार को अजर अमर गुन निधि हनुमान जयंती पर श्री राधा कृष्ण मंदिर संजय नगर में पहली बार108 हनुमान चालीसा का पाठ ,श्रीहनुमान जयंती के अवसर पर किया गया है। सुभाष तिवारी ने जानकारी दी है कि हनुमान चालीसा पाठ विभिन्न भजन समितियां प्रातः 8:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक 108 हनुमान चालीसा पाठ में शामिल होंगे।श्री राधा कृष्ण मंदिर समिति संजय नगर के संरक्षक सुभाष तिवारी ने रायपुर शहर के हनुमान भक्त और भजन प्रेमी बंधुओं सहित हनुमान चालीसा का पाठ करने वाले समस्त सज्जनों से आग्रह किया है कि इस पावन अवसर पर राधा कृष्ण मंदिर संजय नगर में 12 अप्रेल को प्रातः 8:00 बजे से 2:00 बजे के बीच में उपस्थित हो इस कार्य में अपना सहयोग प्रदान करें ।उन्होंने कहा श्री हनुमान चालीसा के 108 पाठ के समापन पश्चात भोग भंडारे का भी आयोजन किया गया है।

### उप मुख्यमंत्री से सातवें वेतनमान के आधार पर पेंशन देने की गुहार



**रायपुर, 11 अप्रैल।** पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय कर्मचारी संघ के पूर्व सचिव एवं वर्तमान छत्तिसगढ़ विश्वविद्यालयीन पेंशनर्स कल्याण समिति के अध्यक्ष प्रदीप कुमार मिश्र एवं सचिव तीर्थ राम यादव नेता द्वय के साथ प्रतिनिधि मंडल में शिरिष त्रिवेदी, अलख राम साहू और गणेश राम यादव जी आदि ने बताया कि प्रदेश के उप मुख्यमंत्री गृह मंत्री विजय शर्मा और उप मुख्यमंत्री अरुण साव को सातवें वेतन मान के आधार पर पेंशन देने हेतू पत्र देते हुए निवेदन किया गया दोनों उप मुख्यमंत्री द्वय ने सेवानिवृत कर्मचारियों की समस्यायों को ध्यान से सुना और मुख्य मंत्री जी से चर्चा कर मांग पूरी कराने का आश्वासन दिया। उप मुख्यमंत्री से सीधे रूबरू होकर विश्वविद्यालय के सेवानिवृत ने बताया कि भाजपा के डा रमन सिंह जी के शासन काल में ही छठवें और सातवें वेतन मान का आदेश जारी हुआ था और उनके सभी एरीयस आदि कर्मचारियों को मिले थे नौ वर्षो से अधिक हो गए के वि वि के सेवानिवृत कर्मचारियों को सातवें वेतनमान के आधार पर पेंशन के लाभ से विश्वविद्यालय के कर्मचारीगण वंचित हैं आप से कर्मचारीहित में सकरात्मक पहल करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए पेंशन आदेश शीघ्र जारी कराने के लिए आपसे निवेदन करने आयें हैं ।

### प्रदर्शनी का अवलोकन



**रायपुर, 11 अप्रैल।** भाजपा प्रदेश कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में संविधान निर्माता, भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर प्रदेश कार्यशाला में आयोजित प्रदर्शनी का भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने अवलोकन किया। इस दौरान संगठन महामंत्री श्री पवन साय, कैबिनेट मंत्री दयालदास बघेल, सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े , विधायक पुन्नू लाल मोहिले, मोती लाल साहू, अनुसूचित जाति मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष नवीन मारकण्डे, प्रदेश सोशल मीडिया सह संयोजक मितुल कोठारी सहित गणमान्य जन उपस्थित रहे।

# कटे हुए पेड़ों के लिए अनोखी शोक सभा

- पुष्प चढ़ाकर और मोमबत्ती जलाकर दी गई श्रद्धांजलि
- सरपंच व पंच ने कटवाए थे पेड़



**रायपुर, 11 अप्रैल।** राजधानी रायपुर से मात्र 16 किलामीटर एंव छत्तीसगढ़ विधानसभा से मात्र 5 किलोमीटर दूर स्थित ग्राम पंचायत दोन्दे खुर्द की हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में बीते कुछ दिनों में लगभग 200 फलदार वृक्ष सहित सागौन एवं अन्य उपयोगी पेड़ों की कटाई नवनिर्वाचित सरपंच अशोक कुमार साहू एवं पंच सुरुचि कश्यप द्वारा कराए जाने की बात सामने आई है।

इस मामले पर संज्ञान लेते हुए सृष्टि सेवा संकल्प संस्था ने वन विभाग के अधिकारियों एवं कलेक्टर रायपुर से निवेदन किया कि पेड़ों की कटाई पर रोक लगाई जाए। वन विभाग के अधिकारियों ने मौके का निरीक्षण किया। दूसरे दिन तहसीलदार एवं पटवारी ने पंचनामा की कार्रवाई की। तहसीलदार के सामने कॉलोनी वासियों ने बताया कि हमारे मना करने के बावजूद बिना किसी ठोस कारण एवं बिना किसी शासकीय अनुमति के पेड़ों की कटाई सरपंच एवं पंच ने कराई है, जो गलत है। आज सृष्टि सेवा संकल्प संस्था एवं ग्रामवासियों ने पेड़ों की निर्मम हत्या के विरोध में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन कर कटे हुए पेड़ों की पूजा कर उन्हें फूलमाला पहनाकर तथा मोमबत्ती जलाकर उनके आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। सांकेतिक रूप से पेड़ों की कटाई स्थल से रामजानकी मंदिर तक कैंडल मार्च निकालकर ग्रामीणों ने प्रभु राम कामना की की सरपंच एवं पंच को सद्बुद्धि प्रदान करे। सृष्टि सेवा संकल्प संस्था एवं ग्रामीणों ने शासन से निवेदन किया है कि जो भी व्यक्ति इस कुकृत्य में शामिल है उनके ऊपर वैधानिक कार्रवाई की जाए। श्रद्धांजलि सभा में मुख्य रूप से सृष्टि सेवा संकल्प के सदस्य , पूर्व जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि कमल भारती , पूर्व सरपंच अम्मी रेड्डी , भाजपा नेता सूरज टंडन , नलिनी कौशल , राजू वर्मा , मनमोहन सिंह , देवकुमार , अलेन सोनवानी , लालू थवाईत , भूपेंद्र , राजा , रेखा गुप्ता , विजलक्ष्मी साहू , मीना छेतीजा , वासु रेड्डी सहित सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण जन शामिल हुए।

## आरक्षण संशोधन विधेयक पर राजभवन तुरंत निर्णय ले: बैज



**रायपुर, 11 अप्रैल।** कांग्रेस ने आरक्षण संशोधन विधेयक पर राजभवन से तुरंत हस्ताक्षर करने की मांग की है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के हालिया निर्णय के बाद छत्तीसगढ़ के सर्वसमाज के लोगों में एक नई आस जगी कि पिछले दो साल से अधिक समय से उनका अधिकार जो राजभवन में बंधक है उस पर अब फैसला हो जायेगा। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की बदनीयती के चलते ही पूर्ववर्ती सरकार द्वारा पारित 76 प्रतिशत आरक्षण विधेयक विगत 2 साल से अधिक समय से राजभवन में लंबित है। भाजपाइयों के षड्यंत्र के चलते ही छत्तीसगढ़ के बहुसंख्यक अबादी को उनके शिक्षा और रोजगार के अधिकार को सीधे तौर पर प्रभावित करने वाले प्रावधान के 76 प्रतिशत आरक्षण से वंचित रखा गया है। भूपेश बघेल के नेतृत्व वाली पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने अनुसूचित जनजाति वर्ग के लिए 20 प्रतिशत से बढ़ाकर 32 प्रतिशत आरक्षण, अनुसूचित जाति के लिए उनकी आबादी के अनुरूप 13 प्रतिशत आरक्षण और अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए 14 प्रतिशत से बढ़ाकर 27 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान उस नवीन आरक्षण विधेयक 2022 में किया है। सभी वर्गो के गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले ईडब्ल्यूएस के लिए भी 4 प्रतिशत आरक्षण की व्यवस्था उस विधेयक में है।

भारतीय जनता पार्टी के नेताओं के षडयंत्र और दुर्भावना के चलते ही राजभवन की आड़ में आरक्षण विधेयक को लंबित रखा गया है। छत्तीसगढ़ नवीन आरक्षण विधेयक 2022 के संदर्भ में भारतीय जनता पार्टी से अपना रुख स्पष्ट करने की मांग करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि सामाजिक न्याय और आम छत्तीसगढ़िया जनता अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग और सामान्य वर्ग के गरीबों के हक और अधिकार से संदर्भित महत्वपूर्ण नवीन आरक्षण विधेयक 2 दिसंबर 2022 से राजभवन में अनुमोदन के लिए आज तक लंबित है।

## समस्याओं के समाधान के लिये सुशासन त्यौहार का लाभ लें ग्रामीण

**रायपुर, 11 अप्रैल।** जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना योगेश तिवारी ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुये कहाँ के मोदी जी की ग्यारंटी और श्री विष्णुदेव साय जी का सुशासन तिहार ! समस्याओं का समाधान आपके शहर आपके ग्राम !दिनांक 08 अप्रेल से 31मई तक- सूचना- मेरे प्यारे भाइयों एवं बहनों छत्तीसगढ़ वासियों छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार के मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय जी के पहल पर प्रदेश छत्तीसगढ़ में सुशासन तिहार समस्याओं का समाधान आपके शहर आपके ग्राम के तहत चलाया जा रहा है !जो कि यह शासन का एक जनसंपर्क अभियान के तहत जन समस्या निवारण हेतु छत्तीसगढ़ के सभी ग्राम पंचायत एवं शहरी वार्ड स्तर पर जन समाधान शिविरों के माध्यम से संवाद से समांधान शिविर का आयोजन हो रहा है! जिसे सुशासन तिहार समस्याओं का समाधान आपके शहर आपके ग्राम के रूप में मनाया जा रहा है !जिसके तहत दिनांक 08/04/20 25 से 11/04/2025 तक आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं जिसमें आप अपनी विभिन्न समस्याएं जैसे पट्टा, बिजली, पानीं, रोड, नाली, सांस्कृतिक भवन, राशन कार्ड, पेंशन, पोल में लाईट,पुष्प वाटिका,आधार कार्ड,प्रधानमंत्री आवास,मजदुर कार्ड,एवं अन्य योजनाओं के लाभ के लिए और भी जन समस्या से शासन को अवगत कराने जिनका महतारी वंदन योजना से वंचित हैं जिनका फॉर्म जमा नहीं हो पाया था या जिनकी नई वधु बहू शादी होकर आई है,जो महतारी वंदन के लिए किन्हीं कारण वश छूट गए थे ऐसे माताएं बहन भी फॉर्म भर सकते हैं ! निराकरण हेतू !नोट :- प्यारे भाइयों एवं बहनों आप अपने अपने वार्ड क्षेत्र में समाधान शिविर आयोजन स्थल में जाकर आवेदन करें या और ज्यादा जानकारी के लिए नगर निगम क्षेत्र के महापौर पार्षद एवं ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम पंचायत,जिला पंचायत,नगर पंचायत के प्रति निधियों से मिलकर ज्यादा जानकारी प्राप्त करें !सुशासन तिहार की सभी वार्ड में ग्राम पंचायत में सहायता केंद्र शिविर आयोजित है सुशासन तिहार समस्याओं का समाधान शिविर दिनांक 05 से 31 मई तक ! सुशासन तिहार समस्याओं का समाधान आपके शहर आपके ग्राम कार्यक्रम आयोजन के लिए मोर भाजपा मोदी कुटुम्ब परिवार जनों ने प्रदेश यशस्वी मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जी को कोटि कोटि साधुवाद करते हुए हार्दिक बधाई एवं मंगल शुभकामनायें प्रेषित किया है।

## परशुराम जयंती पर सामान्य अवकाश घोषित करने की मांग

**रायपुर, 11 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ी ब्राह्मण समाज केंद्रीय समिति ने आज माननीय मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय एवम उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा जी के नाम एक पत्र लिखकर 30 अप्रैल 2025 भगवान श्री परशुराम जयंती को सामान्य शासकीय अवकाश घोषित करने की मांग की। साथ ही, नवा रायपुर के किसी प्रमुख चौक का नामकरण श्री परशुराम चौक के रूप में करने का अनुरोध किया गया। ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष दिवाकर तिवारी एवम महासचिव अजय शर्मा ने बताया कि उन्होंने शासन प्रमुख को लिखे गए पत्र में सर्वप्रथम छत्तीसगढ़ शासन द्वारा विभिन्न समुदायों के धार्मिक पर्वों (जैसे शाकंभरी जयंती, मां कर्मा जयंती, महावीर जयंती, कबीर जयंती, गुरु घासीदास जयंती, चेटीचंद व छठ पूजा) को सामान्य अवकाश सूची में शामिल किया गया है, जिसकी सराहना की ।उन्होंने अपने पत्र में लिखा है कि , राज्य के कई लाख ब्राह्मण समुदाय के आराध्य देव भगवान परशुराम जी की जयंती को केवल ऐच्छिक अवकाश*की सूची में रखा गया है, जिसे समाज के लिए महत्वपूर्ण धार्मिक पर्व मानते हुए सामान्य अवकाश घोषित करने की मांग की गई।

इस दिन समाज द्वारा *भव्य रैलियाँ, धार्मिक अनुष्ठान एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं, जिनमें सभी नागरिकों की सहभागिता सुनिश्चित करने हेतु यह निर्णय आवश्यक है। दिवाकर तिवारी, ने कहा, भगवान परशुराम जी न केवल ब्राह्मण समुदाय बल्कि संपूर्ण भारतीय संस्कृति के प्रतीक हैं। उनकी जयंती को सामान्य अवकाश घोषित करने से राज्य की सामाजिक समरसता को बल मिलेगा।

## सर्वधर्म संकट मोचन मंदिर में 12 को महाआरती



**रायपुर, 11 अप्रैल।** रेलवे स्टेशन परिसर स्थित सर्वधर्म संकट मोचन मंदिर समिति के अध्यक्ष राजकुमार राठी, संरक्षक कमलेश तिवारी, महामंत्री महेंद्र सिंघानिया, पल्लवी मनुदेव ने बताया कि समिति द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 12 अप्रैल को हनुमान जन्मउत्सव धूमधाम से मनाई जाएगी जिसमें प्रातः भगवान का अभिषेक व श्रृंगार कर दोपहर 12 बजे महाआरती की जाएगी तत्पश्चात 1 बजे से प्रसादी वितरण प्रारंभ होगा जिसमें मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विधायक सुनील सोनी, पुरंदर मिश्रा, मोतीलाल साहू, रायपुर महापौर श्रीमती मीनल चौबे, नागरिक आपूर्ति निगम के अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव, सभापति सूर्यकांत राठौर सहित मंडल आयोग के अध्यक्ष, नगर निगम के एमआईसी सदस्य, जोन अध्यक्ष, पार्षद व व्यापारिक संगठनों के अध्यक्ष पदाधिकारी शामिल होंगे। श्री राठी ने बताया कि कार्यक्रम में 8 से 10 हज़ार हनुमान भक्तों के लिए प्रसादी की व्यवस्था की गई है जिसमें रेलवे स्टेशन से यात्रा करने वाले यात्री भी हनुमान जी के दर्शन कर प्रसादी ग्रहण करेंगे। श्री राठी ने बताया कि मंदिर में आकर्षक साज-सज्जा के साथ लाइटिंग की विशेष व्यवस्था की जाएगी एवं आरती के पश्चात जयपुर से आई टीम के द्वारा भव्य रंग बिरंगी आतिशबाजी की जाएगी। श्री राजकुमार राठी ने बताया कि कार्यक्रम की विशालता को देखते हुए पुलिस एवं शासन से विशेष सहयोग दान करने की भी मांग की गई है।

## सुशासन तिहार: तीन दिन में मिले तीन लाख से अधिक आवेदन

**रायपुर, 11 अप्रैल।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मार्गदर्शन में जनता-जनार्दन की समस्याओं के निदान और उनसे रूबरू मुलाकात के लिए सुशासन तिहार के तहत गांव-गांव, शहर-शहर आवेदन लिए जाने का सिलसिला जारी है। आम जनता से 11 अप्रैल तक लिए जाएंगे। आवेदन प्राप्त करने के प्रथम चरण में तीन दिनों में तीन लाख 18 हजार से अधिक आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिसमें 2 लाख 89 हजार 648 आवेदन विभिन्न मांगों से संबंधित है जबकि शिकायतों से संबंधित आवेदनों की संख्या मात्र 19 हजार 375 है। यहां यह उल्लेखनीय है कि सुशासन तिहार तीन चरणों में आयोजित होगा। प्रथम चरण में



8 अप्रैल से 11 अप्रैल तक आम जनता से ग्राम पंचायतों एवं नगरीय निकायों के कार्यालयों में सीधे आवेदन लिए जा रहे हैं। लोग अपनी समस्याओं एवं मांगों से संबंधित आवेदन अपने-अपने जिलों में ऑनलाईन, शिविर एवं समाधान पेटी में डाल रहे हैं। जनसमान्य की समस्याओं से संबंधित आवेदनों को भरने के लिए ग्राम पंचायतों एवं नगरीय निकायो के कार्यालयों में अधिकारी कर्मचारी की ड्यूटी भी लगाई गई है, ताकि लोगों को अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन देने में किसी भी तरह की परेशानी न हो। सुशासन तिहार के अंतर्गत ऑनलाइन आवेदन पोर्टल एवं कॉमन सर्विस सेंटर के जरिए भी आवेदन प्राप्त किए जाने की व्यवस्था है। विकासखंडों और जिला मुख्यालयों में भी आवेदन प्राप्त करने हेतु समाधान पेटी रखी गई है, जहां लोग अपनी समस्याओं के संबंध में आवेदन डाल रहे है।उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ राज्य सरकार द्वारा सुशासन एवं पारदर्शिता के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में सुशासन तिहार-2025 का आयोजन एक महत्वपूर्ण पहल है। सुशासन तिहार-2025 के तहत सभी प्राप्त आवेदनों की सॉफ्टवेयर में प्रविष्टि कर संबंधित विभागों को सौंपा जाएगा, और एक माह के भीतर उनका निराकरण सुनिश्चित किया जाएगा।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा है कि सुशासन तिहार 2025 का उद्देश्य जनसामान्य की समस्याओं का प्रभावी एवं त्वरित समाधान, शासकीय कार्यों में पारदर्शिता और जनता से सीधा संवाद स्थापित करना है।

## कबीर संत समागम समारोह का समापन



**रायपुर, 11 अप्रैल।** ग्राम पांहदा में आयोजित दो दिवसीय श्री सद्गुरु कबीर संत समागम समारोह का समापन पूर्ण श्रद्धा, भक्ति और सामाजिक समरसता के साथ संपन्न हुआ। समारोह के समापन दिवस पर कबीर पंथ के गुरु गोसाई डां भानु प्रताप नाम साहेब ने अपने दिव्य प्रवचनों में संत कबीर साहेब के जीवन दर्शन, सत्य, अहिंसा और समानता के अमूल्य संदेश को जन-जन तक पहुंचाया। उन्होंने समाज में प्रेम, सद्भाव और एकता को अपनाने का आह्वान किया। इस दौरान कबीर पंथ के अनुयायियों द्वारा भजन, कीर्तन एवं सत्संग का भव्य आयोजन हुआ। समस्त परिसर ÷साहेब बंदगी साहेब!÷ के उदघोष से गूंज उठा और पूरा माहौल भक्तिरस में डूब गया। सर्व हिंदू सनातन संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं भाजपा किसान नेता योगेश तिवारी ने इस पावन अवसर पर उनकी गरिमामयी उपस्थिति ने समारोह की गरिमा को और अधिक बढ़ा दिया। भाजपा किसान नेता योगेश तिवारी ने कहा, ÷संत कबीर साहेब का दर्शन आज भी समाज को सत्य, प्रेम और समानता की ओर अग्रसर करता है। हमें उनके विचारों को जीवन में अपनाकर एक आदर्श समाज का निर्माण करना चाहिए। कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित कुसुम कैलाश साहू (सरपंच), संजय साहू (उपसरपंच), बंशी निषाद (पूर्व सरपंच), कुमारदास साहेब, रवेंद्रदास साहेब, लेखराम साहेब, हेमंत साहेब, होरीलाल तिवारी, गणेश साहू, सेशमणि साहू, छन्नूराम साहेब, नीलमणि साहू, शत्रोहन साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी, कबीरपंथी संतगण एवं समिति सदस्यगण।



**रायपुर, 11 अप्रैल।** भारतीय ज्ञानपीठ पुरस्कार प्राप्त साहित्यकार पण्डित विनोद कुमार शुक्ला से सुरेश मिश्रा अध्यक्ष कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज रायपुर, आशुतोष मिश्रा वरिष्ठ पत्रकार एवं राजेश दीक्षित सचिव कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज ने मुलाकात कर बधाई दी।

### महापौर को बधाई

**रायपुर,11 अप्रैल।** पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के सेवानिवृत कर्मचारियों ने महापौर मीनल चौबे से मुलाकात कर उन्हें बधाई दी। महापौर से निवेदन किया गया कि नगर निगम की कर्मचारियों के साथ-साथ रायपुर की जनता के हितों का खयाल रखते हुए विकास के कार्य करें।

## समूचा देश बार-बार के चुनाव से मुक्ति चाहता है: बजाज



**रायपुर, 11 अप्रैल।** जिला पंचायत रायपुर के पूर्व अध्यक्ष एवं वरिष्ठ भाजपा नेता अशोक बजाज ने अभनपुर क्षेत्र के ग्राम छांटा और परसदा में आयोजित मानस सम्मलेन में कहा कि भगवान राम की जन्मभूमि अयोध्या में भव्य मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा से देश में सनातन धर्म के प्रति लोगों की आस्था पहले से बढ़ी है.

अयोध्या में श्रीराम मंदिर का निर्माण केवल वादा नहीं बल्कि एक प्रतिज्ञा थी जो पूरी हुई. प्रयागराज के महाकुंभ में करोड़ों श्रद्धालुओं ने डूबकी लगा कर धर्म के प्रति आस्था का परिचय दिया है. श्री बजाज ने कहा कि देश में हो रहे बड़े बदलाव के कारण दुनिया में भारत की साख बढ़ी है. आज ÷एक देश-एक चुनाव÷ की चर्चा हो रही है, पूरा देश बार बार के चुनाव से मुक्ति चाहता है. एक देश एक चुनाव से समय, श्रम व धन की बचत होगी. आप लोग भी अपने ग्राम पंचायत से प्रस्ताव पारित कर सीधे राष्ट्रपति को भेंजें ताकि राष्ट्रपति को आपकी धारणा की जानकारी हो सके. इससे उन्हें निर्णय लेने में सुविधा होगी. इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य श्रीमती चंद्रकला ध्रुव, जिला पंचायत सदस्य अन्नू तारक, पूर्व मंडल अध्यक्ष अभनपुर अनिल अग्रवाल एवं खोरपा के मंडल अध्यक्ष किशोर साहू , जनपद सदस्य ब्रह्मानंद साहू, सरपंच ऐसकुमार साहू, गोपाल साहू, गुलाब साहू, दशरथ साहू, अशोक साहू, कमलनारायण साहू, भावेश दिवाकर, कृष्ण कुमार, राजू साहू, रूपनारायण, युवराज साहू, सरपंच परसदा रमेश वर्मा, तारिणी साहू, खेलावन साहू, टीकू यादव, ललित , मोहन साहू, महेंद्र वर्मा, जगदीश साहू, बोधन ध्रुव, गोपाल साहू, होरी लाल, घनश्याम यादव, रामकुमार हिरवानी, द्वारका हिरवानी, शत्रुघ्न सेन आदि उपस्थित हुए उपस्थित थे.

## छग में अत्याधुनिक आर्थो रोबोट करेगा जोड़ प्रत्यारोपण

**रायपुर, 11 अप्रैल।** उन्नत रोगी देखभाल की दिशा में एक अभूतपूर्व कदम उठाते हुए, रामकृष्ण केयर अस्पताल ने VELYS रोबोटिक असिस्टेड सॉल्यूशन (VRAS) आर्थोपेडिक रोबोट का शुभारंभ हुआ। यह आर्थोपेडिक रोबोट छत्तीसगढ़ का सबसे अत्याधुनिक रोबोट है जो घुटने एवं कूल्हे के जोड़ प्रत्यारोपण से पीड़ित रोगियों के लिए सर्जरी में अधिक सटीकता, छोटा चीरा एवं तेज रिकवरी व डिस्चार्ज का भरोसा देती है।

आज रामकृष्ण केयर अस्पताल में लॉन्च समारोह आयोजित किया गया, जहाँ अस्पताल के प्रख्यात आर्थोपेडिक सर्जनों की उपस्थिति में इस अत्याधुनिक



आर्थोपेडिक रोबोट का शुभारंभ किया गया। इस कार्यक्रम में रामकृष्ण केयर अस्पताल के मेडिकल एवं मैनेजिंग डायरेक्टर, डॉ. संदीप दवे के साथ डॉ. पंकज धबलिया (HOD-आर्थोपेडिक्स, ट्रामा, जोड़ प्रत्यारोपण एवं स्पोर्ट्स इन्जूरी), डॉ. अंकुर सिंघल (चीफ रोबोटिक जोड़ प्रत्यारोपण सर्जन), डॉ. प्रतीक धबलिया (रोबोटिक जोड़ प्रत्यारोपण सर्जन), डॉ. सुमन नाग (आर्थोस्कोपी एवं स्पोर्ट्स इन्जूरी), डॉ. ललित जैन (कंसल्टेन्ट आर्थोपेडिक्स) एवं हॉस्पिटल के अन्य वरिष्ठ कंसल्टेन्ट, OT टीम एवं नर्सिंग टीम उपस्थित थे। डॉ. संदीप दवे ने कहा, रोबोटिक जोड़ प्रत्यारोपण के शुभारंभ के साथ, रामकृष्ण केयर अस्पताल अपने मरीजों को बेहतर परिणाम देने में अधिक सफल रहेगा एवं हम आने वाले दिनों में चिकित्सा को और बेहतर बनाने में समर्थ रहेंगे।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26